संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, शनिवार, 04 नवंबर 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्षः 17 अंकः 295 पृष्ठः 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group



यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ एक कार्यक्रम में शामिल हुए।




# सांसों के संकट से जूझती दिल्ली

## दिल्ली में ग्रैप-3 के प्रावधान लागू, दिल्ली सरकार ने दो दिनों तक स्कूलों को बंद करने का आदेश जारी कर दिया



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली सरकार में पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बढ़ते प्रदूषण को रोकने के प्रयासों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि दिल्ली में ग्रैप-3 के प्रावधान लागू हैं। इसके तहत जो भी गतिविधियां प्रतिबंधित हैं उन्हें कड़ाई से लागू किया जाएगा। उन्होंने बढ़ते प्रदूषण के लिए पड़ोसी राज्यों को भी जिम्मेदार ठहराया। वहीं देश की राजधानी में हवा की गति कम होने के साथ ही वायु प्रदूषण बढ़ गया है। जिसको देखते हुए दिल्ली सरकार ने दो दिनों तक स्कूलों को बंद करने का आदेश जारी कर दिया है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने ट्वीट कर जानकारी दी है।

**दिल्ली में वायु प्रदूषण बढ़ने पर हाई कोर्ट ने जताई चिंता, पेड़ों की कटाई पर वन विभाग को फटकार:** दिल्ली हाई कोर्ट ने दिल्ली में वायु प्रदूषण बढ़ने पर चिंता जताई है। जस्टिस जसमीत सिंह की बेंच ने पेड़ों की कटाई पर वन विभाग को फटकार लगाई।

हाई कोर्ट ने कहा कि क्या आप चाहते हैं कि लोग गैस चैंबरों में रहें। हाई कोर्ट ने एक्यूआई के बढ़ते स्तर पर वन विभाग को फटकार लगाई। हाई कोर्ट ने पेड़ों की कटाई की अनुमति देने के लिए दिल्ली सरकार के वन विभाग को फटकार लगाई। हाई कोर्ट ने कहा कि दिल्ली के नागरिक आज वायु प्रदूषण के कारण जिस परेशानी में हैं, उसके लिए आप जिम्मेदार हैं। हाई कोर्ट ने कहा कि वन अधिकारियों में संवेदनशीलता की कमी है। इससे पहले 14 सितंबर को दिल्ली हाई कोर्ट ने कहा था कि दिल्ली में घर बनाने के लिए पेड़ों को गिराने की अनुमति नहीं दी जा सकती है। दरअसल हाई कोर्ट एक अवमानना याचिका पर सुनवाई कर रहा है, जिसमें कहा गया है कि अप्रैल में कोर्ट की ओर से पेड़ों को गिराने के पहले ट्री अफसरों को उचित वजह बताने के आदेश का पालन नहीं किया जा रहा है।

**गैस चैंबर**

8 **दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण से अस्पतालों में बढ़े मरीज, डॉक्टर घर पर ही रहने की दे रहें हैं सलाह**

# महादेव ऐप घोटाला: 'सीएम बघेल को दिए 508 करोड़'



**टीम एक्शन इंडिया/रायपुर**
**प्रवर्तन** निदेशालय ने महादेव बेटिंग एप मामले पर बड़ा दावा किया है। ईडी ने दावा करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को 508 करोड़ रुपये दिए गए हैं। अभी इस मामले में जांच जारी है। कैश कैरियर आरोपी असीम दास को ईडी ने गिरफ्तार कर लिया है। असीम ने पूछताछ में सीएम भूपेश का नाम लिया है। समाचार एजेंसी पीटीआई ने इस बात की जानकारी दी है। रिपोर्ट के मुताबिक, प्रवर्तन निदेशालय ने कहा कि दो नवंबर को ईडी को खुफिया जानकारी मिली कि 7 और 17 नवंबर, 2023 को होने वाले विधानसभा चुनावों के संबंध में महादेव एपीपी के प्रमोटरों द्वारा छत्तीसगढ़ में बड़ी मात्रा में नकदी ले जाई जा रही है। आगे कहा कि भिलाई में होटल ट्राइटन और एक अन्य स्थान पर एक कैश कूरियर असीम दास को सफलतापूर्वक रोका गया।



# वायु प्रदूषण: दिल्ली बीमार है...आफत में सांसें

## केजरीवाल सरकार चाहती है आप अपने निजी वाहनों से न चलें, गोपाल राय ने दिल्लीवासियों से की अपील

**अपील**

**8 गोपाल राय ने लोगों से अपने निजी वाहनों को छोड़कर सार्वजनिक परिवहन विकल्प चुनने की अपील की**

**टीम एक्श इंडिया/नई दिल्ली/दीपचंद्र काण्डपाल**
दिल्ली के कई क्षेत्रों में एक्यूआई का स्तर 400 से ज्यादा हो गया है, जिसे विशेषज्ञों द्वारा 'गंभीर' माना गया है। और यहां तक कि स्वस्थ व्यक्तियों के स्वास्थ्य पर भी इसका काफी हानिकारक प्रभाव पड़ सकता है। मौसम का मिजाज और पराली जलाने से लेकर निर्माण कार्य जैसे कई अन्य कारक, जहरीली हवा की गुणवत्ता के स्तर में योगदान करते हैं। लेकिन माना जाता है कि वाहनों से होने वाला उत्सर्जन भी इसके लिए बड़ा जिम्मेदार है। शुक्रवार को दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने दिल्ली के लोगों से अपने निजी वाहनों को छोड़कर सार्वजनिक परिवहन विकल्प चुनने की अपील की। उन्होंने कहा, "मैं दिल्ली के लोगों से वाहनों के कारण होने वाले प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए मेट्रो और बसों सहित सार्वजनिक परिवहन का इस्तेमाल करने की अपील करता हूं। दिल्ली में स्कूलों को आगे बंद करने का फैसला 6 नवंबर को वायु गुणवत्ता के आधार पर लिया जाएगा।" दिल्ली सरकार ने गुरुवार को बच्चों के लिए प्राथमिक स्कूलों को दो दिनों के लिए बंद कर दिया।
प्रदूषण-निगरानी एजेंसियों के अनुसार, दिल्ली की जहरीली हवा के अगले दो सप्ताह तक ऐसे ही स्थिति में रहने की संभावना है। इतना ही नहीं दिवाली के उत्सव के दौरान पटाखा फोड़ने से यह और भी खराब हो सकती है। हालांकि, अभी ध्यान वाहनों के उत्सर्जन को नियंत्रित करने पर लगता है। दिल्ली सरकार ने पड़ोसी राज्यों से राजधानी शहर में प्रवेश करने वाले प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों पर दोष मढ़ने को कोशिश की है। लेकिन सरकार पर अपनी कोई ठोस कार्य योजना नहीं होने का आरोप लग रहा है।
कई अध्ययनों से पता चलता है कि9 प्रदूषण के बढ़ते स्तर में वाहनों से होने वाला उत्सर्जन वास्तव में एक बड़ी भूमिका निभाता है। लेकिन उत्सर्जन शायद ही एकमात्र कारक है। एक बार फिर से आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला शुरू हो गया है। यह एक वार्षिक मामला है क्योंकि दिल्ली सरकार वायु विषाक्तता के मुद्दे पर केंद्र सरकार और भाजपा शासित राज्यों के साथ तीखी नोकझोंक करती है। इस बीच, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के शुक्रवार सुबह के आंकड़ों के साथ एक्यूआई





### दिल्ली सरकार अपनी गलतियों का ठीकरा किसी और पर न फोड़े: बीजेपी

**टीम एक्श इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** में जानलेवा होते प्रदूषण पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आम आदमी पार्टी को जिम्मेदार ठहराया है। शुक्रवार को भाजपा मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा कि दिल्ली सरकार अपनी गलतियों का ठीकरा किसी और पर फोड़ रही है। अरविंद केजरीवाल प्रदूषण से निपटने में नाकाम रहे हैं और दिल्ली को गैस का चैंबर बना दिया है। आम आदमी पार्टी की सरकार ने प्रदूषण से निपटने के लिए कोई कारगर उपाय नहीं किए, इसलिए अब वह इसका ठीकरा केन्द्र सरकार पर फोड़ रही है। उन्होंने कहा कि पिछले साल दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने वायु प्रदूषण से निपटने में अपनी जिम्मेदारी की बात की थी और वायु प्रदूषण की समस्या को नियंत्रित करने के लिए एक साल का समय मांगा था। अब, उन्हें दिल्ली की जनता को इस बारे में जवाब देना चाहिए। अरविंद केजरीवाल ईडी के समन से जिस तरह भागे थे, उस तरह नहीं भागना चाहिए।
गौरव भाटिया ने कहा कि स्मॉग टावर में लगे ताले पर अरविंद केजरीवाल की सरकार सफाइयां दे रही हैं लेकिन सवाल यह है कि इस पर ताला लगा ही क्यों ? और प्रदूषण से निपटने के लिए सरकार ने कोई दूसरे विकल्प क्यों नहीं तलाशे? उन्होंने कहा कि अगर आंकड़ों पर ध्यान दें तो केन्द्र सरकार ने बिना भेदभाव किए इस दिशा में सभी प्रदेशों की मदद की है। राज्यों के साथ कई बैठकें की हैं। इस दिशा में पंजाब सरकार को केन्द्र ने 1347 करोड़ रुपये की सहायता प्रदान की है। हरियाणा को 653 करोड़ रुपये की सहायता दी है। उन्होंने कहा कि सरकार के प्रयासों से हरियाणा में पराली जलाने की घटनाओं में कमी आई है लेकिन पंजाब में पराली जलाने के मामले 45 फीसदी बढ़ गए। केन्द्र सरकार ने पंजाब को बायो डिकंपोजर भी उपलब्ध कराए थे। दिल्ली की हवाओं में जहर घोलने का सबसे बड़ा कारण पंजाब में पराली जलाने से हो रहा है। इसलिए आम आदमी पार्टी को, मंत्री गोपाल राय को अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करना चाहिए।

### बीमार लोग बरतें सावधानी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**वायु** प्रदूषण के कारण वैसे तो कई प्रकार की स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं, पर इसका सबसे गंभीर असर श्वसन स्वास्थ्य पर देखा जाता रहा है। वायु प्रदूषकों में सांस लेने से आपके वायुमार्ग में जलन हो सकती है इसके अलावा सांस लेने में तकलीफ, खांसी, घरघराहट, अस्थमा के अटैक और सीने में दर्द का भी खतरा रहता है। वायु प्रदूषण के लंबे समय तक संपर्क में आने से आपको फेफड़ों के कैंसर, दिल के दौरे, स्ट्रोक जैसी जानलेवा समस्याएं भी हो सकती हैं।
**डायबिटीज और हृदय रोगी भी रहें अलर्ट:** फेफड़ों के अलावा वायु प्रदूषण उन लोगों के लिए भी गंभीर समस्याकारक है जिनको पहले से डायबिटीज या हृदय रोगों की समस्या रही है।

# बीच-बचाव कराने पर खूनी खेल

## 12वीं के छात्र का गला रेता... हमला होते ही गर्दन से फूटा खून का फव्वारा



**टीम एक्श इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के बुराड़ी में रास्ते में झगड़ा कर रहे लड़कों में बीच-बचाव कराना 12वीं कक्षा के छात्र को महंगा पड़ गया। आरोपी लड़कों ने छात्र का गला रेत दिया। हमले में घायल हिमांशु (17) के गले से खून का फव्वारा फूट पड़ा और वह अचेत हो गया। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। थाना प्रभारी मौके पर पहुंच गए। घायल को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार नहीं हुआ तो थाना प्रभारी अपनी गाड़ी से उसे एलएनजेपी अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां समय पर इलाज मिलने से जान बच गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पीड़ित हिमांशु का कहना है कि आरोपी उसी के स्कूल के छात्र हैं। छात्रों के दो गुटों में पहले से झगड़ा चल रहा था। पुलिस के मुताबिक, हिमांशु बुराड़ी की सुनील कॉलोनी में रहता है। वह बुराड़ी स्थित सर्वोदय विद्यालय में 12वीं कक्षा का छात्र है। वह दोपहर की पाली में पढ़ता है। छुट्टी के बाद वह घर लौट रहा था। इस बीच रास्ते में उसने देखा कि उसके स्कूल के कुछ लड़के आपस में झगड़ा कर रहे हैं। हिमांशु बीचबचाव कराने लगा। इस दौरान कुछ लड़कों ने उसे ही पकड़ लिया और उसके गले पर पीछे की ओर से धारदार हथियार से हमला कर दिया। बाद में सभी आरोपी फरार हो गए। हिमांशु गिरकर बेहोश हो गया। मामले की सूचना पुलिस को दी गई।

**जान बच गई**

**8 हमले में घायल हिमांशु (17) के गले से खून का फव्वारा फूट पड़ा और वह अचेत हो गया**

**बुजुर्ग को बहू व पोते ने डंडे से पीटा:** डाबरी में 83 साल के बुजुर्ग महा सिंह को उनकी बहू और पोते ने डंडे से पीटा। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पीड़ित सेना से सेवानिवृत हैं। वह महावीर नगर एंक्लेव की चार मंजिला इमारत के भूतल पर पत्नी संग रहते हैं। उनके तीन बेटे व एक बेटी है।

# 19 साल पुराने मामले में मंत्री के घर ईडी की 22 घंटे तक छापेमारी'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली सरकार में मंत्री राजकुमार आनंद के घर ईडी की छापेमारी को लेकर शिक्षा मंत्री आतिशी ने केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि केंद्र की बीजेपी सरकार उन्हें परेशान कर रही है। यह भाजपा का षडयंत्र है और इससे हम डरनेवाले नहीं हैं।
उन्होंने कहा कि केंद्र की बीजेपी सरकार ने कल सुबह 5 बजे राज कुमार आनंद के घर एक 19 साल पुराने मामले में छापेमारी करवाई है। यह छापा 22 घंटे तक पड़ता रहा। इनके रिश्तेदार और इनके साथ काम करने वाले कारोबारियों के यहां छापे पड़े हैं।
**हमें भी डीआरआई का नोटिस मिला:** उन्होंने कहा कि 2005 में हम लोग व्यापार करते थे। उस समय मुझे उस समय राजस्व जांच निदेशालय (डीआरआई) का नोटिस मिला था। हम लोग सुप्रीम कोर्ट गए थे। अभी भी यह मामला सुप्रीम कोर्ट में है। आज तक कोई इसको लेकर बात नहीं हुई है। मगर 19 साल बाद अचानक ईडी की छापेमारी कर दी गई और 22 घंटे तक छापेमारी हुई।





**बीजेपी के खिलाफ बोलने परेशान किया जा रहा:** उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार इन जांच एजेंसियों की मदद से सभी नेताओं को परेशान किया जा रहा है। उन्हें कुछ नहीं मिला। घर में सभी गद्दे को फाड़ दिया गया। यह सब पॉलिटिकल मामला है। जो भी भाजपा के खिलाफ बोलेगा, उसके यहां छापेमारी होगी और उसे परेशान किया जाएगा।

**साधा निशाना**

**8 केंद्र की बीजेपी सरकार उन्हें परेशान कर रही है। यह भाजपा का षडयंत्र है और इससे हम डरनेवाले नहीं हैं**

### गिरफ्तारी गैर कानूनी बताते हुए संजय ने सुप्रीम कोर्ट में दायर की याचिका

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
शराब घोटाला मामले में अपनी गिरफ्तारी के खिलाफ आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट पहुंचे। संजय सिंह ने अपनी गिरफ्तारी को गैरकानूनी बताते हुए याचिका दायर की है। 4 अक्टूबर को संजय सिंह की गिरफ्तारी हुई थी। 20 अक्टूबर को दिल्ली हाई कोर्ट ने उनकी याचिका खारिज की थी। हाई कोर्ट ने कहा था कि कानून के आधार पर ही गिरफ्तारी हुई है। जांच एजेंसी पर राजनीति के आधार पर काम करने का आरोप नहीं लगाया जा सकता। हाई कोर्ट में सुनवाई के दौरान ईडी की ओर से पेश एएसजी एसवी राजू ने संजय सिंह की याचिका का विरोध करते हुए कहा था कि जांच-पड़ताल के बाद ही कानूनी प्रक्रिया के तहत संजय सिंह की गिरफ्तारी हुई है।

# दीपावली पर 3.5 लाख करोड़ से ज्यादा के कारोबार का अनुमान

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**कन्फेडरेशन** ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने इस साल दीपावली पर देशभर के बाजारों में 3.5 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का व्यापार होने का अनुमान लगाया है। अकेले राजधानी दिल्ली में ही इस सीजन में 35 हजार करोड़ रुपये से अधिक का व्यापार होने की संभावना जताई गई है। कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीण खंडेलवाल ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि नवरात्रि से शुरू हुए दीपावली के त्योहारी सीजन में दिल्ली सहित देशभर के बाजारों में ग्राहकों की बढ़ती संख्या से व्यापारियों में बड़ा उत्साह है। करवाचौथ के बाद दीपावली की खरीदारी के लिए ग्राहक बाजारों का रुख करने लगे है। ऐसे में कैट को इस बार दीपावली पर 35 हजार करोड़ रुपये से अधिक का व्यापार होने का अनुमान है। खंडेलवाल ने



कहा कि हाल ही में केंद्र और राज्य सरकारों ने कर्मचारियों को बोनस देने की घोषणा की है। निजी क्षेत्र की कंपनियों के भी अपने कर्मचारियों को दीपावली का बोनस एवं अन्य इंसेंटिव देने से दीपावली के त्योहारी सीजन के दौरान बाजारों में मांग में निश्चित रूप से वृद्धि होगी। कैट महामंत्री ने कहा कि महीने की शुरूआत में ही दीपावली एवं अन्य त्योहार के पड़ने से ग्राहकों की जेब में खर्च करने के लिए पर्याप्त मात्रा में धनराशि होगी, जो खरीदारी के जरिए बाजारों में आएगी। इससे व्यापार एवं अर्थव्यवस्था में बड़े स्तर पर वित्तीय तरलता आएगी। कैट महामंत्री ने बताया कि एक अनुमान के मुताबिक दीपावली पर 3.5 लाख करोड़ रुपये के अनुमानित व्यापार में लगभग 13 फीसदी खाद्य एवं किराना, 9 फीसदी ज्वेलरी आइटम, 12 फीसदी वस्त्र एवं गारमेंट, 4 फीसदी ड्राई फ्रूट, मिठाई एवं नमकीन, 3 फीसदी घर की साज सज्जा, 6 फीसदी कास्मेटिक्स, 8 फीसदी इलेक्ट्रॉनिक्स एवं मोबाइल, 3 फीसदी पूजन सामग्री, 3 फीसदी बर्तन तथा रसोई उपकरण, 2 फीसदी कॉन्फेक्शनरी एवं बेकरी, 8 फीसदी गिफ्ट आइटम्स, 4 फीसदी फर्निशिंग एवं फर्नीचर एवं शेष 20 फीसदी राशि ऑटोमोबाइल, हार्डवेयर, इलेक्ट्रिकल, खिलौने सहित अन्य वस्तुओं और सेवाओं पर ग्राहकों द्वारा खर्च किए जाने का अनुमान है।

**संभावना**

**8 अकेले राजधानी दिल्ली में ही इस सीजन में 35 हजार करोड़ रुपये से अधिक का व्यापार होने की संभावना जताई गई**

# बदला लेने के लिए शख्स ने देवी-देवताओं की अश्लील तस्वीरें इंटरनेट पर डाली

**टीम एक्श इंडिया/नई दिल्ली**
**इंटरनेट** पर हिंदू देवी-देवताओं की आपत्तिजनक तस्वीरें ऑनलाइन बेचने के मामले में दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल की आईएफएसओ यूनिट ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। बता दें, दिल्ली महिला आयोग ने 29 अक्टबूर को पुलिस को नोटिस जारी कर मामले में एफआईआर दर्ज करने की मांग की थी। दिल्ली पुलिस ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए इंस्पेक्टर अवधेश के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। वहीं एसीपी विजय गहलावत के नेतृत्व में साइबर एक्सपर्ट की टीम इसमें मदद कर रही थी।
प्रारंभ में यह जानकारी सामने आई कि राहुल कुमार नाम का शख्स इस तरह की आपत्तिजनक तस्वीरें पोस्ट कर रहा है। उसने तस्वीरों के बदले रुपये पाने के लिए अपने बैंक अकाउंट की डिटेल्स भी दे रखी थी। संदिग्ध का लोकेशन बिहार के दरभंगा जिले में मिला।
जांच के बाद उसकी इस मामले में कोई भूमिका नहीं पाई गई। इसमें यह सामने आया कि कोई अन्य शख्स मामले में उसके नाम का इस्तेमाल कर रहा था। आरोपी इसके लिए काफी चतुराई से अपनी गतिविधियां चला रहा था।

**काबू किया**

**8 तस्वीरों के बदले रुपये पाने के लिए अपने बैंक अकाउंट की डिटेल्स भी दे रखी थी, आरोपी गिरफ्तार**

# दिल्ली वाली गर्लफ्रेंड का बदला: टैटू से पकड़ा लुटेरा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दक्षिण-पूर्व** जिला के गोविंदपुरी इलाके में इवेंट मैनेजमेंट कंपनी में लूट की गुत्थी को पुलिस ने हाथ में बने टैटू की मदद से सुलझा लिया है। पुलिस ने इस संबंध में मोदी नगर, गाजियाबाद निवासी चार युवकों को गिरफ्तार किया है। इवेंट मैनेजमेंट कंपनी के मालिक ने मुख्य आरोपी की गर्लफ्रेंड की फोटो सोशल मीडिया पर अपलोड कर दी थी।
**टैटू से हुई आरोपी की पहचान:** आरोपियों की पहचान मुख्य आरोपी विपुल, जयवर्धन, विजय और सुमित के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों के पास से वारदात में इस्तेमाल खिलौना पिस्टल और कार भी बरामद की है। सोशल मीडिया पर मिली पिक्चर और टैटू की मदद से विपुल की पहचान हुई और पुलिस उस तक पहुंची।



**इवेंट मैनेजमेंट कंपनी में की थी लूट:** दक्षिण-पूर्व जिला के पुलिस उपायुक्त राजेश देव ने बताया कि 26 अक्तूबर को हथियारबंद बदमाश गोविंदपुरी में इवेंट मैनेजमेंट के दफ्तर में हथियार लेकर घुस गए। नकाबपोश बदमाशों ने रियाज के अलावा उसकी टीम की छह लड़कियों से एक मोबाइल फोन, दो सोने की अंगूठियां और 14 हजार कैश लूट लिया गया। इसके बाद भी आरोपियों ने रियाज पर और रुपये देने का दबाव बनाया।
**इवेंट मैनेजमेंट कंपनी के मालिक के घर पहुंच गए थे बदमाश:** दो आरोपी फरीदाबाद स्थित रियाज के घर पहुंचे। वहां आरोपियों ने उसकी पत्नी से 70 हजार रुपये लिए। इतनी देर तक दफ्तर में मौजूद आरोपियों ने सभी को बंधक बनाकर रखा। रुपये मिलने के बाद आरोपी फरार हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू की।
**इवेंट मैनेजमेंट कंपनी मालिक का बयान:** पूछताछ के दौरान रियाज ने बताया कि एक आरोपी के हाथ में त्रिशूल का टैटू बना था। इसके बाद वारदात में बदमाशों ने एक स्विफ्ट कार का इस्तेमाल किया था। सीसीटीवी से पड़ताल के बाद कार का नंबर फर्जी निकला। जांच में पता चला कि जिस कार से लूट हुई, उसमें कंपनी में काम करने वाली एक लड़की अक्सर घूमती है। लड़की का सोशल मीडिया अकाउंट खंगालने पर त्रिशूल वाला लड़का मिल गया।

**कार्रवाई**

**8 नशीली दवाओं के रूप में सांपों का जहर देने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की वकालत की है**

# 'रेव पार्टियों में सांप का जहर देने वालों को जेल भेज देना चाहिए'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) की सांसद और पीपल फॉर एनिमल्स की संस्थापक मेनका गांधी ने रेव पार्टियों में नशीली दवाओं के रूप में सांपों का जहर देने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की वकालत की है। उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों को जेल भेज देना चाहिए। शुक्रवार को उत्तर प्रदेश में सांपों का जहर देने के मामले यूट्यूबर एल्विश यादव के खिलाफ कार्रवाई पर प्रतिक्रिया देते हुए मेनका गांधी ने कहा कि करीब एक हफ्ते पहले उत्तर प्रदेश के मथुरा में छापेमारी की गई थी, जहां 8 लोगों के पास 8 सांप पाए गए थे। लोगों ने खुलासा किया कि वे एक गिरोह का हिस्सा थे, जो रेव पार्टियों में नशीली दवाओं के रूप में सांप के जहर की आपूर्ति करते थे। इस गिरोह के सदस्यों ने (एल्विश) यादव के नाम का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि सांप के जहर की आपूर्ति करने के लिए इस गिरोह से संस्था ने संपर्क किया। इस कार्रवाई में 11 सांपों को बचाया गया और सांप का जहर भी बरामद किया गया। इन सभी लोगों को जेल जाना चाहिए।

**मांग**

**8 नशीली दवाओं के रूप में सांपों का जहर देने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की वकालत की है**

# अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी: पुरानी पेंशन को लेकर रामलीला मैदान में चेतावनी रैली में कर्मचारियों ने रखी मांग

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**'पुरानी पेंशन'** बहाली सहित कई दूसरी मांगों को लेकर शुक्रवार को दिल्ली के रामलीला मैदान में सरकारी कर्मियों ने चेतावनी रैली आयोजित की। इससे पहले ओपीएस की मांग पर बड़ी दो रैलियां हो चुकी हैं। कॉन्फेडरेशन ऑफ सेंट्रल गवर्नमेंट एंप्लाइज एंड वर्कर्स के बैनर तले आयोजित हुई इस रैली में ऑल इंडिया स्टेट गवर्नमेंट एंप्लाइज फेडरेशन सहित करीब 50 कर्मचारी संगठनों हिस्सा लिया। कर्मियों का कहना था कि केंद्र सरकार को ओपीएस सहित दूसरी मांगों पर सकारात्मक विचार करना होगा। अगर केंद्र सरकार, एनपीएस की समाप्ति और ओपीएस की बहाली जैसी अन्य मागें नहीं मानती है, तो कर्मचारी, अनिश्चितकालीन हड़ताल जैसा कठोर कदम भी उठा सकते हैं।
**'आठवें वेतन आयोग का गठन करना होगा:** कॉन्फेडरेशन ऑफ सेंट्रल गवर्नमेंट एंप्लाइज एंड वर्कर्स के महासचिव एसबी यादव ने कहा, केंद्र सरकार में रिक्त पदों को नियमित भर्ती के जरिए भरना, निजीकरण पर रोक, आठवें वेतन आयोग का गठन और कोरोनाकाल में रोके गए 18 महीने के डीए का एरियर जारी करना, ये बातें भी कर्मचारियों की मुख्य मांगों में शामिल हैं। सरकारी कर्मचारियों की लंबित मांगों को लेकर पिछले साल से ही चरणबद्ध तरीके से प्रदर्शन किए जा रहे हैं। दिसंबर 2022 को दिल्ली के तालकटोरा इंडोर स्टेडियम में कर्मियों के ज्वाइंट नेशनल कन्वेंशन के घोषणा पत्र के मुताबिक, कर्मचारियों की मुहिम आगे बढ़ाई जा रही है। राज्यों में भी कर्मियों की मांगों के लिए





सम्मेलन/सेमीनार और प्रदर्शन आयोजित किए गए हैं। अब इस कड़ी में दिल्ली के रामलीला मैदान में रैली आयोजित की गई है। इस रैली में देश के विभिन्न हिस्सों से सरकारी कर्मियों ने हिस्सा लिया।
**'पीएफआरडीए एक्ट में संशोधन किया जाए':** लिहाजा इस रैली की मुख्य मांगों में पीएफआरडीए एक्ट में संशोधन करना या उसे पूरी तरह खत्म करना भी शामिल था, इसलिए रामलीला मैदान में इस बाबत पोस्टर और बैनर लगाए गए थे। उन पर लिखा था कि सरकार, पीएफआरडीए और एफएसईटीओ को वापस ले। कर्मचारी संगठनों के नेताओं का कहना था कि जब तक इस एक्ट को खत्म नहीं किया जाता, तब तक विभिन्न राज्यों में लागू हो रही ओपीएस की राह मुश्किल ही बनी रहेगी। वजह, एनपीएस के तहत कर्मियों का जो पैसा कटता है, वह पीएफआरडीए के पास जमा है। केंद्र सरकार, कह चुकी है कि वह पैसा राज्यों को नहीं लौटाया जाएगा। ऐसे में जहां भी ओपीएस लागू हो रहा है, वहां पर सरकार बदलते ही दोबारा से एनपीएस लागू किया जा सकता है। ऐसे में राज्यों द्वारा की जा रही ओपीएस बहाली में कई पेंच फंसे रहेंगे। कर्मचारी नेताओं ने कहा, केंद्र और राज्यों के जिस विभाग में अनुबंध पर या डेली वेजेज पर कर्मचारी हैं, उन्हें अविलंब नियमित किया जाए। निजीकरण पर रोक लगे और सरकारी उपक्रमों को नीचे करने की सरकार की मंशा बंद हो। डेमोक्रेटिक ट्रेड यूनियन के अधिकारों का पालन सुनिश्चित हो। राष्ट्रीय शिक्षा कार्यक्रम का त्याग किया जाए और आठवें वेतन आयोग का गठन हो। 'पुरानी पेंशन' के मुद्दे पर केंद्र और राज्यों के सरकारी कर्मचारी लामबंद हो रहे हैं। दिल्ली का रामलीला मैदान, पुरानी पेंशन के लिए सरकारी कर्मियों की लड़ाई का गवाह बन रहा है। तीन बड़ी रैलियों के बाद 10 दिसंबर को ऑल इंडिया एनपीएस एंप्लाइज फेडरेशन द्वारा 'पेंशन जयघोष महारैली' की जाएगी।

# युवा पीढ़ी को संस्कारवान बना रहे गुरुकुल: राज्यपाल दत्तात्रेये

## गुरुकुल के वार्षिक समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे हरियाणा के राज्यपाल

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** गुरुकुलों की श्रृखला के माध्यम से आचार्य देवव्रत जी युवा पीढ़ी को संस्कारवान बनाकर न केवल समाज में नई जागृति लाने का सराहनीय कार्य कर रहे हैं अपितु उनके गुरुकुल के ब्रह्मचारी एन.डी.ए, आई.आईटी., एनआईटी. नीट जैसे महत्त्वपूर्ण परीक्षाओं में अव्वल नंबर लेकर अपने सुनहरे भविष्य की ओर कदम बढ़ा रहे हैं। उक्त शब्द आज गुरुकुल कुरुक्षेत्र के 111वें वार्षिक महोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहे। उन्होंने कहा कि गुरुकुल कुरुक्षेत्र के वर्तमान स्वरूप के पीछे यदि किसी व्यक्ति की दूरदर्शी सोच और दृढ़ इच्छाशक्ति कार्य कर रही है तो वह आचार्य देवव्रत जी है क्योंकि उन्होंने अपने जीवन के महत्त्वपूर्ण 35 वर्ष इस गुरुकुल को फर्श से अर्श तक पहुंचाने



में अर्पण कर दिये। उनके कुशल मार्गदर्शन में आज गुरुकुल कुरुक्षेत्र देशभर के शिक्षण संस्थानों के लिए प्राचीन एवं आधुनिक शिक्षा पद्धति का अनुपम उदाहरण बना हुआ है। समारोह की अध्यक्षता गुजरात के राज्यपाल आचार्य श्री देवव्रत जी ने की जबकि समारोह में आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा के प्रधान सेठ राधाकृष्ण आर्य, गुरुकुल के प्रधान राजकुमार गर्ग, निदेशक ब्रिगेडियर डॉ. प्रवीण कुमार, प्राचार्य सुबे प्रताप, व्यवस्थापक रामनिवास आर्य, मुख्य संरक्षक संजीव आर्य, आचार्य दयाशंकर सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। मंच का सफल संचालन रवि शास्त्री द्वारा किया गया। राज्यपाल दत्तात्रेय जी ने कहा कि आर्य समाज के संस्थापक स्वामी

**महोत्सव**

**8 गुरुकुल के एक-एक बच्चे के सर्वांगीण विकास के लिए समय-समय पर अधिकारियों, अध्यापकों से होती है चर्चा**

दयानन्द सरस्वती जी ने सर्वप्रथम स्वराज का उद्घोष किया और वे स्व-शिक्षा के सबसे बड़े पक्षधर थे। उन्हीं के मानसपुत्र स्वामी श्रद्धानन्द ने गुरुकुलीय शिक्षा पद्धति को पुनर्स्थापित करते हुए कई गुरुकुलों का निर्माण किया और फिर से वैदिक सभ्यता एवं संस्कृति का प्रचार-प्रसार किया। समारोह में गुरुकुल के ब्रह्मचारियों द्वारा प्रस्तुत किये गये मल्लखम्भ, योगासन, सूर्य नमस्कार, जिन्मास्टिक, कल्लरी आदि कार्यक्रमों की मुक्तकंठ से सराहना, साथ ही महोत्सव में आमंत्रित करने के लिए गुरुकुल प्रबंधन सहित आचार्य देवव्रत जी का आभार व्यक्त किया और अपने स्वैच्छिक कोष से गुरुकुल को 25 लाख की प्रोत्साहन राशि भेंट करने की घोषणा की। गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने कहा कि गुरुकुल में बच्चों को संस्कार, अनुशासन और नैतिक शिक्षा का ऐसा पाठ पढ़ाया जाता है जिससे वे बुढ़ापे में अपने माता-पिता के लिए संबल बने, उनके बुढ़ापे की लाठी बने। हर अभिभावक यह चाहता है कि उनकी आने वाली पीढ़ी उन्नत संस्कारवान बनें, राज्यपाल पद की जिम्मेदारी होने के बावजूद गुरुकुल के एक-एक बच्चे के सर्वांगीण विकास के लिए समय-समय पर गुरुकुल के अधिकारियों, अध्यापकों से चर्चा होती है।

# लेन ड्राईविंग नियमों की उल्लघंन करने पर किए 36 वाहनों का चालान

**जुर्माना**

**8 02 को 36 भारी वाहनों के चालान किए और अब तक बीते 536 दिनों में 26787 भारी वाहनों का हुआ चालान**

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** पुलिस अधीक्षक अम्बाला जशनदीप सिंह रंधावा द्वारा 25 अप्रैल 2022 को सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने, वाहनों के सुचारू-रूप से आवागमन हेतू भारी वाहन व गति प्रतिबन्धित (निर्धारित गति सीमा) वाहन के लिए लेन ड्राईविग (बाँई लेन) निर्धारित करने व बाँई लेन में चलने हेतू वाहन चालकों को जागरूक कर आवश्यक कार्यवाही करने हेतू पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों की गोष्ठी बुलाई गई थी। गोष्ठी में उपस्थित पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों को निर्देश



दिए थे कि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए यातायात के नियमों की पालना दृढ़ता से करवाई जाए। मोटर वाहन अधिनियम-2017 की धारा 4 के भाग 5 के अन्तर्गत निर्धारित गति सीमा व बाँई लेन में ना चलकर नियमों की उल्लघंना करने पर 02 नवम्बर 2023 को 36 भारी वाहनों के चालान किए और अब तक बीते 536 दिनों में 26787 भारी वाहनों के चालान किए जा चुके है।

**पुलिस अधीक्षक अम्बाला ने उप**-पुलिस अधीक्षक, यातायात अम्बाला व प्रबन्धक थाना यातायात को निर्देश दिए थे कि आप मोटर वाहन अधिनियम-2017 की धारा 4 के भाग 5 अन्तर्गत सुनिश्चित करेंगे कि प्रत्येक भारी वाहन व गति प्रतिबन्धित वाहन अपनी निर्धारित गति सीमा में बाँई लेन में चले जिससे सड़क सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके और ओवरटेक करते समय किसी भी वाहन चालक को कठिनाई का सामना ना करना पड़े और सड़क हादसों से बचा जा सके। यदि कोई भी वाहन चालक मोटर वाहन अधिनियम-2017 की धारा 4 के भाग 5 के अन्तर्गत निर्धारित गति सीमा व बाँई लेन में ना चलकर नियम की उल्लघंना करता है तो उसका

# एडीआर सैंटर में 9 को होगा लीगल डे का आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**जिला** एवं सत्र न्यायधीश व अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कंचन माही के निर्देशानुसार एडीआर सैंटर, अम्बाला जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अम्बाला द्वारा एडीआर सैंटर, अम्बाला में 9 नवंबर 2023 को लिगल डे आयोजित किया जायेगा, इस संबध में एडीआर सैंटर में एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सभी पैरालिगल वालंटियर्स, पैनल अधिवक्ताओं, मिडएटरस और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सभी कर्मचारियों ने भाग लिया। इस अवसर पर जिला एवं सत्र न्यायधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुश्री कंचन माही व अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायधीश संजय संधीर भी मौजूद रहे। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम

**प्रकाश डाला**

**8 जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अम्बाला द्वारा प्रदान की गई विभिन्न सेवाओ पर प्रकाश डाला**

सौरभ गुप्ता ने बताया की नवंबर 2022 से अक्तूबर 2023 की समय अवधि में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अम्बाला द्वारा प्रदान की गई विभिन्न सेवाओ पर प्रकाश डाला। उन्होने बताया कि नवंबर 2022 से अक्तूबर 2023 की समय अवधि में 1795 लोगो को मुफत सरकारी वकील दिए गए, मिडएटरस को 1239 मुकदमे दिए गए जिसमें 133 मुकदमो का निपटारा किया गया, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अम्बाला द्वारा मुफत कानूनी सहायता देते हुए 13 अपील

# एनआईआरएफ रैंकिंग प्राप्त करने के लिए पैरामीटर पर की चर्चा

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** आज स्थानीय भगवान परशु राम कॉलेज में केन्द्रीय विश्वविद्यालय, राजस्थान के फार्मास्यूटिकल विभाग के वरिष्ठ प्रोफेसर एवं रजिस्ट्रार डॉ. विपिन कुमार ने महाविद्यालय में आयोजित संगोष्ठी में अपने वक्तव्य में शैक्षिक संस्थाओं के लिए एनआईआरएफ रैंकिंग को प्राप्त करने के लिये उसके महत्व और उसके विभिन्न पैरामीटरस को लेकर विस्तृत चर्चा की। इस अवसर पर बोलते हुए उन्होंने देश में विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं में एनआईआरएफ की विभिन्न फ्रेम विधियों पर प्रकाश डाला जिसमें मुख्यतः टीचिंग



लर्निंग संस्थानों, अनुसंधान और व्यवसायिक अभ्यास पर विशेष बल दिया। इस अवसर पर उन्होंने शैक्षणिक संस्थान को अच्छी एवं उत्कृष्ट एनआईआरएफ रैंकिंग कैसे प्राप्त की जाये, उनकी आवश्यकता एवं विधियों पर कॉलेज के शिक्षकों से गहन विचार-विमर्श किया।

इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्य प्रो. शीश पाल ने मुख्य वक्ता का अभिनंदन किया। इस अवसर पर आई.क्यू.ए.सी. के को-आर्डिनेटर डॉ. हीराल लाल शर्मा, नैक के विभिन्न क्राइटेरिया के संयोजक डॉ. सुरेश कुमार, डॉ. प्रवीन शर्मा, डॉ. सुरेश पाराशर, डॉ. सरिता राय, डॉ. रमा शर्मा, डॉ. नीरज वशिष्ठ, प्रो. कर्मजीत सिंह, डॉ. माला राम बंसल, डॉ. नंद किशोर, डॉ. सुषमा, डॉ. सतीश एवं श्रीमती मालविका आदि उपस्थित रहे।

# जनता ने बनाई अमित शाह की रैली से दूरी: मलौर

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** हरियाणा की जनता ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को 2024 के चुनावों में भाजपा के विरुद्ध अपने मंसूबों से अवगत करवा दिया है।करनाल में केंद्रीय मन्त्री के स्वागत के लिये खट्टर सरकार द्वारा अपनी पूरी ताकत झोंक देने के बावजूद हरियाणा के लोगों ने इस कार्यक्रम से दूरी बना कर रखी और मुख्यमंत्री को अपनी इज्जत बचाने के लिये स्कूली बच्चे और



सरकारी कर्मचारी बुलाने पड़े ।सरकार के इन प्रयासों के बावजूद भी कार्यक्रम सफल नही हो पाया और अंत ताज पंडाल नही भरा। पूर्व विधायक एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य जसबीर मलौर गृह मंत्री के कार्यक्रम पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की है।

मुख्यमंत्री और भाजपा नेताओं के पास 9 वर्ष के कार्यकाल की एक भी ऐसी उपलब्धि नहीं है जो जनता के सामने बता सके।

# धर्मनगरी को अपराध-मुक्त बनाना पुलिस की प्राथमिकता: सुरेन्द्र सिहं भोरिया

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
कुरुक्षेत्र पुलिस ने पुलिस अधीक्षक श्री सुरेन्द्र सिहं भोरिया के कुशल नेतृत्व व मार्गदर्शन में कारवाई करते हुए वर्ष 2023 के प्रथम दस माह के दौरान अपराधों पर अंकुश लगाने मे कामयाब रही है। जिला पुलिस ने 10 माह में विभिन्न अपराधो में शामिल अपराधियों को पकड़ने में कामयाबी हासिल की है। पुलिस अधीक्षक श्री सुरेन्द्र सिहं भोरिया ने बताया कि अपराध व अपराधियों पर नकेल कसने के साथ ही पुलिस टीम ने दस माह के दौरान मादक पदार्थ अधिनियम के तहत 186 मुकदमें दर्ज कर 352 आरोपियों को लाखों रूपए के मादक पदार्थ सहित गिरफ्तार कर आरोपियों को जेल भेजा गया। आरोपियों से 76 किलो 346 ग्राम अफीम, 42 किलो 561 ग्राम गांजा, 14 क्विंटल 19 किलो 480 ग्राम चूरापोस्त, 02 किलो 138 ग्राम चरस, 369 ग्राम 176 मिलीग्राम स्मैक, 592 ग्राम 889 मिलीग्राम हैरोइन तथा 3736 नशीली गोलियां व 7 बोतल सीरप बरामद की गई। इसी अवधि के दौरान आबकारी अधिनियम के तहत अवैध शराब तस्करी के 473 मुकदमें दर्ज कर 491 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों से लाखों रूपए की 3958 बोतल ठेका देसी शराब, 9326 बोतल अंग्रेजी शराब, 119 बोतल अवैध शराब, 07 बोतल बीयर व 630 लीटर लाहन तथा 02 चलती भट्ठी बरामद करके आरोपियों को जेल भेजा गया।

# जनसंवाद में 2 घंटे देरी से पहुंचने पर डीईओ और बीईओ को कार￾बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश

**सख्ती**

**8 अधिकारी जनसंवाद कार्यक्रमों को गंभीरता से ले, क्योंकि यह प्रदेश की महत्वाकांक्षी योजना है**



**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र(दलबीर मलिक)**
हरियाणा की महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री कमलेश ढांडा ने गांव समसपुर के जनसंवाद कार्यक्रम में 2 घंटे देरी पहुंचने पर शिक्षा विभाग के अधिकारियों के खिलाफ कड़ा संज्ञान लिया। इस जनसंवाद कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी व खंड शिक्षा अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अधिकारी जनसंवाद कार्यक्रमों को गंभीरता से ले, क्योंकि यह कार्यक्रम प्रदेश की महत्वाकांक्षी योजना है और मुख्यमंत्री स्वयं जनसंवाद कार्यक्रमों की निगरानी और शिकायतों की समीक्षा कर रहे है।

हरियाणा की महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री कमलेश ढांडा शुक्रवार को थानेसर हल्का के विभिन्न गांवों में जनसंवाद कार्यक्रमों में लोगों की समस्या सुन रही थी। इससे पहले राज्यमंत्री कमलेश ढांडा ने गांव समसपुर, मुंडा खेड़ी, घराड़सी, हथीरा व किरमच में जनसंवाद कार्यक्रमों के दौरान लोगों की समस्याओं का निवारण कर रही थी। इन सभी 5 गांवों में राशन कार्ड, पेंशन, परिवार पहचान पत्र, बिजली बिल से जुड़ी समस्याओं के निदान के लिए एसडीएम को विशेष शिविर लगाने के निर्देश दिए है। इस जनसंवाद कार्यक्रम में 2 घंटे देरी से पहुंचने पर जिला शिक्षा अधिकारी व खंड शिक्षा अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के भी निर्देश दिए गए है। राज्यमंत्री के समक्ष जब गांव समसपुर में शिक्षा विभाग से संबंधित शिकायत आई तो मौके पर शिक्षा विभाग के अधिकारी ना होने पर कड़ा संज्ञान लिया गया। उन्होंने डीईओ और बीईओ के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए है। राज्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल का संकल्प आमजन के जीवन में सरलता लाना है। इस विषय को जहन में रखते हुए बिचौलिया तंत्र को समाप्त करने और सरकारी योजनाओं तथा सेवाओं को पारदर्शी तरीके से आमजन तक पहुंचाने का काम प्रदेश सरकार द्वारा किया जा रहा है। जिसके कारण आमजन संतुष्ट नजर आ रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार और मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने आजादी के बाद प्रदेश में बड़े बदलाव लाए है।

# किडजी किड्स प्लेनेट प्रेम पब्लिक स्कूल में सैंडविच डे मनाया

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
किडजी किड्स प्लेनेट प्रेम पब्लिक स्कूल सैक्टर:3 में सैंडविच डे मनाया गया। सभी विद्यार्थी टिफिन में अलग-अलग तरह के सैंडविच लेकर आए। छोटे-छोटे विद्यार्थियों ने अध्यापिकाओं के सहयोग से सैंडविच बनाए तथा खाए। विद्यार्थियों को बताया गया कि 3 नवंबर 1762 को सैंडविच नाम दिया गया था।इसका नाम सैंडविच जगह के नाम पर पड़ा। सैंडविच साउथ ईस्ट इंग्लैंड में है।
वर्ल्ड सैंडविच डे की शुरूआत सैंडविच के चौथे अर्ल जॉन मोंटागु से हुई थी, जिन्होंने ब्रेड के



स्लाइस के बीच फिलिंग डालने की अवधारणा को लोकप्रिय बनाया। वर्ल्ड सैंडविच डे की शुरूआत सैंडविच के चौथे अर्ल

**कला**

**8 छोटे-छोटे विद्यार्थियों ने अध्यापिकाओं के सहयोग से सैंडविच बनाए तथा खाए**

जॉन मोंटागु से हुई थी, जिन्होंने ब्रेड के स्लाइस के बीच फिलिंग डालने की अवधारणा को लोकप्रिय बनाया।

इसका उद्देश्य भोजन की दुनिया में सैंडविच द्वारा प्रदान की जाने वाली सुविधा, बहुमुखी प्रतिभा और रचनात्मकता को उजागर करना है।

# पेंशन संबंधी समस्याओं का समाधान के लिए 8 व 9 नवंबर को पेंशन अदालत

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
खजाना अधिकारी राजीव शर्मा ने कहा कि महालेखाकार हरियाणा चंडीगढ़ के आदेशानुसार हरियाणा सरकार से सेवानिवृत्त पेंशन भोगियों की पैंशन संबंधी समस्याओं के निपटान के लिए 8 व 9 नवंबर 2023 को पेंशन अदालत का आयोजन किया जाएगा।
यह पेंशन अदालत न्यू लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित की जाएगी। इस पेंशन अदालत में पेंशनरों की पेंशन से संबंधित समस्याओं का निपटान किया जाएगा।

# विधायक पंवार ने राजकीय प्राथमिक पाठशाला में विद्यार्थियों को दी वाटर कूलर की सौगात

**सोनीपत।** विधायक सुरेंद्र पंवार ने मंडी एरिया स्थित राजकीय प्राथमिक पाठशाला में विद्यार्थियों को एक वाटर कूलर की सौगात दी है। वाटर कूलर की सौगात मिलने पर विद्यार्थियों के चेहरे खिल उठे, क्योंकि अब उन्हें भीषण गर्मी में गर्म पानी नहीं बल्कि शीतल जल मिलेगा। विधायक सुरेंद्र पंवार रोटर क्लब ऑफ सोनीपत अरडेंट के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम के तहत स्कूल में पहुंचे थे।
विधायक सुरेंद्र पंवार ने कहा कि उनके जीवन का मुख्य ध्येय समाज सेवा करना है। इसके लिए वह प्रतिदिन अलग-अलग क्षेत्रों में जाकर समाज सेवा के कार्य करने



में जुटे रहते है। उन्होंने कहा कि कई राजकीय स्कूलों में जब उन्होंने विजिट किया तो देखा कि विद्यार्थियों के लिए वाटर कूलर की व्यवस्था नहीं है, जिसके आभाव में विद्यार्थी गर्म पानी पीने को मजबूर है। उसी दिन से उन्होंने प्रत्येक राजकीय स्कूल में वाटर कूलर लगवाने की ठानी है, जहां पर विद्यार्थी गर्म पानी पीने को मजबूर है। इसके तहत ही अभी तक एक दर्जन से ज्यादा स्कूलों में विद्यार्थियों को वाटर कूलर की सौगात दी जा चुकी है।

# प्रदेश के खिलाड़ियों ने किया है अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन

## डीसीआरयूएसटी मुरथल में प्रारंभ होगी उत्तर क्षेत्रीय महिला लॉन टेनिस खेल प्रतियोगिता

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत दीनबंधु** छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,मुरथल के कुलपति प्रो.श्रीप्रकाश सिंह ने कहा कि हमारे देश के युवा प्रतिभाशाली हैं। देश के युवा हर क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के खिलाड़ियों ने ओलंपिक व एशियाई खेलों में पदक जीतकर देश व प्रदेश का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। डीसीआरयूएसटी,मुरथल में उत्तर क्षेत्रीय अंतर विश्वविद्यालय महिला लॉन टेनिस प्रतियोगिता का शुभारंभ कुलपति प्रो. सिंह ने किया। प्रतियोगिता 6 नवंबर तक खेली जाएगी।



प्रतियोगिता में उत्तर क्षेत्र के 20 विश्वविद्यालयों की टीमें भाग लेंगी। कुलपति प्रो. सिंह ने कहा कि युवाओं को खेल प्रतियोगिताओं में बढ़चढ़ कर भाग लेना चाहिए। खेल के माध्यम से युवाओं के अंदर सकारात्मकता व एकता की भावना पैदा होती है। खेल केवल हमें शारीरिक रूप से ही स्वस्थ नहीं रखते , बल्कि मानसिक रूप से भी स्वस्थ रखते हैं। कुलपति प्रो. सिंह ने कहा कि अगर युवा

**प्रतियोगिता**

**8 तियोगिता 6 नवंबर तक खेली जाएगी। प्रतियोगिता में उत्तर क्षेत्र के 20 विश्वविद्यालयों की टीमें भाग लेंगी**

खेलता रहेगा, तो उसकी कार्य करने की क्षमता में वृद्धि होगी। खेलों के माध्यम से हमें एक दूसरे की संस्कृति को सीखने व समझने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि अगर हम खेलों में भाग लेने से हम शारीरिक रूप से स्वस्थ होंगे तो हमारा पैसा बीमारी पर नहीं लगेगा, जिसका सदुपयोग हम अन्य कार्यों के लिए कर सकते हैं।
प्रतियोगिता के आयोजक सचिव व विश्वविद्यालय के खेल निदेशक डा.बिरेंद्र सिंह हुड्डा ने बताया कि प्रतियोगिता का पहला मैच आईपीयू, द्वारका व सीबीएलयू, भिवानी के बीच खेला गया। आईपीयू, द्वारका की टीम ने सीबीएलयू, भिवानी को 2-0 से पराजित कर दिया। प्रतियोगिता का दूसरा मैच अशोका विश्वविद्यालय, सोनीपत व डा.भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा के मध्य खेला गया। अशोका विश्वविद्यालय, सोनीपत की टीम ने डा.भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा को 2-0 से हरा दिया।

## न्यूज फ्लैश

### भारत की इनोवेशन संस्कृति को सुदूर कोनों तक ले जाते हमारे सीएसआर कार्यक्रम

**नोएडा।** सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स अपनी 54वीं स्थापना वर्षगांठ मना रहा हैं। यह इनोवेशन, संस्कृति और टेक्नॉलॉजी की सैमसंग विरासत का उत्सव है। पांच दशकों से अधिक समय से, सैमसंग लोगों को अपना जीवन बदलने में सक्षम बना रहे हैं क्योंकि सच्ची प्रगति तभी होती है जब हर व्यक्ति सशक्त होता है।इस वर्ष भारत और दक्षिण कोरिया के बीच राजनयिक संबंधों की 50वीं वर्षगांठ भी है।



सैमसंग ने 1995 में नई दिल्ली में एक छोटा सा कार्यालय खोला था। आज भारत में सैमसंग के पास दो फैक्ट्री, पांच रीसर्च और डवलपमेंट केंद्र और एक डिजाइन केंद्र हैं। इस खूबसूरत देश में यह बहुत अद्भुत यात्रा रही है। वास्तव में प्रेरणादायक बात यह है कि युवा अपने आस-पास दिखने वाली चुनौतियों का समाधान खोजने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। चूँकि ये समाधान उनके अपने जीवन के अनुभवों से आते हैं, इसलिए यह कई जिंदगियों को छूते हैं और इसलिए अधिक प्रभावशाली होते हैं। इस साल की शुरूआत में, लखनऊ विश्वविद्यालय के सैमसंग इनोवेशन कैंपस के छात्रों ने उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री, योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में एआई, आईओटी, बिग डेटा, कोडिंग और प्रोग्रामिंग पाठ्यक्रमों में सर्टिफिकेट प्राप्त किया। सैमसंग का मानना है कि भारत के सबसे छोटे कोने के युवाओं में असीमित क्षमता है। उनमें दुनिया की सबसे बड़ी चुनौतियों को हल करने के लिए विचार करने और इनोवेट करने की शक्ति है। सैमसंग में, हमारा वैश्विक सीएसआर दृष्टिकोण टुगेदर फॉर टुमॉरो! इनेबलिंग पीपल है। इस दृष्टिकोण के साथ, हम युवाओं को वैश्विक समस्याओं के लिए स्थानीय समाधान लाने में सक्षम बनाना चाहते हैं। हमारे सीएसआर कार्यक्रम पॉवरिंग डिजिटल इंडिया के कॉर्पोरेट दृष्टिकोण से प्रेरित हैं। यहां हम भारत के युवाओं पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं और उन्हें स्मार्ट शिक्षा और अपस्किलिंग के साथ सशक्त बना रहे हैं।

### क्रोमा के फेस्टिवल ऑफ ड्रीम्स में दिवाली के लिए शानदार डील्स

**नोएडा।** इस दिवाली, सपनों के सच होने की खुशी का आनंद लें क्योंकि टाटा उद्यम, क्रोमा में शुरू हुआ है फेस्टिवल ऑफ ड्रीम्स कैम्पेन। 15 नवंबर, 2023 तक चलने वाले इस कैम्पेन में सभी क्रोमा स्टोर्स और क्रोमा डॉट कॉम वेबसाइट पर सभी श्रेणियों में आकर्षक और बहुप्रतीक्षित ऑफर पेश किए गए हैं। स्मार्ट टीवी से लेकर लैपटॉप, वॉशिंग मशीन, एसी, रेफ्रिजरेटर, स्मार्टफोन और कई अन्य उत्पादों पर इन ऑफर्स का लाभ उठाया जा सकता है। अपने ग्राहक केंद्रित दृष्टिकोण के साथ, क्रोमा ने आकर्षक छूट और ऑफर पेश किए हैं। ऑफर का लाभ क्रोमा स्टोर्स, क्रोमा डॉट कॉम वेबसाइट और टाटा नेउ पर लिया जा सकता है। यदि आप घर पर शानदार मनोरंजन अनुभव का आनंद लेना चाहते हैं, तो क्रोमा से 55इंच, 65इंच और 75इंच 4के एलईडी टीवी खरीदें, केवल 2990 रुपये प्रति माह की आसान ईएमआई सुविधा के साथ। सैमसंग टीवी पर एक विशेष ऑफर 55 इंच सैमसंग लाइफस्टाइल फ्रेम टीवी हर महीने इतनी ही कीमत पर खरीदा जा सकता है और इसके साथ मिलता है 8990 रुपयों का बेजल मुफ्त। एमएस ऑफिस के साथ इंटेल कोर आई3 लैपटॉप की कीमतें 30,900 रुपये से शुरू होती हैं। इतना ही नहीं, 24 महीने तक के ईएमआई की सुविधा मिलती है।

### देशभर के ज़िगली स्टोर्स पर मनाया गया पेट्स के लिए तीसरा हैलोवीन कार्निवल

**गुरुग्राम।** त्योहारी सीजन को ध्यान में रखते हुए, जिगली ने पालतू जानवरों और उनके अभिभावकों के लिए खुशी और हँसी लाते हुए अपने तीसरे हेलोवीन कार्निवल का आयोजन किया। एक यादगार और मनोरंजक शाम को मनाते हुए, जिगली के अनुभव केंद्र 29 अक्टूबर को हैलोवीन के लिए तैयार किए गए थे। पेट पैरेंट्स ने अपने अपने पेट्स को आकर्षक वेशभूषा में तैयार किया और जिगली में हैलोवीन माहौल का आनंद लिया। इस वर्ष, जिगली का हैलोवीन कार्निवल दिल्ली, गुरुग्राम, नोएडा, इंदौर, देहरादून, बेंगलुरु, चंडीगढ़ और लखनऊ के अनुभव केंद्रों में आयोजित किया गया था। 500 से अधिक आगंतुकों के साथ, इस कार्यक्रम में पोशाक प्रतियोगिता, मजेदार खेल और ट्रिक-या-ट्रीट ट्रेल सहित कई प्रकार की गतिविधियाँ शामिल थीं। दिन का मुख्य आकर्षण पेट-पेरेंट मास्करेड था. पोशाक प्रतियोगिता स्टाइल, क्यूटनेस और डरावनेपन के कार्यक्रम में उपयोगकर्ताओं ने अपनी सर्वश्रेष्ठ हेलोवीन पोशाक पहने हुए अपनी तस्वीरें प्रस्तुत कीं। हेलोवीन समारोह के लॉन्च पर कॉस्मो फर्स्ट के ग्रुप सीईओ, श्री पंकज पोद्दार ने कहा, ह्लएक पेटकेयर ब्रांड के रूप में, हम हमेशा पेट्स के जीवन को आसान और स्वस्थ बनाने के तरीकों की तलाश में रहते हैं, साथ ही उनके पालन-पोषण का गुणवत्तापूर्ण अनुभव भी प्रदान करते हैं। हमारा हेलोवीन कार्निवल पालतू जानवरों के लिए एक खुशहाल जगह बनाने के हमारे मिशन के प्रति सच्चे रहते हुए डरावने मौसम का जश्न मनाने का एक मजेदार तरीका है। हम विभिन्न प्रकार की विशेष रूप से तैयार की गई ऑन-ग्राउंड गतिविधियों की पेशकश करने के लिए उत्साहित हैं।



# निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में 118 लोगों ने करवाई स्वास्थ्य की जांच

## हमें शुद्ध सात्विक और संतुलित आहार करना चाहिए: बलविन्द्र

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर। आयुष विभाग** द्वारा सेवा पखवाड़ा के तहत भोगीपूर गांव में निशुल्क स्वास्थ्य जाचं शिविर लगाया गया। जिसमे गांव के 118 लोगो ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई। शिविर का उद्घाटन गांव के सरपंच सावन कुमार ने किया। शिविर में डा. बलविन्द्र, डा. रचना मदान, फार्मासिस्ट सीमा रानी ने लोगो के स्वास्थ्य की जांच की। शिविर में वात रोग, खांसी, चर्म रोग, खांसी जुकाम, एलर्जी, बुखार, शुगर, बीपी रोग अनुसार निशुल्क दवाईयां देते हुए बताया कि हमें शुद्ध सात्विक और संतुलित आहार करना चाहिए। जंक फूड और फास्ट फूड हमारे शरीर में नुकसान पहुंचता है और कोल्ड ड्रिंक भी हमारे शरीर में एक धीमा जहर का काम करता है। हमें इनसे परहेज करना चाहिए और हमें दूध दही घी फल सब्जियों का भरपूर प्रयोग करना चाहिए। जिससे हम स्वस्थ और निरोग रह सकते हैं।




**निरोग**

**8 आयुर्वेद हमारे जीवन का अभिन्न अंग है। आयुर्वेद के द्वारा हम स्वस्थ और निरोग रह सकते हैं**

उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य खरीद नहीं जा सकता। हमें अपनी जीवन शैली आयुर्वेद के अनुसार रखनी चाहिए। आयुर्वेद हमारे जीवन का अभिन्न अंग है। आयुर्वेद के द्वारा हम स्वस्थ और निरोग रह सकते हैं। वैसे तो हमारे जीवन में आयुर्वेद भोजन से जुड़ा हुआ है, हमें संतुलित आहार करना चाहिए। भोजन के साथ-साथ हरी पत्तेदार सब्जियां और फलों का भरपूर सेवन करना चाहिए। इसके अलावा योग शिक्षक अनिल कुमार,धीरज कुमार व मिनाक्षी ने ग्रामीणों को योग करने के प्रति जागरूक किया।

स्वास्थ्य शिविर मे आशा वर्कर संदेश, मंजू, सरोज व आगड़वाड़ी वर्कर बाला देवी ने सहयोग किया।

# 7.5 एकड़ भूमि पर विकसित की जा रही अवैध कालोनी को किया ध्वस्त

**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**

**सोनीपत, जिला** नगर योजनाकार (डीटीपी) नरेश कुमार ने बताया कि जिला में विकसित हो रही अवैध कालोनियों तथा अवैध निर्माण को शुरूआत में ही ध्वस्त करने के लिए उपायुक्त डॉ मनोज कुमार के निर्देशन में प्रशासन द्वारा अभियान चलाया गया है। जिसके तहत शुक्रवार को खरखौदा की राजस्व संपदा में रोहतक बाईपास रोड़ के साथ लगती 7.5 एकड़ भूमि पर मिट्टी की सडके बनाकर विकसित की जा रही अवैध कालोनी को ध्वस्त किया गया। जिला नगर योजनाकार ने आमजनता से अपील करते हुए कहा कि अवैध कॉलोनियों में भूमाफियाओं के बहकावे में आकर प्लॉट ना खरीदें व अपनी मेहनत की कमाई को बर्बाद ना होने दें क्योंकि अवैध कालोनी में सरकार द्वारा किसी भी प्रकार की सुविधा नहीं दी जाती। इसके अलावा प्लॉट लेने से पहले यह जरूर जाँच करवा ले कि कॉलोनी निर्माण करने के लिए सरकार द्वारा अनुमति ली गई है या नहीं। जिला नगर योजनाकार ने बताया कि जिला में किसी भी अवैध कालोनी का निर्माण नहीं करने दिया जाएगा। विभाग द्वारा जिला के सभी क्षेत्रों में नजर रखी जा रही है। अगर कोई भी व्यक्ति इस प्रकार की अवैध कालोनी विकसित करता है तो उसके खिलाफ शहरी क्षेत्र व नियंत्रित क्षेत्र अधिनियम के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस संबंध में किसी भी जानकारी के लिए सेक्टर-15 स्थित एचएसवीपी कॉम्पलैक्स के प्रथम तल स्थित जिला नगर योजनाकार कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है। तोडफोड कार्यवाही के दौरान सहायक नगर योजनाकार अंजू सहित फील्ड स्टॉफ सहित पुलिस बल मौजूद रहा।

# 'गुजरात के खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में हाल के वर्षों में महत्वपूर्ण वृद्धि देखी गई'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने प्रगति मैदान, नई दिल्ली से मेगा फूड इवेंट 'वर्ल्ड फूड इंडिया 2023' का उद्घाटन किया। भारत मंडपम में नियोजित तीन दिवसीय कार्यक्रम में 80 से अधिक देशों के 1200 से अधिक प्रदर्शक और प्रतिभागी भाग लेंगे। इस वर्ष आयोजन का विषय 'समृद्धि के लिए प्रसंस्करण' है।

खाद्य प्रसंस्करण और कृषि क्षेत्र में निवेशक अनुकूल नीतियों के लिए जाना जाने वाला राज्य होने के नाते, गुजरात ने वर्ल्ड फूड इन्डिया में एक भागीदार राज्य के रूप में भाग लिया। पहले दिन, राज्य ने खाद्य प्रसंस्करण – गुजरात का सूर्योदय क्षेत्र विषय पर एक ज्ञान सत्र का आयोजन किया। जिसके अंतर्गत विभिन्न खाद्य उत्पादों की विस्तृत प्रदर्शनी लगाई गई। पार्टनर राज्य प्रदर्शनी और ज्ञान सत्र का आयोजन कृषि विभाग के नेतृत्व में गुजरात के कृषि व्यवसाय क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा देने के लिए गुजरात सरकार के एक समर्पित सेल



इंडेक्स-ए द्वारा किया जाता है। ज्ञान सत्र का उद्घाटन राघवजी पटेल, कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्रीश्री, राज्य सरकार द्वारा किया गया। इस बीच, उन्होंने कहा, "गुजरात के खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में हाल के वर्षों में महत्वपूर्ण वृद्धि देखी गई है और क्षेत्रीय माहौल, कनेक्टिविटी और व्यापार करने में आसानी ने निवेशकों को आकर्षित किया है। राज्य गुजरात पवेलियन में निवेशकों की मेजबानी करने के लिए उत्सुक होगा।" व्याख्यान देने से पहले उन्होंने प्रधानमंत्रीश्री के सत्र में भाग लिया और स्टॉल का उद्घाटन किया।

# 'बेरोजगार भत्ता प्राप्त करने के लिए करें आवेदन'

**पानीपत/कमाल हुसैन**

**जिला** रोजगार अधिकारी डॉ. रितु चहल ने जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा चलाई जा रही बेरोजगार भत्ता स्कीम के अंतर्गत बेरोजगार भत्ता प्राप्त करने के लिए 1 नवम्बर से 30 नवम्बर तक ऑनलाईन आवेदन किए जा सकेंगे। उन्होंने बताया कि जिला रोजगार कार्यालय पानीपत में पंजीकृत प्रार्थी इस स्कीम के लिए सरल/एचआरइएक्स पोर्टल के माध्यम से अपना ऑनलाईन आवेदन 30 नवम्बर 2023 तक लघु सचिवालय स्थित रोजगार कार्यालय, कमरा नम्बर 420 में जमा करवा सकते हैं।

उन्होंने बताया कि इसके लिए प्रार्थियों को रोजगार कार्यालय में पंजीकृत हुए तीन वर्ष 31 अक्तूर 2023 तक पूर्ण होने चाहिए।

# भू-माफिया की अवैध खुदाई संबंधित गतिविधियों पर प्रशासन रख रहा निगरानी: अतिरिक्त उपायुक्त

## भू माफिया पर सितंबर में लगाया 13 लाख जुर्माना, जिले में किसी भी हाल में नहीं पनपने दिया जायेगा भू माफिया, विभाग अपने सूचना तंत्र को और अधिक मजबूत बनाये

**टीम एक्शन इंडिया/ पानीपत/कमाल हुसैन**

**भू-माफिया द्वारा** की अवैध खुदाई संबंधित गतिविधियों पर प्रशासन निगरानी बरते हुए है। जो भी भू माफिया तंत्र के विरूद्ध जोर आजमाईस करता है उसके विरूद्ध ततकाल कार्यवाही करें। हमें अपने सूचना तंत्र को और अधिक मजबूत बनाने की जरूरत है। जरा सी ढिलाई से कई सवाल खड़े हो सकते हैं। हम मॉइनिंग को रोकने में पूरी तरह से सक्षम हैं। यह बात जिला टास्क फोर्स की शुक्रवार को जिला सचिवालय में आयोजित की गई बैठक की अध्यक्षता करते हुए अतिरिक्त उपायुक्त वीना हुडडा ने कही।

अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि सितंबर के महीने में 10 विहक्लों को कब्जे में लिया जिसमें चार पर 13 लाख रुपये जुमार्ना लगाया। इस कड़ी में अक्तूबर माह में 4 विहकलो को कब्जे में लिया जिन पर कार्यवाही की जा रही है।

अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि अवैध माईनिंग से संबंधित कोई भी सूचना मिले हमें तुरंत प्रभाव से उस पर कार्यवाही करनी होगी। अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि पुलिस फार्स पूरी तरह से कार्य को लेकर तैयार है। कुछ भी ऐसा नज? नहीं आने चाहिये जिसमें ये लगे की अवैध माईनिंग को लेकर प्रशासन सुस्त रहा है। कुछ भी छुटना चहीं चाहिये। जरा सी सूचना मिलते ही फारन वाहन को कब्जे में ले व पार्टी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाये। इस मौके पर एसडीएम समालखा अमित कुमार,माईनिंग अधिकारी कमलेश कुमारी ,डीएफओ विजय लक्ष्मी के अलावा कई अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान में यूनिक स्कूल के छात्रों को किया जागरूक

## खुबडू झाल चौकी इंचार्ज सब इंस्पेक्टर संदीप ने छात्रों व शिक्षकों को साइबर सुरक्षा के बारे में बताया

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर। यूनिक पब्लिक** स्कूल पुगथला में साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। खुबडू झाल चौकी इंचार्ज सब इंस्पेक्टर संदीप ने छात्रों व शिक्षकों को साइबर सुरक्षा के बारे में जागरूक किया। संदीप ने कहा कि वे अपने संचार उपकरणों को सुरक्षित रखें, कभी भी अपना पासवर्ड, पिन, पैटर्न या बायोमेट्रिक जानकारी दूसरों को प्रदान न करे और दूसरों को अपने उपकरणों तक पहुंचने से रोके। हमेशा अपने मोबाइल फोन, कंप्यूटर आदि में किसी



विश्वसनीय स्रोत से ही एप्लिकेशन इंस्टॉल करें, उसके लिए प्ले स्टोर, एप स्टोर या आधिकारिक कंपनी की वेबसाइटों का प्रयोग करे। किसी भी सूरत में अपने बैंक खाता से संबंधित कोई भी जानकारी अथवा पासवर्ड या ओटीपी इत्यादि को किसी से भी शेयर ना करने, ओलएक्स पर कुछ भी सामान खरीदने या बेचने की सुरत में सावधान रहें। किसी अनजान के कहने पर कोई भी ऑनलाइन ट्रांजेक्शन करें। किसी भी अनजान नंबर से आई वीडियो कॉल को रिसीव ना करना तथा साइबर अपराध से सुरक्षा के अन्य तौर-तरीकों बारे जागरूक किया गया। साइबर अपराध के प्रति जागरूक करते हुए साइबर सुरक्षा अभियान में संकाय परामर्शदाताओं, वेबिनार, लघु फिल्म स्क्रीनिंग, सहित विभिन्न प्रकार से जागरूक किया गया। अभियान के दौरान साइबर ग्रूमिंग, साइबर फ्राड, फ़िशिंग, सोशल मीडिया खातों की सुरक्षा, ऑनलाइन बैंकिंग धोखाधड़ी, लॉटरी धोखाधड़ी, रिमोट एक्सेस घोटाले, सोशल मीडिया गोपनीयता नीति आदि जैसे विषयों की विस्तृत जानकारी दी गई। इस मौके पर हेड कांस्टेबल सुरेंद्र, स्कूल के निदेशक अजय भुक्कर के अलावा शिक्षक मौजूद थे।

# एचडीएफसी बैंक गुडगाँव और फरीदाबाद में अयोजित करेगा 'फेस्टिव ट्रीट्स एक्सप्रेसवे- मेगा ऑटो लोन मेला'

**गुडगाँव:** भारत का अग्रणी निजी क्षेत्र का बैंक, एचडीएफसी बैंक, 4 नवंबर, 2023 को गुडगाँव और फरीदाबाद की 100 से अधिक शाखाओं में 'फेस्टिव ट्रीट्स एक्सप्रेसवे- मेगा ऑटो लोन मेला' लॉन्च करने के लिए तैयार है।

एचडीएफसी बैंक ने प्रमुख शाखाओं में अपने शीर्ष मॉडल प्रदर्शित करने के लिए प्रमुख ऑटो डीलरों के साथ साझेदारी की है। शाखा में आने वाले ग्राहक वाहनों का निरीक्षण, परीक्षण-ड्राइव, ऑटो ऋण विकल्पों के माध्यम से ब्राउज कर सकते हैं और यहां तक कि मौके पर ही कार भी बुक कर सकते हैं। 'फेस्टिव ट्रीट्स एक्सप्रेसवे- मेगा ऑटो लोन मेला' का उद्देश्य ग्राहकों को अपनी पसंद का वाहन चुनने और विशेष रूप से तैयार किए गए फेस्टिव ट्रीट ऑफर ब्राउज करने में सक्षम बनाना है। ग्राहक हाल ही में लॉन्च किए गए एक्सप्रेसवे के माध्यम से एक्सप्रेस कार ऋण के लिए आवेदन कर सकते हैं, जो बैंकिंग उत्पादों और सेवाओं की पेशकश करने वाला एक डिजिटल प्लेटफॉर्म है, जो ग्राहकों को बैंक तक पहुंचने का सबसे तेज तरीका अनुभव करने में सक्षम बनाता है। एक्सप्रेस कार लोन में 30 मिनट में कार लोन वितरण, कोई दस्तावेजीकरण नहीं, कम ब्याज दरें, उच्च ऋण राशि और शून्य फोर क्लोजर शुल्क वगैरह जैसी विशेषताएं हैं। भाग लेने वाली शाखाएँ आगंतुकों के प्रश्नों का उत्तर देने के लिए पूछताछ डेस्क के साथ-साथ कारों का एक चुनिंदा सेट प्रदर्शित करेंगी।

# सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2023 के दौरान सतर्कता संगोष्ठी का आयोजन।

**टीम एक्शन इंडिया/प्रयागराज**

**केन्द्रीय** रेल विद्युतीकरण संगठन, प्रयागराज मुख्यालय में सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2023 के अन्तर्गत दिनांक 03/11/2023 को प्रमोद कुमार, महाप्रबन्धक/कोर की अध्यक्षता में सतर्कता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का आरम्भ वी.के.गर्ग, मुख्य सतर्कता अधिकारी के उद्बोधन से हुआ। इसके बाद पुलकित श्रीवास्तव, उप सतर्कता अधिकारी द्वारा सतर्कता विषय पर प्रस्तुति दी गई। तत्पश्चात महाप्रबन्धक महोदय द्वारा सतर्कता बुलेटिन दृष्टि के छब्बीसवें अंक तथा मार्गदर्शन मंजरी का विमोचन किया गया। संगोष्ठी में प्रमुख विभागाध्यक्षों ने अपने विचार प्रस्तुत किए। सप्ताह के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। संगोष्ठी का समापन उप मुख्य सतर्कता अधिकारी के धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया।

# स्टेट एजुकेशनल अचीवमेंट सर्वे (सीज) कि परीक्षा में 3,6,9 कक्षाओं के विद्यार्थियों ने लिया भाग

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर। स्टेट** एजुकेशनल अचीवमेंट सर्वे परीक्षा को पूर्ण करने के लिए ब्लॉक स्तर पर खंड शिक्षा अधिकारी सतीश शर्मा व बीआरसी आजाद सिंह ब्लॉक कोऑर्डिनेटर दौरा किया। बीईओ सतीश शर्मा ने बताया कि हिन्दी और अंग्रेजी दो विषयों का सर्वे की परीक्षा ली गई है। इनमें कक्षा तीन, छह और नौ के विद्यार्थी शामिल किए गए बीइओ ने बताया कि कक्षा तीन के 676



बच्चों से 40, कक्षा छह 590 के लिए 50 और कक्षा नौ के 699 विद्यार्थियों से 60 प्रश्न हल करने के लिए दिए गए थे। सर्वे के लिए कक्षा तीन के बच्चों को 60 मिनट, कक्षा 6 के लिए 75 मिनट और कक्षा 9 के लिए 90 मिनट का समय दिया गया। सतीश शर्मा ने बताया कि परीक्षा में 110 ने परीक्षा में ड्यूटी देकर परीक्षा के सफल आयोजन में अपनी भागीदारी दी। शर्मा ने बताया कि सर्वे में सरकारी, निजी और प्रत्येक बोर्ड के विद्यालय शामिल किए गए हैं। इसके लिए ब्लॉक कोऑर्डिनेटर और फील्ड इन्वेस्टिगेटर का प्रशिक्षण दिया गया था। उन्होंने बताया कि सभी पेपरों को अलग अलग जगह पर सुरक्षित रखा गया है।

# प्रदूषण: लगाए गए प्रतिबंधों की मॉनिटरिंग को लेकर दिए आदेश

## बड़ी इंडस्ट्रीज मैनुफेक्क्ररिंग एसोसिएशन के कार्यालय में कंपनी मालिकों की ली बैठक

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर। बड़ी ओद्योगिक** क्षेत्र में बड़ी इंडस्ट्रीज मैनुफेक्क्ररिंग एसोसिएशन के कार्यालय में शुक्रवार को एचएसआइआइडीसी के सम्पदा अधिकारी ऋषि चौहान व वरिष्ठ प्रबंधक जसबीर देशवाल ने फैक्ट्री मालिकों की बैठक लेकर अधिकारियों को ग्रेप नियमों को सख्ती से लागू करने के दिए आदेश दिए। प्रदूषण के मद्देनजर लगाए गए प्रतिबंधों की मॉनिटरिंग को लेकर पर्यावरण सम्पदा अधिकारी चौहान ने कहा कि वायु प्रदूषण को लेकर लगाए गए



प्रतिबंध का गंभीरता से पालन करे। अगर कोई कंपनी मालिक नियमों की अवहेलना करते पाया गया तो उसके खिलाफ सख्ती से कार्रवाई की जाएगी।

चौहान ने कहा कि आवश्यक परियोजनाओं को पाबंदियों में छूट दी गई है। धुंआ व धुंल रोकने के लिए सख्ताई से पालन करना पड़ेगा। पालन न करने पर जुर्माना भी होगा।

उन्होंने कहा कि इसके अलावा औद्योगिक क्षेत्र में बोरिंग, ड्रिलिंग, भवन निर्माण, ढहाना आदि शामिल है। इसके अलावा कच्चे माल के स्थानातरण पर रोक लगाई है। टाइल्स, पत्थर काटने पर रोक के अलावा सड़क निर्माण, फूटपाथ आदि रास्तों को पक्के करने पर रोक है। एसोसिएशन के प्रधान अमित गोयल ने कहा कि उद्योगपति सरकार के नियमों के अनुसार काम कर रहा है। एसोसिएशन ने एसएसआइआइडीसी के साथ पौधारोपण करने, सड़को पर छिड़काव करने आदि जनहित के निर्णय लिए। एसोसिएशन सरकार की मुहिम को लागू करने में लगी है। इस मौके पर एसोसिएशन के उपप्रधान नरेन्द्र नंदा, विनोद जैन, संजय जैन चिल्ली, महासचिव विरेन्द्र जैन, कैशियर सुनील बब्बर, अनिल भारद्वाज, हिमांशु धीमान, आशु धीमान के अलावा अन्य फैक्ट्री मालिक मौजूद थे।

# अधिकृत व अनधिकृत क्षेत्र में बन रही अवैध इमारतों के खिलाफ नपा सख्त

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर। गन्नौर नगरपालिका** ने शहर में अधिकृत व अनधिकृत क्षेत्र में बन रही अवैध इमारतों के खिलाफ नगरपालिका ने सख्ती बरतनी शुरू कर दी है। शहर में अधिकृत व अनधिकृत क्षेत्र में अवैध निर्माण करने वाले 30 लोगों को नगरपालिका नोटिस थमा चुकी है। इससे पहले भी नगरपालिका ने अवैध निर्माण करने वाले कई लोगों नोटिस जारी कर उका काम रुकवा दिया। जबकि कई अवैध रूप से बनाई जा रही इमारतों को सील कर दिया गया था। नगरपालिका के पालिका अभियंता राहुल मोर ने बताया कि नगरपालिका क्षेत्र में बिना किसी अनुमति के निर्माण करने व नक्शा पास व अन्य नियमों का पालन किये बिना बन रहे भवनों का निर्माण कर भवन मालिक नगरपालिका को नुकसान पहुंचाने का काम कर रहे हैं। जिन पर नगरपालिका जेई सचिन कुमार व बिल्डिंग क्लर्क के नेतृत्व में नगरपालिका की टीम नजर बनाए हुए है। नगरपालिका ने अब तक भवन निर्माण कर रहे 30 मालिकों को नोटिस जारी किया है। उन्होंने बताया कि शहर के पटेल नगर, शास्त्री नगर, बड़ी रोड, गढ़ी केसरी, गढ़ी झंझारा हरी नगर, रेलवे रोड़, गुमड़ रोड़ पर आधिकृत व अनधिकृत क्षेत्रों में बिना नक्शा पास करवाए व बिना मंजूरी के निर्माण कार्य चल रहा था। जिसके बाद नपा टीम ने मौके पर पहुंच कर भवन मालिकों को नोटिस थमा दिये। इसके बावजूद भी यदि कोई अवैध निर्माण कार्य करता हुआ मिला तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

**अदालत में भेजे अवैध निर्माण के सभी मामले:** नगरपालिका जेई सचिन कुमार ने बताया कि नगरपालिका द्वारा अवैध रूप से भवन बनाने वाले करीब 30 लोगों को नोटिस दिए गए थे।

## संपादकीय

# कौन भूल सकता है क्रांतिदूत भाई परमानंद को

**सुप्रसिद्ध** क्रांतिकारी भाई परमानंद को कौन भूल सकता है। चार नवंबर, 1870 को झेलम जिले के करियाला गांव में जन्मे भाई परमानंद ने काला पानी की सजा काट रहे भगत सिंह और राजगुरु जैसे क्रांतिदूत तैयार किए। करियाला गांव अब पाकिस्तान में है। भाई जी के परिवार की पृष्ठभूमि राष्ट्र और संस्कृति की रक्षा के लिए बलिदान की रही है । गुरु तेगबहादुर के साथ अपने प्राणों की आहुति देने वाले भाई मतिदास इन्हीं के पूर्वज हैं । उनके परिवार की ऐसी कोई पीढ़ी नहीं, जिसने राष्ट्र के लिए बलिदान न दिया हो । पिता ताराचंद ने किशोरवय में 1857 की क्रान्ति के संदेश वाहक के रूप में सक्रिय भूमिका निभाई थी। इस क्रांति की विफलता के बाद वे आर्य समाज से मिलकर सांस्कृतिक गौरव जागरण के काम में लग गये थे । इसलिये राष्ट्र और संस्कृति के समर्पण के संस्कार भाई परमानंद को बचपन से मिले। भाई परमानंद ने इस परंपरा को आगे बढ़ाया। बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी परमानंद आर्य समाज और वैदिक धर्म के अनन्य प्रचारक रहे हैं। एक आदर्श शिक्षक, इतिहास, संस्कृति और साहित्य मनीषी के रूप में भी उनकी ख्याति रही है। सरदार भगत सिंह, सुखदेव, पं. राम प्रसाद 'बिस्मिल', करतार सिंह सराबा जैसे असंख्य राष्ट्रभक्त युवकों के वे प्रेरणा स्त्रोत हैं। भाई परमानंद ने हिंदी में भारत का इतिहास लिखा। इतिहास लेखन में वो राजाओं, युद्धों और केवल जीवनवृत्त विवरण को ही प्रधानता नहीं देते । वो कहते थे कि इतिहास में मानवीय भावनाओं, इच्छाओं, आकांक्षाओं, संस्कृति गौरव एवं सभ्यता की गुणवत्ता को अधिक महत्व दिया जाना चाहिए। 1902 में भाई परमानंद ने पंजाब विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त की और लाहौर के दयानंद एंग्लो महाविद्यालय में शिक्षक नियुक्त हो गए। उनकी भारतीय प्राचीन संस्कृति तथा वैदिक धर्म में रुचि देखकर महात्मा हंसराज ने उन्हें भारतीय संस्कृति का प्रचार करने के लिए अक्टूबर 1905 में अफ्रीका भेजा। डर्बन में भाई जी की गांधीजी से भेंट हुई। अफ्रीका में वो तत्कालीन प्रमुख क्रांतिकारियों सरदार अजीत सिंह, सूफी अंबाप्रसाद आदि के संपर्क में आए। इन क्रांतिकारी नेताओं से संबंध तथा क्रांतिकारी दल की कार्रवाई पुलिस की दृष्टि से छिप न सकी। अफ्रीका से भाई परमानंद लंदन चले गए। वहां उन दिनों श्यामजी कृष्ण वर्मा तथा विनायक दामोदर सावरकर क्रांतिकारी गतिविधियों में सक्रिय थे। वो इन दोनों के सम्पर्क में आये और एक संकल्प लेकर 1907 में भारत लौटे । लौटकर दयानन्द वैदिक महाविद्यालय में शिक्षण कार्य के साथ वे युवकों में राष्ट्र और सांस्कृतिक गौरव बोध जगाने लगे। इसी बीच सरदार अजीत सिंह तथा लाला लाजपत राय से उनकी निकटता बढ़ी। इससे वे पुलिस की नजर में आ गये । 1910 में पुलिस ने उन्हें लाहौर से गिरफ्तार कर लिया किन्तु कोई आरोप प्रमाणित न हो सका और वे जमानत पर रिहा कर दिए गए। रिहाई के बाद भाई परमानंद अमेरिका चले गए। वहां जाकर प्रवासी भारतीयों के बीच वैदिक धर्म के प्रचार अभियान में जुट गए । वहां उनकी भेंट प्रख्यात क्रांतिकारी लाला हरदयाल से हुई। लाला भारत की स्वाधीनता के लिए अभियान चलाने और संगठन तैयार करने की योजना पर काम कर रहे थे।

# डगमगा रही है इंडिया गठबंधन की नींव?

**सुनील कुमार महला**

> अब सवाल ये भी उठ रहे हैं कि जब इंडिया के घटक दल पहले से ही महागठबंधन में साथ हैं तो फिर समस्या कहां है? कहा तो ये भी जा रहा है कि जिस तरह कांग्रेस ने राजस्थान, मध्य प्रदेश समेत सभी चुनावी राज्यों में और सपा ने उत्तर प्रदेश में अपनी लकीर खींच दी है। नीतीश कुमार की रणनीति भी कुछ वैसी ही हो सकती है। दरअसल, कांग्रेस और लेफ्ट पार्टियां बिहार में 14 सीटों पर दावा कर रही हैं। 40 सीटों वाले सूबे में अगर कांग्रेस-लेफ्ट को उनकी मांग के मुताबिक 14 सीटें दे दी जाएं तो फिर जेडीयू और आरजेडी के लिए 26 सीटें ही बचती हैं। जेडीयू के 16 उम्मीदवार 2019 में जीते थे जबकि आरजेडी 19 सीटों पर दूसरे स्थान पर रही थी। जेडीयू पिछले चुनाव में जीती सीटों से कम सीटों पर तैयार नहीं होगी

**बिहार** की राजधानी पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में बड़ी जोर-शोर के साथ जिस विपक्षी गठबंधन की नींव पड़ी थी, पांच राज्यों में चुनाव के बीच वह दरकती दिख रही है। पहले समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने विपक्षी इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस यानी इंडिया गठबंधन में कांग्रेस की भूमिका को लेकर तल्ख तेवर दिखाए। अब इस एकजुटता की कवायद के कर्णधार बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी नाराज हैं। दरअसल बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पहल पर पटना की मीटिंग से विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस यानी इंडिया गठबंधन का गठन हुआ था। नीतीश कुमार ने जहां एक ओर कांग्रेस पर सवाल उठाए, वहीं खुद को सबको साथ लेकर चलने वाला बताया। नीतीश ने कहा, हम सबको एकजुट करते हैं। सभी को साथ लेकर चलते हैं। उन्होंने कहा, हम लोग सोशलिस्ट हैं। सीपीआई से भी हमारा रिश्ता पुराना है। कम्युनिस्ट सोशलिस्ट को एक होकर आगे चलना है। दरअसल, नीतीश कुमार भाजपा से नाता तोड़ने के बाद से विपक्ष को एकजुट करने की कोशिश में जुट गए थे। उन्होंने अलग अलग राज्यों में जाकर विपक्षी दलों के नेताओं से मुलाकात की थी। नीतीश 2024 लोकसभा चुनाव में भाजपा के खिलाफ विपक्षी दलों को साथ लाने में सफल भी हुए थे। इसके बाद नीतीश ने जून में पटना में विपक्षी दलों की बैठक बुलाई थी। इस बैठक में कांग्रेस, टीएमसी, शिवसेना, आम आदमी पार्टी, समाजवादी पार्टी, डीएमके, लेफ्ट समेत 15 दल के नेता शामिल हुए थे। इस बैठक के बाद बेंगलुरु में विपक्षी दल के नेता मिले थे। इस बैठक में 20 से ज्यादा दलों के नेता शामिल हुए थे। लेकिन बैठक का नेतृत्व कांग्रेस ने किया था। यहां तक कि राहुल गांधी ने अचानक बिना चर्चा के गठबंधन का नाम इंडिया तय कर दिया था। इस पर ममता बनर्जी ने भी समर्थन दिया था। हालांकि, नीतीश कुमार इस नाम के पक्ष में नहीं थे। इतना ही नहीं नीतीश कुमार बैठक के बाद आयोजित संयुक्त प्रेस वार्ता से पहले ही पटना लौट आए थे। इसके बाद नीतीश कुमार की नाराजगी की खबरें



सामने आई थीं। कहा गया था कि जिस तरह से विपक्ष की बैठक को कांग्रेस ने हाईजैक किया, उससे नीतीश नाराज हैं। लांकि, मुंबई में आयोजित तीसरी बैठक में नीतीश कुमार हिस्सा लेने पहुंचे थे। पटना, बेंगलुरु और मुंबई में आयोजित हुईं बैठकों के बाद इंडिया गठबंधन तो बन गया। हालांकि, सीटों के बंटवारे, संयोजक कौन होगा, भाजपा से मुकाबले के लिए गठबंधन की रणनीति क्या होगी ये तय नहीं हो सका था । हाल ही में सीटों के बंटवारे को लेकर जब कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से सवाल किया गया था तो उन्होंने कहा था कि 5 राज्यों में चुनाव के बाद इस पर बात होगी। गौरतलब है कि विपक्षी दलों को एकजुट करने के लिए पटना से कोलकाता, दिल्ली से चेन्नई एक कर देने वाले नीतीश कुमार ने कहा है कि आजकल गठबंधन का कोई काम नहीं हो रहा। कांग्रेस पांच राज्यों के चुनाव में व्यस्त है, इस तरफ ध्यान नहीं दे रही है। उन्होंने ये भी कहा कि हम सबको एकजुट कर, साथ लेकर चलते हैं। हम लोग सोशलिस्ट हैं। सोशलिस्ट और कम्युनिस्ट को एक होकर आगे चलना है। अब नीतीश के इस बयान के मीन-मेख निकाले जाने लगे हैं। भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले केंद्र की सत्ता पर काबिज राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन यानी एनडीए को हराने के लिए एक सीट पर एक उम्मीदवार के फॉमूर्ले की वकालत करने वाले नीतीश आखिर अचानक इतने तल्ख क्यों हो गए?

सवाल इसलिए भी उठ रहे हैं, क्योंकि इस बयान के एक दिन पहले ही नीतीश कुमार से जब इंडिया गठबंधन में अनबन को लेकर सवाल हुआ, तब उन्होंने हाथ जोड़ लिए थे। ऐसे समय में जब उत्तरप्रदेश में अखिलेश यादव ने 65 सीटों पर चुनाव लड़ने का एकतरफा ऐलान कर अपनी लकीर खींच दी है, नीतीश कुमार के इस बयान के मायने क्या हैं?

सुशासन बाबू का ये बयान कहीं हिंदी पट्टी के दो बड़े राज्यों में इंडिया गठबंधन का रास्ता ब्लॉक हो जाने का संकेत तो नहीं? नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता और जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला भी कह चुके हैं कि गठबंधन में सबकुछ ठीक नहीं है। हम फिर बैठेंगे और मिलकर आगे बढ़ने की कोशिश करेंगे। ऐसे में सवाल विपक्षी गठबंधन के भविष्य को लेकर भी उठ रहे हैं।

अब सवाल ये भी उठ रहे हैं कि जब इंडिया के घटक दल पहले से ही महागठबंधन में साथ हैं तो फिर समस्या कहां है? कहा तो ये भी जा रहा है कि जिस तरह कांग्रेस ने राजस्थान, मध्य प्रदेश समेत सभी चुनावी राज्यों में और सपा ने उत्तर प्रदेश में अपनी लकीर खींच दी है। नीतीश कुमार की रणनीति भी कुछ वैसी ही हो सकती है।

दरअसल, कांग्रेस और लेफ्ट पार्टियां बिहार में 14 सीटों पर दावा कर रही हैं। 40 सीटों वाले सूबे में अगर कांग्रेस-लेफ्ट को उनकी मांग के मुताबिक 14 सीटें दे दी जाएं तो फिर जेडीयू और आरजेडी के लिए 26 सीटें ही बचती हैं। जेडीयू के 16 उम्मीदवार 2019 में जीते थे जबकि आरजेडी 19 सीटों पर दूसरे स्थान पर रही थी। जेडीयू पिछले चुनाव में जीती सीटों से कम सीटों पर तैयार नहीं होगी। अब दूसरा पहलू ये भी है कि कांग्रेस 2019 में केवल एक सीट जीत सकी थी और अब दावा 10 पर कर रही है। विधानसभा चुनाव की बात करें तो कांग्रेस ने 70 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे थे और पार्टी महज 19 सीटें ही जीत सकी थी। तब महागठबंधन सरकार बनाने के लिए जरूरी बहुमत के जादुई आंकड़े से मामूली अंतर से पीछे रह गया था और इसके लिए कांग्रेस के प्रदर्शन को जिम्मेदार ठहराया जाने लगा था। कहा जा रहा है कि 2019 के आम चुनाव और 2020 के बिहार चुनाव में कांग्रेस के प्रदर्शन को देखते हुए नीतीश कुमार कांग्रेस को अधिक सीटें देने के पक्ष में नहीं हैं। नीतीश कुमार के ताजा बयान को कांग्रेस के लिए सख्त संदेश की तरह देखा जा रहा है कि बिहार में उसे उनकी ही माननी पड़ेगी। पहले अखिलेश और अब नीतीश के बयान को पांच राज्यों के नतीजों के बाद बारगेन पावर बढ़ने की उम्मीद लगाए कांग्रेस के लिए झटके की तरह देखा जा रहा है। अखिलेश ने तो दो टूक कह दिया है कि राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ जीत भी जाते हैं तो किसी मुगालते में ना रहें। यहां दाल नहीं गलने वाली।

उत्तर प्रदेश और बिहार, दोनों ही राज्य लोकसभा चुनाव के लिहाज से बहुत महत्वपूर्ण है। लोकसभा के 543 में से 120 सदस्य इन्हीं दो राज्यों से चुनकर आते हैं। आंकड़ों के हिसाब से देखें तो उत्तर प्रदेश -बिहार के सदस्यों की तादाद कुल सदस्य संख्या के करीब 22 फीसदी पहुंचती है। ऐसे में सवाल ये भी है कि अपनी खोई जगह वापस पाने के लिए संघर्ष कर रही कांग्रेस इन दो राज्यों में सहयोगी दलों की शर्तें मानेगी या यहां इंडिया गठबंधन का रास्ता ब्लॉक हो जाएगा?

## कविता

हे ईश्वर जमीं नही दी,आसमान तो दे,
थोड़ा जीने का अदद सामान तो दे।

बहुत अभिलाषा,लिप्सा,आकांक्षा नहीं,
जीने का कोई तरीका आसान तो दे ।

रोज खाली हाथ लौटता हूं घर अपने,
इंसानियत का भला करने का इमान तो दे।

गीली ठंडी जमीं पर सोता हूं मैं रोज, आसमानो
को भेदने,तीर कमान तो दे।

बिना रोए दूध नहीं पिलाती मां बच्चे को,
ना मांगू किसी से कुछ ऐसा वरदान तो दे।

बिना आवाज दिए देखता नहीं कोई,
मिल जाए सब को सब,ऐसा ज्ञान तो दे।

नन्हे हाथ मेरे पहुंचते नहीं तुझ तक,
ज्ञान के आलोक की कोई जुबान तो दे ।

मानव कल्याण की प्रार्थना करुं, संजीव,
ऐसा पवित्र,शांत, नितांत कोई स्थान तो दे।

**संजीव ठाकुर**

## हरिया या सूखिया

**डॉ. सुरेश कुमार**

**गरीबी में** केवल आटा ही गीला नहीं होता, बल्कि नाम भी एक जैसे होते हैं। ह्यह्य इसका-उसका-सबका नाम भी हरिया!! पूरे गांव ने एक ही नाम रख लिया है क्या!? कोई यह हरिया, कोई वह हरिया, कोई हर हर हरिया! हरिया केवल नाम से हरिया है, बल्कि वह तो केवल सूखिया है। ये लोग आदमी हैं या आरटीओ के नंबर!

सही-सही बताओ तुम्हारा नाम क्या है ? कोआपरेटिव सोसायटी में धान खरीदी के तमाम रजिस्टरों के बीच फंसे साहब बोले। सुखहरिया लिख लो साहेब। सुखहरिया, .... और ये क्या !! पचास बोरी धान लाए हो!? चाचा ये कोआपरेटिव सोसायटी है बनिए की दुकान नहीं कि इत्ता-उत्ता जित्ता भी हो बटोर लाए। जित्ता था सब लाया हूं मालिक। बढ़िया किसम का धान है। एक बार देख लेते .... देखेंगे क्यों नहीं! देखना तो पडैगा ही। ऐसेई थोड़ी लै लेगी सरकार। बड़ी सख्त ड्यूटी है महाराज। सरकार मेहनत और ईमानदारी से काम करने का पैसा देती है, कोई मजाक नहीं है! इत्ती गरमी में यहां बैठे हम पसीना हेड़ रए हें तो किसके लिए? सरकार की सेवा के लिए ..... और धान क्यों नहीं लाए? इत्तई पैदा हुआ साहेब। सारा लै आए हैं। जमीन कम है। हम छोटे किसान हैं। अरे महाराज ! कित्ते जनम तक छोटे किसान बने पैदा होते रहोगे ! कुछ पुन्न-उन्न किए होते तो तुम बड़े किसान के घर में पैदा होते और औलादें भी बड़े किसान की कहातीं। सारी गलती तुम्हारी है। हम तिवारी हैं, ....... सब्जी-भाजी पैदा करते हो ? आलू-भिंडी कुछ? आप गेहूं देख लेते ..... एक-एक दाना चमकदार है। किसान ने ना में सिर हिलाते हुए गुजारिश की ।

चमकदार होने से क्या होता है !? पीसने से बनेगा इडली-डोसा ही, बिजली तो बनेगी नहीं ! एं ? ङ्खङ्खङ्ख भैंस पाली होगी? घी-वी होता है?

अच्छी क्वालिटी का चावल है साहेब, देख तो लेते । किसान ने फिर रुँआसी स्वर में कहा। तो नमूना लाओ ना .... अब मैं जाऊँगा क्या तुम्हारे ट्रेक्टर के पास, ..... सरकारी आदमी ऊपर से तिवारी? किसान नमूना ले कर हाजिर होता है, साहब बोले-हूं ....चावल तो अच्छा है! पहले बताना था ना। कह तो रहे थे कि देख लेते एक बार। ठीक है चच्चा, ऐसे तो सब कहते रहते हैं। .... पचास बोरे हैं ना? हां पूरे पचास हैं। देखो एक आदमी साथ कर देते हैं। दस बोरी मेरे यहां पटका दो, पंद्रह-पंद्रह हमारे बड़े साहबों के यहां और दस बैंक वाले साहब के यहाँ।

पैसे कौन देगा !? किसान चिंतित हो गया। पैसा !! ....... तुमको सरकार पर भरोसा नहीं है तो आए क्यों यहां? हम तो इसलिए बोले साहब कि अनाज तो सरकारी गोदाम में जाता है! तो हम क्या सरकारी आदमी नहीं हैं !? ....... सरकार के गोदाम कोई एक जगह होते हैं !ङ्खङ्ख अब यहां तुम्हारे लिए एक लिस्ट टंगवाए क्या, कि ये-ये बंगले सरकारी गोदाम हैं।

## विचार

# भारत की भौगोलिक, सामाजिक आर्थिक विषमताएं

**स्वतंत्रता** प्राप्ति के बाद से ही भारत की सरकारें वर्ष 2023 तक यह प्रयास करती रही है कि एक नवीन, मजबूत भारत का उदय हो, जहां अमीरी, गरीबी, जाति, संप्रदाय और सामान्य और दलित वर्ग भेद पूर्णता समाप्त हो जाए,पर भरसक प्रयास के बाद भी ऐसा हो नहीं पाया है' वर्तमान में भारत की सामाजिक,भौगोलिक, आर्थिक विभिन्नता एवं विषमता देश के आर्थिक तथा वैश्विक छवि के लिए अवरोध साबित हो सकते हैं। देश में विभिन्न नीतियों के विरुद्ध राष्ट्रीय संपत्ति की तोड़फोड़, आपसी असहमति में हत्याये देश के सर्वांगीण विकास के लिए अच्छे संकेत नहीं है। भारत को एक सशक्त आंतरिक नीति एवं सामाजिक सौहार्द्र की आवश्यकता है तब ही हम विकास के पथ पर आगे प्रशस्त हो सकते हैं। भारत की सफल विदेश नीति एक अच्छी नीति की शुरूआत है और विदेशों में भारत की एक अलग पहचान भी महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, पर केवल विदेश नीति से ही देश की 141 करोड़ जनता का पेट भरना और उसे विकास की राह में ले जाना मुमकिन नहीं है। देश की आवाम को सशक्त योजनाओं और आर्थिक तंत्र के मजबूत होने के साथ-साथ उत्पादन में आत्मनिर्भरता से ही मजबूत बनाया जा सकता है, तब जाकर देश की गरीबी एवं भूखमरी पर निजात पाई जा सकती है।

धर्मनिरपेक्षता के मजबूत कंधों के सहारे देश को सांप्रदायिक सद्भाव के मार्ग पर ले जाने के साथ-साथ शांति और सौहार्द्र का वातावरण तैयार किया जा सकता है। देश में शांति सौहार्द और उत्पादन में आत्मनिर्भरता ही विकास के सच्चे पैमाने हैं। पंचवर्षीय योजनाओं में लगातार गरीबी उन्मूलन, कृषि विकास की योजनाएं, विज्ञान एवं टेक्नोलॉजी, स्कूली एवं कॉलेज की शिक्षा, स्वास्थ्य की तमाम परेशानियों को दूर करने के लिए बड़ी-बड़ी आर्थिक योजनाएं बनती रही हैं,पर न तो पूरी तरह योजनाओं में अमल हो पाया और ना ही भरपूर वित्तीय संसाधनों का सही-सही समुचित दोहन ही हो पाया' वैसे तो यह कल्पना की गई थी कि स्वतंत्रता के पश्चात भारत की सरकारें ग्रामीण विकास को प्राथमिकता देकर शहर तथा गांव की सरहदों को मिटाने का प्रयास करेगी, हमारा लोकतांत्रिक ढांचा इतना समावेशी और मजबूत नहीं हो पाया कि हम देश के संपूर्ण विकास के लिए कटिबद्ध हो पाए' संसद, विधायिका और कार्यपालिका में तालमेल की कमी के कारण भारत में विकास कल्पना के अनुरूप मूर्त रूप नहीं ले पाया' हमें नवीन भारत की संकल्पना के साथ-साथ गरीबी उन्मूलन प्रयास को बहुत सशक्त एवं दमदार बनाना होगा' केवल गरीबों को मुफ्त में अनाज देकर उनकी गरीबी दूर नहीं की जा सकती है' गरीबों को अनाज देने के साथ-साथ उनके हाथों को काम और आजीविका के साधन भी देने होंगे, तब जाकर देश की स्थिति सुधर सकती है' हमें गरीबी के अनेक स्वरूपों को जड़ से खत्म करना होगा। इसके लिए हमें पिछड़ी जाति, दलित, दिव्यांग,महिलाएं, गरीब बच्चे के लिए सर्वाधिक योजनाओं को महत्व देकर निशुल्क शिक्षा,रोजगार गारंटी तथा कौशल विकास तथा पारदर्शी स्वास्थ्य योजनाओं को हर पंचवर्षीय योजना में लागू किया जाना होगा, पर अब हर वर्ष नई नई योजनाएं बनाकर उस पर प्रभावी क्रियान्वयन कर गरीबी उन्मूलन को प्राथमिकता के तौर पर सफल बनाना होगा' यह सर्वविदित है कि सरकार द्वारा बनाई गई योजनाओं के सफल क्रियान्वयन से ही नवीन भारत का मार्ग प्रस्तुत हो सकता है' भारतीय समाज में जातिवाद एक बड़े नासूर की तरह हम सबके समक्ष खड़ा है' जात पात को खत्म करने के लिए स्वतंत्रता के प्राप्ति के पश्चात कई महान पुरुषों ने अपना जीवन लगा दिया था, जिनमें प्रमुख ज्योतिबा फुले, महात्मा गांधी, डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के नाम उल्लेखनीय है' इनके समुचित प्रयास के बाद भी जातिवाद को आज भी भारत में खत्म नहीं किया जा सका है,बल्कि यह बड़े रूप में सामने आए हैं एवं राजनीतिक समीकरण के कारण यह और उभर कर सामने आया है' जिसका फायदा राजनीतिज्ञ अपने चुनाव के समय वोटर को अपने पक्ष में करने के लिए उठाते हैं।


## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक राकेश भारद्वाज, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।
दूरभाष नं. - (011) 47502546
फैक्स - (011) 27677673
प्रधान संपादकः रवि भारद्वाज
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# स्पोर्ट्स कमेंटेटर - स्पोर्ट्स कमेंटेटर कैसे बनें

**विजय गर्ग**

**खेल** टिप्पणीकार (स्पोर्टकास्टर्स) किसी खेल खेल या आयोजन की घटनाओं का वर्णन करते हैं। वे कार्यक्रम को रेडियो पर प्रसारित कर सकते हैं, जिससे श्रोता को यह समझने के लिए पर्याप्त विवरण मिल सके कि क्या हो रहा है। खेल कमेंटेटर टेलीविजन में भी काम करते हैं, जो खेल के साथी के रूप में कमेंट्री करते हैं। छोटी कार्रवाई की अवधि में, एक टिप्पणीकार खेल में वर्तमान घटनाओं या खेल के इतिहास के विभिन्न पहलुओं के बारे में बात कर सकता है। आज के समय में खेल के साथ-साथ कई अन्य क्षेत्रों में भी उनके लिए करियर की ढेरों संभावनाएं हैं। उन्हें अंग्रेजी भाषा के अच्छे ज्ञान के साथ-साथ देश-दर-देश के आधार पर विभिन्न भाषाओं का ज्ञान होना चाहिए।

खेल कमेंटेटर पात्रता शैक्षणिक योग्यता स्पोर्ट्स कमेंटेटर पाठ्यक्रमों के लिए पात्र बनने के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता पत्रकारिता विषयों के साथ 10वीं या 12वीं कक्षा है। खेल कमेंटेटर के लिए आवश्यक कौशल खेल टिप्पणीकारों के पास बोलने, लिखने, सुनने और पारस्परिक कौशल, अनुसंधान क्षमता और मीडिया उत्पादन कौशल होना चाहिए। उन्हें मीडिया उत्पादन, संचार और प्रसार तकनीकों और तरीकों का अच्छा ज्ञान होना चाहिए।

उन्हें दूरसंचार में भी अच्छा होना चाहिए जैसे कि दूरसंचार प्रणालियों के प्रसारण, प्रसारण, स्विचिंग, नियंत्रण और संचालन का ज्ञान। उनके पास त्वरित सोच कौशल होना चाहिए क्योंकि कमेंट्री के दौरान उनकी गति एक टीम से दूसरी टीम में अचानक बदल जाती है, किसी खिलाड़ी को चोट लग जाती है, अचानक मौसम बदल जाता है। अप्रत्याशित या यहां तक कि दर्दनाक घटित होने पर तुरंत सोचने और शांत और पेशेवर बने रहने की क्षमता स्पोर्ट्सकास्टर्स के लिए एक मूल्यवान कौशल है।

स्पोर्ट्स कमेंटेटर कैसे बनें? स्पोर्ट्स कमेंटेटर बनने के लिए नीचे दिए गए चरणों का पालन करना होगा। स्टेप 1 स्पोर्ट्स कमेंटेटर बनने के लिए आपके बोलने के तरीके के साथ-साथ आपके पैरों पर खड़े होकर सोचने की क्षमता भी अच्छी होनी चाहिए। उन्हें खेल के अच्छे ज्ञान के साथ-साथ पत्रकारिता में भी कुछ कौशल की आवश्यकता है।

## प्याज की महंगाई -सरकार की लड़ाई-जनता की भलाई

**किशन**

**भारत में एक** ओर जहां आईसीसी विश्व कप क्रिकेट मैच में दिनांक 2 नवंबर 2023 को देर रात्रि 33 वें मुकाबले में भारत ने श्रीलंका को 55 रन पर सिमटा कर टीम को शतकवीर बनने से रोक कर मैच जीत ली है। ठीक उसी प्रकार भारत सरकार भी लगातार तेजी से महंगे हो रहे प्याज के शतकवीर बनने के ख्वाब को तोड़ने के लिए उपभोक्ता मंत्रालय लगातार रणनीतियां बनाकर उसे तोड़ने के लिए एक्शन लेकर शतकवीर नहीं बनने देने की ठान ली है, जिसके परिणाम को हासिल करने के लिए भारत ने पहले 31 दिसंबर 2023 तक प्याज के निर्यात को रोकने के लिए या बंदिश लगाने के लिए 40 प्रतिशत सीमा शुल्क लगा दिया था और फिर 29 अक्टूबर 2023 को प्याज के निर्यात को थामने के लिए प्याज का निर्यात मूल्य 800 डॉलर प्रति टन कर दिया था और आज 2 नवंबर 2023 को शासन ने एक लाख टन प्याज को खुदरा बाजार में बेचने का निर्णय लिया है जो भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन महासंघ लिमिटेड (नाफेड) के जरिए खुदरा बाजारों में स्थान पहचान कर सस्ते मूल्य पर बेचा जाना है जिससे जमाखोरों तथा कथित व्यापारियों मुनाफाखोरों के मंसूबों पर नियंत्रण किया जा सके, जिसका रिजल्ट हमें देखने को मिल रहा है कि पिछले बार में 1.70 लाख तन खुदरा बाजार में बेचकर मूल्य नियंत्रण किया गया जो हमने देखा कि अनेक स्थानों पर ब्याज 25 रुपए प्रति किलो बेचा जा रहा है जो रणनीतियां बनाकर बेचना जारी है। चूंकि प्याज की कीमतों प्याज को शतकवीर बनने के ख्वाब को तोड़ने के लिए सरकार एक्शन में है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, प्याज की कीमतों में नियंत्रण हेतु 1 लाख टन प्याज खुदरा बाजार में उतारने का सरकार का निर्णय सराहनीय है।

साथियों बात अगर हम प्याज के शतक वीर बनने के ख्वाब को तोड़ने के लिए सरकार के एक्शन की करें तो, जहां एक ओर शतकवीर बनने की ओर अग्रसर प्याज की कीमतों को थामने के लिए सरकार ने प्याज का न्यूनतम निर्यात मूल्य (एमईपी) 800 डॉलर प्रति टन तय कर दिया था।

## न्यूज फ्लैश

### नेशनल लिगल सर्विसज डे के उपलक्ष्य में हुआ कार्यक्रम का आयोजन

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। जिला** विधिक सेवा प्राधिकरण में नेशनल लिगल सर्विसज डे के उपलक्ष्य में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव सुश्री जसबीर ने बताया कि जिला एवं सत्र न्यायधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष चन्द्रशेखर के मार्गदर्शन मे इन कार्यक्रमों का आयोजन जिला के विभिन्न स्थानों पर किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 9 नवम्बर को हर वर्ष नेशनल लिगल सर्विसज डे मनाया जाता है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा 2 नवम्बर से 9 नवम्बर तक नेशनल लिगल सर्विसज डे के उपलक्ष्य में जिला के विभिन्न स्थानों जैसे कि आंगनवाड़ी केन्द्र, अपना आशियाना, सुभद्रा सीनियर सीटिजन होम, झुग्गी झोपडी इलाका और लेबर चौक पर कानूनी साक्षरता शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसमें 2 नवम्बर को जिला के सभी स्कूलों मे लिगल लिटरेसी क्लब के सौजन्य से कानूनी साक्षरता शिविरों का आयोजन किया गया व क्वीज कंपीटिशन के विजेताओं को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसी कड़ी में शुक्रवार को जिला एडीआर सैंटर मे पैनल अधिवक्ताओं के साथ बैठक कर उन्हे नेशनल लिगल सर्विसज डे व मैगा सर्विसज कैंप से अवगत कुमार, सुश्री मिनाक्षी गुप्ता व अंशुल चौधरी, पैरा लिगल वालंटियरस इज्ञा पाल व हिमांशु ढिंगड़ा व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारियों राज कुमार, अमित राय, नरेन्द, सुश्री श्वेता, सुश्री नेहा, बलकार व नरेन्द्र कुमार को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया।

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**पानीपत (कमाल हुसैन)**
(मो. नं.: 9813507693)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**अंबाला (मनीष)**
(मो. नं.: 9896772006)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**पानीपत (बिजेंद्र सिंह)**
(मो. नं.: 9466035040)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**करनाल राजकुमार शर्मा (प्रिंस)**
(मो. नं.: 98962 76156)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**चंडीगढ़/पंचकुला हरज्ञान चौधरी**
(मो. नं.: 94668 87896)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**सोनीपत (संजीव कौशिक)**
(मो. नं.: 9991270143)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**फरीदाबाद हरपाल सिंह यादव**
(मो. नं.: 98117 14343)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**पंचकूला (मैनपाल)**
(मो. नं.: 9671232478)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**कुरुक्षेत्र दलबीर मलिक**
(मो. नं.: 94162 71181)

# आंदोलनकारी किसानों ने सीटीएम को सौंपा ज्ञापन

## राकेश टिकैत के एनकाउंटर वाले बयान को लेकर भाकियू उतरी सड़कों पर, किया जोरदार प्रदर्शन

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**भारतीय किसान** यूनियन ने लोनी के विधायक द्वारा दिए गए राकेश टिकैत को एनकाउंटर वाले ब्यान के मामले को लेकर सैंकड़ों किसानों ने सीएम सिटी की सडकों पर उतरकर जोरदार प्रदर्शन किया और प्रधानमंत्री व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन को हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के माध्यम से भेजा गया है।
इससे पूर्व सेक्टर-12 स्थित जाट भवन में किसान महापंचायत का आयोजन किया गया। महापंचायत की अध्यक्षता वयोवृद्ध किसान नेता प्रेमचंद शाहपुर ने की। भाकियू नेताओं ने किसान पंचायत को संबोधित करते हुए भाजपा व उसके एक विधायक के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए कहा कि इस विधायक के खिलाफ तुरंत मामला दर्ज करके मामले की जांच की जाए।
महापंचायत के उपरांत किसान प्रदर्शन करते हुए जिला सचिवालय पहुंचे, जहां उन्होंने सिटी मजिस्ट्रेट अमन कुमार को



ज्ञापन सौंपा। किसानों ने चेतावनी देते हुए कड़े शब्दों में कहा कि भाजपा विधायक नंद किशोर द्वारा दिए गए ब्यान की तुरंत जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि किसान नेता राकेश टिकैत अकेले नहीं है, बल्कि पूरे हिंदुस्तान में उनके पीछे चट्टान की तरह लाखों किसान टिकैत के रूप में खड़े है।

वयोवृद्ध किसान नेता प्रेम चंद शाहपुर सहित तमाम किसान नेताओं ने भाजपा के विधायक द्वारा किसान नेता राकेश टिकैत को लेकर दिए गए ब्यान की कड़े शब्दों में निंदा की। सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया कि इस विधायक के द्वारा गत 28 जनवरी, 2021 की रात्रि को भी किसान

**विरोध**

**8 कई दिन पहले उनके द्वारा दिए गए बयान से प्रतीत होता है कि उनकी मानसिकता किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की है**

आंदोलन के चलते वहां पर किसानों के साथ अभ्रदता व मारपीट की भी कोशिश की गई थी। इस शरारत में वह कामयाब नहीं हो पाया था, लेकिन कई दिन पहले उनके द्वारा दिए गए बयान से प्रतीत होता है कि उनकी मानसिकता किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की है।
भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत देशभर में आते-जाते रहते है और किसानों की लड़ाई को लड ? का कार्य मजबूती के साथ करते हैं, लेकिन बार-बार उन्हें धमकियां मिलना और एक विधायक के द्वारा ऐसा ब्यान आना इस किसान कमेरे वर्ग को आहत करने वाला है। आंदोलनकारी किसान नेताओं ने किसान नेता राकेश टिकैत को इन हालातों में हाई सिक्योरिटी मुहैया करवाने की मांग भी की है। किसान नेताओं ने यह भी कहा कि कभी भी राकेश टिकैत के साथ किसी प्रकार की अप्रिय घटना घटित होती है तो उसकी सीधी जिम्मेदारी भाजपा सरकार की होगी।
इस अवसर पर प्रदेश सरंक्षक प्रेम चंद शाहपुर, प्रवक्ता सुरेंद्र सांगवान, प्रदेश संगठन सचिव श्याम सिंह मान, उत्तरी हरियाणा प्रभारी मेहताब कादियान, जिला अध्यक्ष
सुरेंद्र सिंह घुम्मन, चेयरमैन यशपाल राणा, जिला महासचिव सुरेंद्र बेनीवाल, सचिव महेन्द्र मढ़ान, अंग्रेज सिंह लाठर, रामफल नरवाल, रणबीर कतलाहेड़ी, जयपाल शर्मा, राजबीर भरतरी, वेदपाल, रामेश्वर, रमेश बजीदा सहित सैंकड़ों की संख्या में किसान मौजूद रहे।

## 9 नवम्बर को एडीआर सेंटर के प्रांगण में होगा मेगा कैंप का आयोजन

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। मुख्य** न्यायिक मजिस्ट्रेट सुश्री जसबीर कौर एवं अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. वैशाली शर्मा की अध्यक्षता में शुक्रवार को सभी विभागों करनाल के अध्यक्षों एवं कर्मचारियों के साथ एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में आगामी 9 नवंबर को जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के प्रांगण में आयोजित होने वाले जो मेगा कैंप को सफल बनाने के लिए चर्चा की गई। इस अवसर पर सभी को विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए बताया गया कि वे अपने विभागों की योजनाओं एवं सचिवों का जिससे आम पब्लिक को फायदा होता है, उसके पेंफलेट्स लेकर स्टॉल लगाएं और अधिक से अधिक इस अपनी विभागों की सुविधाजनक जानकारी आम जनता को उपलब्ध कराएं, ताकि आम जनता सभी विभागों के द्वारा दी जाने वाली लाभकारी योजनाओं का फायदा उठा सकें। इस वर्कशॉप में सभी विभागों के कंसर्न ऑफिशियल ने अपनी अपनी विभागों के द्वारा चलाई जाने वाली योजनाओं के बारे में भी सुश्री जसबीर को अवगत कराया। सीजेएम ने बताया कि यह मेगा कैंप सुबह 9.30 बजे शुरू हो जाएगा और जब तक कोशिश हो सके दोपहर तक इसे चलाया जाएगा।

## डीसी की अध्यक्षता में जिला खेल परिषद की हुई बैठक

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**जिला खेल** परिषद की एक बैठक आज यहां जिला सचिवालय में उपायुक्त अनीश यादव की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इसमें बैठक के एजेंडे में रखे गये आठ प्रस्तावों पर विचार विमर्श किया गया।
उपायुक्त ने खेल विभाग को जिला खेल परिषद के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा खेलों की सुविधाएं देने पर विचार विमर्श करने के लिए कहा। इसके अतिरिक्त सबसे अहम एजेंडे में उन्होंने स्मार्ट सिटी के तहत जिला में बन रहे आधारभूत खेल ढांचों के रख-रखाव को लेकर प्लानिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला खेल अधिकारी को इस कार्य के लिये



अलग से बैंक में खाता खुलवाने के निर्देश दिये।
उन्होंने कहा कि स्मार्ट सिटी के अंतर्गत बन रहे आधारभूत खेल ढांचे बहुत ही महत्वपूर्ण हैं, इन्हें भविष्य में सुचारू रूप से बनाए रखने के लिए अनेकों कार्य करने होंगे। इन ढांचों से हमें कुछ आमदनी भी होगी जिसे दो हिस्सों में स्मार्ट सिटी व जिला खेल परिषद के बीच बांट लिया जाएगा ताकि भविष्य में इस फंड से इन ढांचों की मरम्मत आदि व रख-रखाव का काम बखूबी रूप से किया जा सके। खेल परिषद का प्रयास है कि खिलाड़ी आधारभूत ढांचे का सही उपयोग कर अपनी प्रतिभा को निखारें। बैठक में खेल मैदानों के शौचालयों की मरम्मत, सफाई कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने, वाटर कूलर लगवाने आदि के बारे में भी विचार-विमर्श किया गया।
जिला खेल अधिकारी सुधा भसीन ने कहा कि जिला खेल परिषद के खाते में पड़ी राशि के संबंध में खेल विभाग के निदेशक को लिखा गया है, मंजूरी मिलते ही इसे उपयोग में लाया जाएगा। उन्होंने बताया कि खिलाडियों को ड्रग्स जैसी बुरी आदतों से बचाने के लिये सरकार ने हरियाणा प्रोविजन ऑफ स्पोर्टस इक्विपमेंट स्कीम 2023-24 योजना आरंभ की है।

## भ्रष्टाचार के विरुद्ध सतर्कता के लिए प्रत्येक हिंदुस्तानी जागरूक हो : नरेंद्र अरोड़ा

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। एंटी** करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया की ओर से सेंट्रल विजिलेंस कमीशन के सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत संत कबीर पब्लिक स्कूल में सत्यनिष्ठा शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नेशनल डायरेक्टर अजीत राही एवं नेशनल वाईस चेयरपर्सन पायल मित्तल ने की। फाउंडर एवं नेशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा ने स्कूल के विद्यार्थियों को



सच्चाई और ईमानदारी का पाठ पढ़ाते हुए सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई। इस अवसर पर एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा कबीर पब्लिक स्कूल को विशेष सम्मान दिया गया, जिसे डिप्टी डायरेक्टर अंगद बिंद्रा ने प्राप्त किया। स्कूल द्वारा सभी सदस्यों को तिरंगा वस्त्र पहनाकर सम्मानित किया गया। नरेंद्र अरोड़ा ने कहा कि सेंट्रल विजिलेंस कमीशन द्वारा सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2023 देशभर में मनाया जा रहा है, जिसका विषय भ्रष्टाचार को न कहें, राष्ट्र के लिये प्रतिबद्ध रहें पर केंद्रित है।

## गांव कैलाना के खेतो से तीन बीघे धान की चोरी, मामला दर्ज

**गन्नौर: गांव** कैलाना के खेतों से धान की झड़ाई के बाद 3 बीघे डाली गई धान चोरी हो गई। किसान ने चोरी का गन्नौर थाना पुलिस में मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने मामला दर्जकर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस को दी शिकायत में बताया कि किसान राजेन्द्र ने बताया कि अपने खेत में 1 नवम्बर की रात को अपने खेत में धान की झड़ाई करने के बाद फसल को ब्रिकी के लिए तरपाल से ढकने के बाद घर आ गए। अगले दिन जाकर देखा तो करीब 3 बीघे की धान चोरी हुई मिली। शिकायत में बताया कि आसपास पता भी किया लेकिन कोई पता नही चला तो पुलिस में मामला दर्ज करवाया।

## जनसंवाद: विधायक सुभाष सुधा ने किया विभिन्न गांवों का दौरा



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। थानेसर के विधायक** सुभाष सुधा ने शुक्रवार को जन संवाद कार्यक्रम के तहत विभिन्न गांवों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने इंद्री विधानसभा के दरड़, चोरपुरा व घरौंडा विधानसभा के डींगर माजरा, गढ़ीखजूर व फैजलपुर माजरा गांव में जन संवाद के दौरान आमजन की समस्याओं को सुना व कुछ का मौके पर ही समाधान किया। इस अवसर पर उनके साथ इंद्री के विधायक रामकुमार कश्यप भी मौजूद रहे। जन संवाद कार्यक्रम में क्रीड विभाग के अधिकारियों तथा कर्मचारियों द्वारा मौके पर ही फैमली आईडी से सबंधित समस्याओं का निवारण किया। इस दौरान कुछ पात्र लोगों की बुढ़ापा, दिव्यांग व अन्य पेंशन भी सबंधित विभाग द्वारा मौके पर ही बनाई गई। विधायक सुभाष सुधा ने आमजन को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार ने बिना पर्ची- बिना खर्ची के नौकरियाँ देकर इतिहास रचने का काम किया है। प्रदेश सरकार की यह बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल की डबल ईंजन सरकार अंत्योदय के भाव से कार्य कर रही है। देश व प्रदेश की सरकार बिना भेदभाव के समान रूप से विकास कार्य करवाए हैं। उन्होंने कहा केंद्र की भाजपा सरकार ने आंतकवाद और भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों पर करारा प्रहार किया है। उन्होंने कहा कि जी 20 बैठक की मेजबानी करके भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्व स्तर पर अपनी विशेष पहचान बनाई है। इसके साथ-साथ मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने प्रदेश में बिना पर्ची और बिना खर्ची के सरकारी नौकरियां दी हैं, जिससे प्रदेश का युवा लाभान्वित हुआ है। इसके अतिरिक्त हरियाणा सरकार की अनेकों योजनाएं आमजन को लाभ पहुंचाने का काम कर रही हैं। इंद्री के विधायक रामकुमार कश्यप ने कहा कि वर्तमान सरकार पोर्टल के माध्यम से ही आमजन को घर बैठे ही सुविधाएं दे रही है।

## अपराधों की रोकथाम के लिए पुलिस अधीक्षक ने दिए सख्त निर्देश

**टीम एक्शन इंडिया/ पानीपत/कमाल हुसैन**
**पुलिस** अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने क्राइम कंट्रोल के संबध में सभी पर्यवेक्षण अधिकारियों, थाना प्रबंधक, सीआईए प्रभारी व चौकी इंचार्जो के साथ शुक्रवार को जिला सचिवालय के तृतीय तल पर स्थित पुलिस विभाग के सभागार में अपराध गोष्ठी का आयोजन कर कानून एवं व्यवस्था व दर्ज मुकदमों में की जा रही कार्रवाही की समीक्षा ले अपराधो पर अंकुश लगाने के लिए सख्त निर्देश दिए। अपराध गोष्ठी में सहायक पुलिस अधीक्षक मयंक मिश्रा, उप-पुलिस अधीक्षक मुख्यालय धर्मबीर खर्ब, उप पुलिस अधीक्षक नरेंद्र



सिंह, उप पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार व जिला के सभी थाना प्रबंधक, सीआईए प्रभारी व चौंकी इंचार्ज उपस्थित रहें। पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि दर्ज किसी भी मुकदमें की जांच बेवजह लंबे समय तक पेंडिंग न रखें एवं तय सीमा में जांच पूरी कर उसका न्यायालय में चालान पेश करें। क्षेत्र में विशेष तौर से पेट्रोलिग व गश्त बढा कर लूट व चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाया जाए। अपराधिक किस्म के व्यक्तियों को चिन्हीत कर उनके खिलाफ आवश्यक कार्रवाई अमल में लाए। सभी प्रबंधक थाना/चौकी इंचार्ज अपने-अपने क्षेत्र में निरंतर गश्त करें, संद्विगध वाहनों व व्यक्तियों की गहनता से चौकिंग करें एवं पीओ, बेल जम्पर को काबु करे। आदतन अपराधियो पर विशेष रुप से नजर रखे व समय-समय पर उनके बारे पुछताछ करते रहें। अपराधिक घटना घटीत होनें की कोई भी सूचना मिलती है तो तुरंत घटना स्थल पर पहुचें। जिला में मादक पदार्थ तस्करों, अवैध हथियार तस्करों, जुआरियों व सट्टेबाजों तथा अवैध शराब माफियाओं के खिलाफ सचेत होकर अरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाही अमल में लाए। भ्रष्टाचार को किसी भी सूरत मे सहन नही किया जाएगा अनुशासन में रहकर ईमानदारी से कार्य करें। शिकायत मिलने पर सख्त कानूनी कार्रवाही अमल में लाई जाएगी।

## क्रेडिट गारंटी स्कीम सीजीटीएमएसई पर हुआ जागरूकता कार्यक्रम

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। भारत सरकार (सूक्ष्म लघु** एवं मध्यम, उद्यम मंत्रालय) के एमएसएमई. विकास कार्यालयए करनाल द्वारा शुक्रवार को होटल डिवेंचर में क्रेडिट गारंटी स्कीम सीजीटीएमएसई पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सूक्ष्म और लघु उद्यमों के लिए क्रेडिट गारंटी फंड ट्रस्ट (सीजीटीएमएसई) ने सूक्ष्म और लघु उद्यमों के लिए क्रेडिट गारंटी योजना की पहुंच और प्रभावशीलता को बढ़ाने के उद्देश्य से कई संशोधन किये गए थे, ताकि एमएसई क्षेत्र को ऋण तक बेहतर पहुंच प्रदान की जा सके और ज्यादा से ज्यादा उद्यमी इस का लाभ उठा सके। सर्वप्रथम संजीव चावला, निदेशक, एमएसएमई-विकास कार्यालय करनाल ने कार्यक्रम के उद्देश्य के बारे में बताते हुए कहा कि यह कार्यक्रम बैंकों को और उद्यमियों को नवीनतम सीजीटीएमएसई योजना के बारे में और भारत सरकार की एमएसएमई मंत्रालय योजनाओं के लाभार्थ के लिए प्रोत्साहित करने हेतु आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अन्य बातों के साथ-साथ गारंटी की सीमा को 2 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 5 करोड़ रुपये कर दिया गया है और साथ ही गारंटी शुल्क में भी कमी की गयी है।

## जया ने कृष्ण जी की बाल लीला का प्रसंग सुनाया

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**श्री खाटू** श्याम कीर्तन मंडल करनाल की तरफ से श्रीमद् भागवत सप्ताह के पाँचवें दिन पूज्य जया किशोरी जी ने कथा में कृष्ण जी की बाल लीला, श्री गोवर्धन पूजा का प्रसंग सुनाया। आज की कथा में मुख्य यजमान के रूप में विपिन गुप्ता, अतुल जैन, निखिल गुप्ता, अनुभव बंसल, भाविक बंसल, शोभित गुप्ता, तरुण गुप्ता, अमित गुप्ता, पवन सिंगला, सुनील सिंगला, विकास सिंगल और हरीश गोयल शामिलरहे। श्रीमद् भागवत कथा में आज पांचवें दिन उन्होंने कहा कि कृष्ण ने ब्रजवासियों को मूसलाधार वर्षा से बचाने के



लिए सात दिन तक गोवर्धन पर्वत को अपनी सबसे छोटी उंगली पर उठाकर रखा और गोप-गोपिकाएं उसकी छाया में सुखपूर्वक रहे। भगवान ने गोवर्धन को नीचे रखा और हर वर्ष गोवर्धन पूजा करके अन्नकूट उत्सव मनाने की आज्ञा दी। तभी से यह उत्सव अन्नकूट के नाम से मनाया जाने लगा। जया जी ने श्रीकृष्ण भगवान के माखन चोरी की कथा सुनाई। कथा सुनकर प्रभु भक्त भाव विभोर हो गए। श्री कृष्ण की माखन चोरी की लीला का वर्णन करते हुए कहा कि जब श्रीकृष्ण भगवान पहली बार घर से बाहर निकले तो उनकी बृज से बाहर मित्र मंडली बन गई। सभी मित्र मिलकर रोजाना माखन चोरी करने जाते थे।
सब बैठकर पहले योजना बनाते की किस गोपी के घर माखन की चोरी करनी है। श्रीकृष्ण माखन लेकर बाहर आ जाते और सभी मित्रों के साथ बांटकर खाते थे। भगवान बोले जिसके यहां चोरी की हो उसके द्वार पर बैठकर माखन खाने में आनंद आता है।
माखन चोरी की लीला का बखान करते हुए उन्होंने भगवान कृष्ण के बाल रूप का सुंदर प्रकार से वर्णन किया। उन्होंने बताया कि भगवान कृष्ण बचपन में नटखट थे। भगवान श्रीकृष्ण की विभिन्न लीलाओं से जुड़ी कथा को सुनने व अधिकाधिक संख्या में कथा में भागीदार बनने के लिए भक्तों में भारी उत्साह और जोश दिखाई पड़ रहा है।

# सीएमओ कार्यालय परिसर में गैस रिसाव से मचा हड़कंप

**- लापरवाही आई सामने, एक दिन पहले भी शाम को हुआ था गैस का रिसाव**

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

सीएमओ कार्यालय परिसर में गैस रिसाव होने से हड़कंप की स्थिति पैदा हो गई। जिस जगह गैस का रिसाव हुआ बगल में ही एएनएम प्रशिक्षण केन्द्र है। इस केन्द्र में बडी संख्या में छात्राएं प्रशिक्षण ले रही हैं। गैस की चपेट में आईं छात्राओं को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। सीएमओ कार्यालय में शुक्रवार सुबह 11 बजे एएनएम प्रशिक्षण केंद्र के बगल में पंप हाउस से क्लोरीन गैस का रिसाव हो गया। गैस पूरे परिसर में फैल गई। अचानक गैस को देख कार्यालय में अफरा तफरी मच गई। एएनएम प्रशिक्षण केंद्र में पढ़ाई कर रही कुछ छात्राएं जमीन पर गईं। सूचना पर फायर ब्रिगेड और एंबुलेंस मौके पर पहुंची। मथुरा रिफाइनरी से भी टीम मौके पर पहुंच गई। फायर बिग्रेड के कर्मियों को भी मौके पर बुला लिया गया। कर्मचारियों ने लम्बी मशक्कत के बाद गैस रिसाव पर काबू पाया। क्लोरीन गैस के रिसाव को लेकर स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही खुलकर सामने आई। बताया जाता है कि गुरुवार शाम को भी क्लोरीन गैस का रिसाव हुआ था। इसके बाद सीएमओ ने फायर ब्रिगेड को सूचना देकर बुलाया। पंप हाउस में रखे क्लोरीन के दोनों सिलेंडर को ठीक से चेक नहीं किया गया। एएनएम का कोर्स कर रहे दो दर्जन छात्र छात्राएं इसकी चपेट में आ गए। दो की हालत गंभीर हो गई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी के कार्यालय में करीब सात आठ साल पहले एक कमरे में क्लोरीन से भरे सिलेंडर रख दिए गए थे। उसके बाद इस कमरे को खोला नहीं गया। सुबह करीब 11 बजे कमरे से अचानक गैस का रिसाव होने लगा। गैस रिसाव होते अफरा तफरी का माहौल व्याप्त हो गया। यहां एएनएम का कोर्स करने के लिए आए छात्र रागिनी, शालिनी, कुसुम, जितेंद्र, सर्वेश, सोनल वर्मा, ज्योति, कविता और प्रियंका दो दर्जन छात्र छात्राएं गैस की चपेट में आ गए। दो छात्रों की हालत बिगड़ गई।



## न्यूज फ्लैश

### मिलावटी सॉस, चटनी शरीर में पैदा कर रही घातक बीमारियां

**-जब टमाटर 200 रुपये किलो बिक रहा था 20 रुपए लीटर में मिल रहा था सॉस**

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

मांट तहसील में मिलावटी सॉस, चटनी का उपयोग चांट दुकानदारों द्वारा धड़ल्ले से किया जा रहा। जिसका मुख्य कारण इसकी कम कीमत होना है। जब टमाटर 200 रुपये किलो बिक रहा था तब भी सॉस 20 रुपए लीटर में मिल रहा था। यह आसानी से बाजार में 20 से 25 रुपए लीटर मिल जाती है। वहीं कंपनी की ब्रांडेड सॉस चटनी की कीमत लगभग 100 रुपये लीटर है। दुकानदार कम कीमत के चलते ग्राहकों को इसे ही खाने के लिए परोसते हैं। चाहे भले ही यह कितनी भी शरीर के लिए प्राण घातक साबित हो। इससे उन्हें कोई लेना देना नहीं है। वहीं खाद्य विभाग के अधिकारियों की सेटिंग होने के कारण चुप्पी साध रखी है। सूत्रों के मुताबिक मिलावटी सॉस में सेक्रीन, लाल कलर व एसेंस मुख्य रुप से इस्तेमाल हो रहे हैं। जिसमें सेक्रीन इसे मीठा, कलर से लाल व एसेंस से टमाटर का स्वाद आता है। इसी प्रकार मिलावट चटनी में टाटरी, हरा कलर व एसेंस मुख्य रुप से इस्तेमाल हो रहा है। जिसमें टाटरी खट्टा करने, हरा कलर हरा करने व एसेंस से मिर्च, पालक, धनिया का टेस्ट आता है। यह सेहत के लिए बेहद घातक हैं। जिसमें कैंसर जैसी बीमारियों सहित अन्य बीमारियां इसे खाने से हो सकती हैं। यह क्षेत्र में चांट दुकानदार चाऊमीन, वर्गर, अंडा, टिक्की, पकौड़े सहित अन्य दुकानों पर आसानी से परोसी जा रही है। जिसे ग्राहक भी खूब पसंद कर रहे हैं। वहीं इस संबंध में जानकारी देते हुए सीएचसी प्रभारी तुलाराम गंगवार ने बताया कि मिलावटी सामान सेहत को नुकसान पहुंचाने के साथ आपको घातक बीमारी का शिकार भी बना सकता है। वहीं मांट के खाद्य अधिकारी एसएस निरंजन ने बताया कि छापामार कार्रवाई कर इसका प्रयोग रोका जाएगा व आवश्यक कार्रवाई की जायेगी।

### नगर निगम क्षेत्र को चार जोन में किया विभाजित

**- समस्या समाधान के लिए के लिए हर जोन का अलग होगा प्रभारी**

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

नगर निगम के वाशिंदों को अपनी शिकायत और समस्या के लिए अब कार्यालयों के चक्कर नहीं काटने होंगे। नगर निगम को समस्या समाधान के लिए चार जोन में बांटा गया है। प्रत्येक जोन के लिए एक अधिकारी को जोनल प्रभारी बनाया गया है। नगर आयुक्त नगर निगम मथुरा वृंदावन शशांक चौधरी ने अवगत कराया है कि प्रायः यह देखा जाता है कि नगर निगम मथुरा वृन्दावन से सम्बन्धित समस्याओं को लेकर दूर दूर से लोग नगर निगम मुख्यालय आते हैं। जन मानस की समस्याओं का त्वरित रूप से निस्तारण के लिए नगर निगम के द्वारा जोनवार चार जोनल अधिकारी नामित किए है। वृंदावन जोन अपर नगर आयुक्त क्रांति शेखर सिंह को दिया गया है। जिसमें वार्ड नंबर 8, 9, 13,21, 25, 34, 50, 51, 62, 66, 67, 69 तथा 70 हैं। मथुरा जोन अपर नगर आयुक्त अनिल कुमार के जिम्मे रहेगा। जिसमें वार्ड नंबर 2, 4, 5, 7, 14, 18, 19, 22, 23, 26, 35, 40, 42, 49, 53, 61, 63, 64 तथा 65 हैं। भूतेश्वर जोन सहायक नगर आयुक्त राकेश कुमार त्यागी को सौंपा है। जिसमें वार्ड नंबर 3, 12, 16, 17, 20, 24, 30, 31, 35, 37, 39, 43, 44, 45, 46, 47, 48, 54, 55, 56, 58 तथा 60 है। औरंगाबाद जोन सहायक नगर आयुक्त कल्पना सिंह चौहान को दिया गया है। जिसमे वार्ड नंबर 1, 6, 10, 11, 15, 27, 28, 29, 32, 33, 38, 41, 52, 57, 59 तथा 68 है। नगर निगम की जनता अब अपने क्षेत्र के अधिकारी से संपर्क कर समस्या का समाधान करा सकेंगे। नगर आयुक्त ने कहा है कि मथुरा वृन्दावन क्षेत्रान्तर्गत समस्त आम जनमानस को सूचित किया जाता है कि नगर निगम मथुरा वृन्दावन से सम्बन्धित कोई भी शिकायत अथवा समस्या होती है तो उपरोक्तानुसार जोनल अधिकारियों से सम्पर्क कर सकते है।

### नौ वारंटी किये गिरफ्तार

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

जैंत क्षेत्र से पुलिस ने नौ वारंटियों को गिरफ्तार किया हैं। इन्हें गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। थानाध्यक्ष जैंत अजय वर्मा ने बताया कि राकेश पुत्र सोनपाल, बाबू पुत्र गोपाल, महेश पुत्र गोपाल, ओमप्रकाश पुत्र गोपाल, मनोज पुत्र गोपाल तथा आकाश पुत्र महेश समस्त निवासीगण अहिल्यागंज थाना जैत जनपद मथुरा एवं हेप सिंह पुत्र सुघड सिंह निवासी ग्राम बाटी थाना जैत जनपद मथुरा, रन्धीर पुत्र सरदार सिंह निवासी ग्राम बाटी थाना जैत मथुरा, कन्हैया पुत्र यादो निवासी दाउद थोक चौमुहां थाना जैत मथुरा को गिरफ्तार किया गया है।

# ईस्ट जोनल शतरंज प्रतियोगिता में नौनिहालों ने रचा कीर्तिमान

**बलिया/टीम एक्शन इंडिया**

सीबीएसई द्वारा क्लस्टर व जोनल स्तर पर डीवाई पाटिल पुष्पलता पाटिल इंटरनेशनल स्कूल पटना में 28 से 31 अक्टूबर तक आयोजित जोनल स्तर की शतरंज प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के साथ सनबीम स्कूल के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। विभिन्न आयुवर्ग में आयोजित इस प्रतियोगिता में विद्यालय के विद्यार्थियों ने अंडर 11 बालक व बालिका वर्ग, अंडर 14 बालक वर्ग व अंडर 17 बालक वर्ग में प्रतिभाग किया था। जिसमे अंडर इलेवन बालिका वर्ग में अराध्या यादव, साक्षी, शिवानी और काव्या की संयुक्त टीम ने तीसरा स्थान प्राप्त करके कांस्य पदक जीता। इसी क्रम में काव्या ने प्रतियोगिता का बोर्ड प्राइज जीतकर सभी का ध्यान अपनी ओर आकृष्ट किया। इस प्रतियोगिता में यह टीम सबसे कम आयु की टीम थी।

इसके साथ ही अन्य आयु वर्ग के क्रीड़ार्थियों ने भी प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में बिहार, झारखंड और उत्तर प्रदेश के लगभग 850 खिलाड़ियों ने भाग किया था। विद्यार्थियों की सफलता से विद्यालय में खुशी की लहर दौड़ गई। विद्यालय के निदेशक डा. कुंवर अरुण सिंह ने कहा कि यह अत्यंत गौरव की बात है कि इतनी कम आयु में ही बच्चों ने जोनल स्तर पर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है। उनकी इस सफलता ने न केवल विद्यालय को अपितु जिले को भी गौरवान्वित किया है। श्री सिंह ने खिलाड़ियों की सफलता का श्रेय बच्चों व उनके प्रशिक्षक पंकज कुमार सिंह की कड़ी मेहनत और लगन को दिया।

# छोटा परिवार सुखी परिवार का सुरक्षित विकल्प है अंतरा

**- अंतरा लगवाने पर लाभार्थी महिला और आशा कार्यकर्ता को 100 रुपये प्रति डोज देने का है प्रावधान**

**- शादी के दो साल बाद ही बनाये पहले बच्चे की योजना, दो बच्चों के जन्म में तीन वर्ष का रखें अंतर**

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

परिवार नियोजन अपनाने वाले दंपति त्रैमासिक गर्भनिरोधक इंजेक्शन ह्यअंतराह्व इंजेक्शन को अपना कर खुशहाल दाम्पत्य जीवन जी रहे हैं। परिवार नियोजन के अस्थाई साधनों में त्रैमासिक इंजेक्शन अंतरा को लाभार्थियों द्वारा काफी पसंद किया जा रहा है। आगरा मंडल में अप्रैल 2023 से अब तक 30073 महिलाओं ने अंतरा इंजेक्शन का चुनाव किया है । अंतरा इंजेक्शन लगवाने पर प्रत्येक लाभार्थी महिला व आशा कार्यकर्ता को 100 रुपये प्रति डोज देने का प्रावधान भी है। अपर निदेशक चिकित्सा एवं परिवार कल्याण आगरा मंडल डॉ.चंद्रशेखर ने बताया कि आगरा जिले में 7730, फिरोजाबाद में 7620, मथुरा में 8441 और मैनपुरी जिले में 6282 महिलाओं ने अंतरा इंजेक्शन अपनाया है। महिलाओं के प्रजनन स्वास्थ्य में सुधार लाने के लिए अंतरा गर्भ निरोधक इंजेक्शन को महिलाओं ने विकल्प के तौर पर चुना है। अंतरा इंजेक्शन अनचाहे गर्भ को रोकने व दो बच्चों के बीच अंतर रखने का एक सुरक्षित अस्थायी गर्भनिरोधक विकल्प हैं। तीन माह के अंतराल में लगने वाला यह जिला महिला चिकित्सालयों, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर व उप केन्द्रों पर लगाया जाता है । नवविवाहित दंपति से अपील है कि वह शादी के दो साल बाद ही पहले बच्चे की योजना बनाएं और दो बच्चों के जन्म में तीन वर्ष का अंतर रखें। चिकित्सक द्वारा उचित स्क्रीनिंग हो जाने पर गर्भ निरोधक इंजेक्शन को किसी भी समय चुना जा सकता है।

## पॉलीथिन मिलने पर वसूला 20 हजार का जुर्माना

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

शुक्रवार को अतिक्रमण एवं प्रतिबंधित पॉलिथिन के विरूद्ध औरंगाबाद जोन में अभियान चलाया गया। सहायक नगर आयुक्त श्रीमती कल्पना चौहान के नेतृत्व में चले इस अभियान अंतर्गत वार्ड 52 में चन्द्रपुरी से लेकर हाईवे थाना तक तथा टाउनशिप चौराहे से लेकर गोकुल बैराज तक तथा वापिस गोकुल बैराज से लेकर टाउनशिप तक कार्यवाही की गयी। कार्यवाही के दौरान करीब 20 हजार रुपये का जुमार्ना वसूला गया। अभियान के अन्तर्गत समस्त प्रकार के अस्थायी अतिक्रमण को मौके पर हटाते हुये जब्तीकरण के साथ ही प्रतिबंधित पॉलीथिन का प्रयोग करने पर दो हजार रुपये गंदगी पर 1800 रुपये एवं अतिक्रमण करने पर 15 हजार 350 का जुमार्ना वसूला गया।

# डीएम एसएसपी ने परखीं अहोई अष्टमी मेला की व्यवस्थाएं

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

संतान प्राप्ति को कार्तिक मास कृष्ण पक्ष की अहोई अष्टमी मेला स्नान की व्यवस्थाओं के देखने के लिए डीएम एसएसपी राधाकुंड पहुंचे। नगर पंचायत सभागार में में बैठक कर एसपी ग्रामीण त्रिगुण विशेन, सीओ राम मोहन शर्मा, इंस्पेक्टर विनोद बाबूमिश्र के साथ राधारानी कुंड का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश भी दिए। शुक्रवार को जिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडे ने अधीनस्थ अधिकारियों के साथ बैठक कर मेला की व्यवस्थाओं का पैदल निरीक्षण किया। क्षेत्राधिकारी राम मोहन शर्मा ने



ट्रैफिक प्लान के तहत पार्किंग व्यवस्था, बेरियर, डायवर्जन रूट ड्यूटी प्वाइंटों की विस्तृत जानकारी दी। राधारानीकुंड से लेकर परिक्रमा मार्ग पर सीसीटीवी कैमरे, आवारा पशुओं को पकड़वाने के निर्देश दिए। इसके उपरांत श्रद्धालुओं के सुगम आगमन के लिए ट्रैफिक व्यवस्था की और स्वागत द्वारा बनाए गए। गलियों पर बेरिकेटिंग, परिक्रमार्थियों का रूट डायवर्जन के साथ पुलिस की तैनाती रहेगी। मेला में भीड़ को देखते हुए आवागमन की व्यवस्था वन वे रहेगी। राधाकुंड कस्बा की गलियों को बेरिकेट कर परिक्रमार्थियों का रूट डायवर्जन करने का निर्णय प्रशासन ने लिया है। गलियों से होकर राधा रानी कुंड पर प्रवेश की किसी को अनुमति नहीं दी जाएगी।

# एमवीडीए ने दो कॉलोनी, एक आवास पर चलाया पीला पंजा

**बड़ी कार्यवाही**

**8 बताया गया कि अवैध निमार्णों के विरुद्ध ध्वस्तीकरण अभियान जारी रहेगा।**

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

वृन्दावन विकास प्राधिकरण मथुरा की जैंत क्षेत्र में दो अवैध कॉलोनियों व एक अवैध निर्माण पर बड़ी कार्यवाही प्राधिकरण के विकास क्षेत्र में अवैध कॉलोनियों, अवैध निमार्णों पर अकुंश लगाने के लिए प्राधिकरण सचिव एवं विशेष कार्याधिकारी द्वारा की गयी समीक्षा के अन्तर्गत अवैध निमार्णों के



विरुद्ध सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। जिसके क्रम में प्राधिकरण द्वारा जैंत क्षेत्र में दो कॉलोनियों व एक अवैध निर्माण पर बड़ी कार्यवाही की गयी। बढोता मार्ग चौमुहा चौराहा से लगभग तीन किलोमीटर आगे बढौता चौमुहा थाना जैंत मथुरा पर महेश माबी सिंह द्वारा लगभग दस एकड़ में मंजिल एवोंड के नाम से विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी को 13 सितम्बर को ध्वस्त किया जाना प्रस्तावित था परन्तु जलभराव के कारण कॉलोनी के भीतर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही नहीं की जा सकी थी। मंजिल एवोंड के नाम से विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही प्राधिकरण द्वारा की गयी। स्थल पर विद्युत पोल व चार निमार्णाधीन भूखण्डों व अन्य विकास कार्यों को जेसीबी की सहायता से ध्वस्त किया गया। जैंत भरतिया गांव रोड़ हाइवे जैंत मथुरा थाना जैंत मथुरा पर वन बिहारी व अन्य द्वारा लगभग आठ एकड़ क्षेत्र में श्री कान्हा बृज धाम कॉलोनी के नाम से विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी में ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गयी।

स्थल पर दो निमार्णाधीन भवन, सड़क, नाली, चारदीवारी, व भूखण्डों की पिलन्थ आदि को ध्वस्त किया गया। निकट परखम गुर्जर देवी आट्स रोड़ छटीकरा मथुरा थाना जैंत, मथुरा पर अंकित अग्रवाल द्वारा स्थल पर एक बडे. भूभाग को घेर कर लगभग 500 सौ वर्ग मीटर भूमि पर तीन फ्लोर पर किये गये निर्माण को प्राधिकरण द्वारा जेसीबी की सहायता से ध्वस्त किया गया। ध्वस्तीकरण अभियान में जिलाधिकारी द्वारा नामित मजिस्टेंट, थाना जैंत सब इंस्पेक्टर एवं प्राधिकरण के प्रवर्तन दल से सर्वेश कुमार, अवर अभियन्ता, दिनेश गुप्ता अवर अभियन्ता आदि उपस्थित रहे। विशेष कार्याधिकारी प्रसून द्विवेदी द्वारा बताया गया कि अवैध निमार्णों के विरुद्ध ध्वस्तीकरण अभियान निरंतर जारी रहेगा।

## सिर में डंडा मार कर कर दी थी श्यामवीर की हत्या, गिरफ्तार

**-श्यामवीर की मौत के बाद गांव में पैदा हो गया था तनाव**

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

नौहझील क्षेत्र के गांव मनीगढी में मारपीट की घटना के दौरान घायल हुए व्यक्ति की मौत के बाद दर्ज हुई रिपोर्ट में गैर इरादतन हत्या की धाराएं बढा दी थीं। इसके बाद एक अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

निरीक्षक अपराध मनोज कुमार के मुताबिक शुक्रवार को हत्या के अभियोग में वांछित चल रहे अभियुक्त पिन्टू पुत्र स्व. भूरी सिह निवासी मनीगढी थाना नौहझील को बाधेश्वर धाम मंदिर के पीछे बने बांध नानकपुर मार्ग से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से घटना में प्रयुक्त आला कत्ल डण्डा बरामद किया गया है। 31 अक्टूबर को ग्राम मनीगढी में श्यामवीर पुत्र बदन सिंह निवासी मनगढी थाना नौहझील के चबूतरे को विपक्षी पिन्टू पुत्र स्व. भूरी सिंह निवासी मनीगढी थाना नौहझील द्वारा ट्रैक्टर के पहिये से तोड दिया था। जिसके कारण दोनों पक्षों में झगडा हो गया था। जिसमें विपक्षी पिन्टू व मनीष पुत्रगण भूरी व उसके परिवार वालो ने मिलकर श्यामवीर व उसके पुत्र अरविंद व परिवार वालों के साथ मारपीट की थी। जिसमें पिन्टू ने श्यामवीर के सिर में डंडा मार दिया जिससे श्यामवीर को सिर में गंभीर चोट लग गयी थी। उपचार के दौरान श्यामवीर पुत्र बदनसिंह निवासी मनगढी थाना नौहझील जनपद मथुरा की मृत्यु हो गयी थी।

## सीमा से आठ किमी के दायरे में बंद रहेंगी मदिरा की दुकानें

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने अवगत कराया है कि राजस्थान राज्य में विधान सभा सामान्य निर्वाचन के अन्तर्गत 25 नवम्बर को मतदान होना है। आबकारी दुकानों की बन्दी तथा मादक पदार्थों की बिक्री को प्रतिबन्धित किये जाने से सम्बन्धित संयुक्त सचिव उत्तर प्रदेश शासन, आबकारी अनुभाग के निर्देश के अनुपालन में राजस्थान राज्य की सीमाओं से लगे जनपद भरतपुर के विधानसभा क्षेत्रों में मतदान तथा मतगणना के दौरान लोकशान्ति बनाये रखने के उद्देश्य से मतदान समाप्ति के नियत समय से 48 घण्टे पूर्व तथा मतदान एवं मतगणना के दिन मादक पदार्थों की बिक्री तथा आबकारी दुकानों की बन्दी रखने के लिए जनपद भरतपुर के सीमावर्ती आठ किलोमीटर क्षेत्र में स्थित जनपद मथुरा की देशी शराब, विदेशी मदिरा, बीयर की दुकानों एवं माडलशाप्स तथा भांग की दुकानें 23 नवम्बर सायं पांच बजे से 25 नवम्बर को मतदान की समाप्ति तक एवं मतगणना दिवस के लिए तीन दिसम्बर को पूर्ण रूप से बन्द रहेंगी।

# वृंदावन स्थित विवादित आश्रम को कराया गया खाली

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

वृंदावन क्षेत्र में शुक्रवार को प्रशासन ने ध्वस्तीकरण की बड़ी कार्यवाही को अंजाम दिया। लोगों के विरोध की संभावना को देखते हुए इस दौरान पुलिस बल भी तैनात रहा। ध्वस्तीकरण की कार्यवाही के दौरान नायब तहसीलदार पंकज यादव और क्षेत्राधिकार प्रवीण मलिक मौजूद रहे। वृंदावन में मोक्ष धाम के समीप परिक्रमा मार्ग में प्रशासन ने श्री केशव देव गौशाला का ध्वस्तीकरण किया। इस दौरान कुछ लोगों ने जमीन को अपनी बताया और



अधिकारियों से कहा कि कुछ भू माफिया फर्जी कागजों से जमीन पर कब्जा चाहते हैं। जिला प्रशासन की तरफ से कब्जा दिलाने आए थाना वृंदावन पुलिस और सीओ सदर प्रवीण मलिक के साथ नायब तहसीलदार पंकज यादव ने जब उनके कब्जे को हटाने के साथ साथ सिटी मजिस्ट्रेट का आदेश होने की बात कही।

विरोध कर रहे कुछ लोगों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। वहीं सदर क्षेत्र अधिकारी प्रवीण मलिक मौके पर पहुंचे और उन्होंने बताया कि एसडीएम मांट की ओर से आदेश मिले हैं, कि इस जगह को महंत यशपाल दास के कब्जे से मुक्त कराया गया है। इसी संबंध में वृंदावन पुलिस बल के द्वारा आश्रम को खाली कराया गया है।

वही उन्होंने बताया कि महंत यशपाल दास की ओर से जब हंगामा किया गया, तो उन्हें शांति भंग के आरोप में हिरासत में लिया गया और साथ ही इसी प्रकरण में एक महिला को भी हिरासत लिया गया है।

# मेगा इवेंट में महिलाओं की हक की बात, डीएम रहे मौजूद

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

उत्तर प्रदेश सरकार महिलाओं की सुरक्षा एवं अधिकारों को लेकर सजग व प्रतिबद्ध है। जिसके अन्तर्गत मिशन शक्ति विशेष अभियान फेज चार के तहत जिलाधिकारी की अध्यक्षता में शुक्रवार को पूर्वान्ह 11 बजे कलैक्ट्रेट सभागार मथुरा में एक मेगा इवेंट हक की बात जिलाधिकारी के साथ आयोजित किया गया। आयोजन में महिलाओं द्वारा जिलाधिकारी को समस्याओं से अवगत कराया गया। जिसमें कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न तथा दहेज, यौन हिंसा, घरेलू हिंसा, कन्या भ्रूण हत्या, पीडित महिलाओं के संरक्षण, सुरक्षा तंत्र,



सुझावों सहायता एवं महिलाओं से सम्बन्धित संचालित योजनाएं, निराश्रित महिला पेंशन, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, वन स्टाप सेन्टर आदि पर प्रश्न किये गये। जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडेय द्वारा उपस्थित महिला के प्रश्नों के संतोषजनक उत्तर दिये गये और समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये गये। इस दौरान नन्दनी (परिवर्तित नाम) ने बताया कि उसके ससुरालीजनों द्वारा दहेज की मांग की जाती है तथा उसके साथ शारीरिक व मानसिक हिंसा करते हुये घर से निकाल दिया गया है तथा उसके बच्चों को भी दूर कर दिया गया। इस दौरान अनिता (परिवर्तित नाम) ने बताया कि उसके चाचा द्वारा उसके विरूद्ध थाने में जाकर फर्जी सूचनाएं दी जाती हैं, जिसके कारण उसे थाने के चक्कर काटने पड़ते हैं जिसके चलते उसकी पढ़ाई अवरूद्ध हो रही है। इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा क्षेत्राधिकारी एवं प्रभारी निरीक्षक महिला थाना को उक्त प्रकरणों में सम्बन्धित थानों से सम्पर्क करते हुये नियमानुसार तत्काल प्रभाव से निस्तारण करने के निर्देश दिये गये। जिलाधिकारी द्वारा बताया गया कि प्रदेश सरकार महिलाओं के प्रति होने वाले अपराधों को लेकर बहुत गम्भीर हैं, जिसके चलते महिलाओं के समग्र विकास हेतु विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम एवं योजनायें संचालित की जा रही हैं। उक्त कार्यक्रम में उपस्थित सभी पीड़ित महिलाओं की समस्याओं का समाधान करते हुये सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं से जोड़ने की भी बात कही गयी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा कहा गया कि उत्त प्रदेश पुलिस महिलाओं के प्रति होने वाले अपराधों के लिये जीरो टोलरेन्स की नीति पर कार्य करती है। उनके द्वारा उपस्थित सभी पीड़ित महिलाओं को पुलिस द्वारा पूर्ण सहयोग प्रदान कराये जाने तथा अपराधियों के प्रति कठोर से कठोर कार्यवाही किये जाने की बात कही गयी।

# कानपुर में तीन माह से मनरेगा श्रमिकों को नहीं मिली मजदूरी

**बकाया**

**8 काम करके मजदूर अपनी मजदूरी पाने के लिए केन्द्र सरकार की बाट जोह रहें है।**

**कानपुर/टीम एक्शन इंडिया**

मनरेगा के मजदूरों की लगभग तीन माह की मजदूरी का भुगतान अब तक नहीं हो सका। काम करके मजदूर अपनी मजदूरी पाने के लिए केन्द्र सरकार की बाट जोह रहें है। बेचारे मजदूर नवरात्र एवं दशहरा बीत गया और दीपावली पर मजदूरी पाने की आस लगाए हुए हैं। नगर के श्रमिकों की मजदूरी लगभग 6 करोड़ रुपये बकाया है। मनरेगा उपायुक्त श्रम रोजगार डी.सी. मनरेगा रमेश चन्द्र से जब इस संबंध में शुक्रवार को बात की गयी तो उन्होंने बताया कि मनरेगा की मजदूरी का भुगतान 22 अगस्त 2023 के बाद से नहीं हुआ है। सभी मजदूरों की मजदूरी केंद्र सरकार उनके खाते में सीधे देती है। बजट आने के बाद उनकी मजदूरी का भुगतान हो जाता है।

नगर में लगभग 7498 मनरेगा के मजदूरों की लगभग तीन माह का भुगतान होना है। केन्द्र सरकार को इस संबंध में जानकारी भी दी जा चुकी है। अब नये कार्यों के लिए मनरेगा के मजदूरों से कैसे काम लिया जाय। वह काम करने के लिए तैयार रहते हैं। जहां भी मनरेगा के मजदूरों की आवश्यकता होती है, वह तत्काल तैयार हो जातें है। वह अपनी मजदूरी के लिए भटक रहे हैं।

# 'भानोखेड़ी में 1 करोड़ की लागत से होंगे विकास कार्य'

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

**अम्बाला शहर** के विधायक असीम गोयल नन्यौला ने अम्बाला शहर विधानसभा के गांव भानोखेडी को 1 करोड़ 10 लाख रुपए की विकास कार्यों की सौगात दी, जिसके तहत विभिन्न विकास कार्यों के उद्घाटन व शिलान्यास किये। गांव में पहुंचने पर गांववासियों ने विधायक असीम गोयल का फूल मालाओं से स्वागत कर अभिनंदन किया।

विधायक गोयल ने सर्वप्रथम कन्या के हाथों विकास कार्यों के उदघाटन व शिलान्यास करवाए। विधायक गोयल ने गांववासियों को सौगात देते हुए गांव में 3 विकास कार्यों का उदघाटन व 5 विकास कार्यों का शिलान्यास किया। जिनमे सर्वप्रथम लोगो की सुविधाओं के लिए 40 लाख रुपए की लागत से बने नवनिर्मित सामुदायिक भवन का उद्घाटन किया वहीं गांव के कार्यों व सरकार के नाते गांव की व्यवस्था को चलाने के लिए 25 लाख 50 हजार रुपए की लागत से बने नव निर्मित ग्राम सचिवालय का भी उद्घाटन किया व 5 लाख की लागत से सामुदायिक केंद्र के प्रांगण में इंटरलॉकिंग टाइल लगाने के कार्य का उद्घाटन किया। उन्होंने विकास कार्यों को ओर गति देने के लिए 5 विकास कार्यों का शिलान्यास भी किया, जिनमे लगभग 8 लाख रुपए की लागत से जनरल चौपाल में इंटरलॉकिंग टाइल व शौचालय बनाने के निर्माण कार्य का शिलान्यास, 5 लाख 86 हजार रूपए की लागत से सामुदायिक केंद्र में टाइल व शौचालय बनाने के कार्य का शिलान्यास, 4 लाख 67 हजार रुपए की लागत से बी.सी. चौपाल की चारदीवारी व इंटरलॉकिंग टाइल के कार्य का शिलान्यास, 16 लाख 65 हजार रुपए की लागत से गली के निर्माण व आर.सी.सी. पाइप डालने के कार्य का शिलान्यास, 4 लाख 52 हजार रुपए की लागत से डेरे के नजदीक इंटरलॉकिंग टाइल लगवाने के कार्य का शिलान्यास भी किया। विधायक ने उपस्थित लोगो को संबोधित करते हुए कहा कि न तो सरकार की नीति में कोई कमी है न ही नियत में। सरकार हर क्षेत्र में चाहे वो गांव को बात हो या शहरों की सभी जगह समान रूप से विकास कार्य करवा रही है और मेरा भी यही प्रयास रहता है कि मेरी विधानसभा में सभी गांवों में समान रूप से विकास हो। पहले भी हमने गांव में विकास के नाते किसी भी तरह की कमी छोड़ी न ही आगे किसी भी तरह की कमी रहने देंगे। इस अवसर पर भारी संख्या में गांववासी उपस्थित रहे व गांव को विकास कार्यों की सौगात देने के लिए गांववासियों ने विधायक असीम गोयल का धन्यवाद किया। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष मनदीप राणा, मंडल अध्यक्ष गुरजंट सिंह बिशनगढ़, रणदीप सिंह रिंकू, रघुवीर नडियाली, दिनेश लदाना, सरपंच अमनप्रीत सिंह, जगदीश मास्टर, बलवंत सिंह, जितेंद्र शर्मा, मास्टर विनोद व गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



# 'पीएम मोदी के नेतृत्व में देश में व सीएम मनोहर के नेतृत्व में प्रदेश में लगातार हो रहा विकास'

## भाजपा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष का राई में पहुंचने पर निगम पार्षद व कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत



**टीम एक्शन इंडिया/राई ।**

**भाजपा के** पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुभाष बराला वीरवार को जिला उपाध्यक्ष व निगम पार्षद पुनीत राई के कार्यालय पर पहुंचे। बराला के कार्यालय में पहुंचने पर पुनीत राई के नेतृत्व में काफी संख्या में युवाओं ने स्वागत किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में व मुख्यमंत्री मनोहर के नेतृत्व में प्रदेश में लगातार विकास हो रहा है। 1947 से आज तक कोई भी मोदी जैसा प्रधानमंत्री नहीं मिला। जिस प्रकार से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के छोटे-छोटे कार्यों को देखते हुए बड़े पटल पर लाते हैं वह बहुत बड़ी बात है। इससे पूरा देश प्रोत्साहित होता है और नई ऊर्जा व दिशा में आगे बढ़ता है। 1947 से आज तक ऐसा कोई भी प्रधानमंत्री इस देश को नहीं मिला जो सीधा भारत की जनता से जुड़ पाया हो। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुभाष बराला ने कहा कि केंद्र सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एक के बाद एक ऐतिहासिक निर्णय ले रही है। जब इच्छाशक्ति दृढ़ हो, इरादा नेक हो, नियत साफ हो और भाव सेवा का हो तो हर काम मुमकिन होता है। ऐसा व्यक्ति ही इतिहास रचता है और लोगों के दिलों में बसता है। हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऐसा ही इतिहास रचा हैं। प्रदेश अध्यक्ष बराला ने कहा कि नई संसद का 27 वर्षों से था इंतजार था तो देश को नई संसद की सौगात मिली। लोकसभा ने 20 सितंबर को जो नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित किया है, वह भारत के लिए ऐतिहासिक छलांग है और देश की नारी शक्ति के लिए एक वरदान है। बराला ने सभी क्यों कार्य करता उसे आह आह आह्वान किया कि वे जनता के बीच में जाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश हित में किए गए कार्यों को अवगत कराने के साथ मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा किए गए कार्य और पार्टी की नीतियों का प्रचार व प्रसार करें। इस अवसर पर पूर्व विधायक रामफल चिढ़ाना ,मीना नरवाल , परमवीर सैनी, सुंदर जठेड़ी, वेदपाल शास्त्री, राकेश त्यागी, राकेश कौशिक, अनील त्यागी, प्रमोद खत्री, बिजेंद्र जैनपुर, सतपाल सहरावत, प्रवेश शर्मा, प्रदीप आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## न्यूज फ्लैश

### डॉ बी आर अम्बेडकर नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, सोनीपत में हाउस काउंसिल्स की भूमिका पर विशेष व्याख्यान



**सोनीपत: डॉ बी** आर अंबेडकर नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, सोनीपत की इंटर्नशिप और प्लेसमेंट सेल द्वारा ह्यहाउस काउंसिल्स की भूमिकाह्न विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया. जिसमें वक्ता के रूप में हेवलेट-पैकार्ड (ल्हढ) के विधि प्रमुख और महाविधि सलाहकार राजीव नायर रहे. कुलपति प्रोफेसर अर्चना मिश्रा एवं रजिस्ट्रार डॉ. रामफूल के मार्गदर्शन में कार्यक्रम संपन्न हुआ. कुलपति प्रोफेसर अर्चना मिश्रा ने कहा कि कानूनी कार्यात्मक तकनीक से कानूनी सलाह प्रदान करना, शासन, नैतिकता और अनुपालन के बारीक बिंदुओं की देखरेख और नीतियों एवं दिशानिदेर्शों को कैसे प्रशासित करना है. कॉर्पोरेट जगत में इन-हाउस कानूनी सलाहकारों को किन-किन बातों का ध्यान रखना होता है यह सब छात्र छात्राओं को समझने को मिलेगा. राजीव नायर ने कॉर्पोरेट जगत में इन-हाउस कानूनी सलाहकारों की उभरती जिम्मेदारियों के बारे में अमूल्य अंतर्दृष्टि प्रदान की, जिसमें वर्तमान कानूनी परिदृश्य में उनकी भूमिका के महत्व पर जोर दिया गया. उन्होंने अपने अनुभवों को भी छात्र छात्राओं को साझा किया. छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि इन-हाउस काउंसिल ऐसे वकील होते हैं जिन्हें विशेष रूप से निगमों, सरकारी एजेंसियों या अन्य संस्थाओं द्वारा नियुक्त किया जाता है. कानून फर्मों में वकीलों के विपरीत, वे केवल उस संगठन की कानूनी जरूरतों को पूरा करते हैं जो उन्हें नियुक्त करता है. उन्होंने कानूनी सलाह, अनुबंध प्रारूपण और समीक्षा, विनियामक अनुपालन, मुकदमेबाजी प्रबंधन, जोखिम प्रबंधन, प्रतिस्पर्धी वेतन, बोनस, पूंजी विकल्प इत्यादि के बारे में विस्तार से बताया. उन्होंने बताया कि विभिन्न व्यावसायिक मामलों पर कानूनी सलाह लेकर अनुबंध तैयार करें. उसके बाद विश्लेषण करके बातचीत करें. और यह सुनिश्चित करें कि संगठन सभी स्थानीय और राष्ट्रीय कानूनों का पालन करता है या नहीं. संभावित कानूनी जोखिमों की पहचान कर उन्हें कम करने के लिए रणनीतियां तैयार करें. इस कार्यक्रम में एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. पूजा जायसवाल, डॉ. विधि, सहायक प्रोफेसर डॉ. रेनू और सुश्री मीनाक्षी राव एवं छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

### 18 साल की उम्र पूरी करने वाले सभी युवा बनवाएं अपनी वोट-उपायुक्त

**सोनीपत: जिला निर्वाचन** अधिकारी एवं उपायुक्त डॉ० मनोज कुमार ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार आगामी 04 और 05 नवंबर को विशेष अभियान चलाया जाएगा, जिसके तहत लोगों के दावे व आपत्ति प्राप्त करने के लिए सभी बीएलओ अपने मतदान केन्द्रों पर उपस्थित रहेंगे। उन्होंने कहा कि 5 जनवरी 2024 तक मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। उन्होने कहा कि 18 साल की उम्र पूरी करने वाले सभी युवा अपनी वोट अवश्य बनवाएं, ताकि हम मिलकर एक मजबूत लोकतंत्र का निर्माण करने में अपनी भूमिका अदा कर सके। उपायुक्त ने युवाओं का आह्वद्दान किया कि जिस युवा की आयु एक जनवरी 2024 को 18 वर्ष या इससे अधिक होगी वह फार्म नंबर 6 भरकर 04 व 05 नवंबर को अपने मतदान केन्द्र पर पहुंचकर बीएलओ के पास अवश्य जमा करवाएं ताकि आपकी वोट बन सके। इसके अलावा एनआरआई मतदाता वोट बनवाने के लिए फार्म नंबर 6ए, आधार से वोट कार्ड को लिंक करने के लिए फार्म 6बी, मतदाता द्वारा अपनी वोट कटवाने हेतु फार्म नंबर 7 तथा बनी हुई वोट में शुद्धि हेतु फार्म नंबर 8 भर कर जमा करवा सकते हैं। ये अलावा जिलावासी स्वयं भी नई वोट बनवाने व वोट से संबंधित अन्य कार्य कर के लिए 1शह्लद्गह्म्.द्गष्द्ब.द्दश1.द्बठ्ठ पोर्टल या वोटर हेल्प लाईन मोबाइल एप का भी इस्तेमाल कर आवेदन कर सकता है।

उपायुक्त ने बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्णय के अनुसार 09 दिसम्बर तक वोट बनवाने वालों को पांच जनवरी 2024 को प्रकाशित मतदाता सूची से ड्रा निकालकर लैपटॉप, स्मार्टफोन और पेन ड्राइव दिए जाएंगे।

# आजाद सिंह गुरु रत्न सम्मान से सम्मानित



**टीम एक्शन इंडिया/ सोनीपत**

**मानव** अधिकार संरक्षण संघ के तत्वावधान में बतौर मुख्यातिथि पहुंच कर नेशनल अवार्डी दीपक कुमार मंथन ने शिक्षा व समाज कल्याण के कार्यों के करने के लिए निजी स्कूल सोनीपत के प्रिंसिपल आजाद सिंह बांगड़ को गुरु रत्न सम्मान 2023 अवार्ड से सम्मानित किया गया। नेशनल अवार्डी दीपक कुमार मंथन ने बताया कि प्रिंसिपल आजाद सिंह बांगड़ ने अपना सम्पूर्ण जीवन गरीब, जरूरतमंद बच्चों को शिक्षा जैसे महान कार्य को देने का कार्य किया है। उनके पास कभी भी कोई भी जरूरतमंद बच्चा या माता पिता शिक्षा से वंचित हैं तो उस बालक को तुरंत विद्यालय में नाम मात्र शुल्क पर शिक्षा दी जाती है। विद्या का दान सबसे बड़ा दान माना गया है। शिक्षा का ज्ञान देकर अनेको जरूरतमंद बच्चों को गलत रास्ते पर भटकने से बचाया जाता हैं जो कि राष्ट्र हित मे बहुत बड़ा योगदान है। क्योंकि बच्चे ही देश का सुनहरा भविष्य है। उनका निर्माण सही प्रकार से होना चाहिए तभी देश का भविष्य सुरक्षित रह सकता है।

प्रिंसिपल आजाद सिंह बांगड़ ने कहा कि मानव अधिकार संरक्षण संघ के अध्यक्ष जयवीर गहलावत व नेशनल अवार्डी दीपक कुमार मंथन पूरे वर्ष समाज के कल्याण के लिए कार्य करते है। समाज के हर पिछड़े वर्गों को मानव अधिकारों के लिए जागरूक करने का बहुत बड़ा कार्य करते है। मैं मानव अधिकार संरक्षण संघ के सभी पदाधिकारियों का आभार प्रकट करता हूँ। आगे भविष्य में भी कोई जरूरतमंद बच्चा गरीबी के कारण शिक्षा से वंचित न रहे इसलिए हमारे विद्यालय के दरवाजे पढ़ने वाले बच्चों के लिए हमेशा खुले रहते है।

इस अवसर पर अध्यापकगण अनिला, सविता, पूनम, बेबी, शशि, रुपाली, अंजू, नूतन, मोहित, प्रदीप, अन्नू, प्रोमिला, नीतू, नीरज, वंदना निर्वाण अंकित आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# पॉलिटेक्निक कॉलेज के सफाई कर्मचारी अशोक ने फंदा लगा दी जान

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) शहर** स्थित पॉलिटेक्निक कॉलेज के हॉस्टल में सफाई कर्मचारी ने फंदा लगा आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान गांव गरनाला निवासी अशोक कुमार के रूप में हुई है। अशोक कुमार पॉलिटेक्निक कॉलेज के हॉस्टल में कौशल रोजगार विभाग के तहत बतौर सफाई कर्मचारी सेवाएं दे रहा था। पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम करा परिजनों को सौंप दिया है। कॉलेज प्रशासन के मुताबिक अशोक कुमार गत सुबह ड्यूटी पर आया था। दोपहर के समय अपने बेटे को स्कूल से घर छोड़कर आया था। उसके बाद हॉस्टल पहुंचने के बाद एक.दो लोगों ने अशोक ने मुलाकात भी की थी। इसके बाद वह लापता हो गया। अशोक कुमार की उसके साथी शाम 4 बजे तलाश करने लगे थे। उन्होंने खिड़की से देखा तो चेंजिंग रूम में अशोक कुमार का शव फंदे से लटका हुआ था। दरवाजा तोड़कर अशोक कुमार के शव को नीचे उतारा। कॉलेज प्रशासन ने तुरंत पुलिस को सूचित कर दिया था। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आगामी कार्रवाई की। खबर लिखे जाने तक आत्महत्या के पीछे के कारणों का खुलासा नहीं हुआ है।

# अंबाला के सरबजोत ने नेशनल गेम शूटिंग में एक और सिल्वर मेडल जीता

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

**अंबाला के** सरबजोत सिंह ने गोवा में हो रही 37वीं नेशनल गेम में शूटिंग प्रतियोगिता में सिल्वर मैडल हासिल कर एक बार फिर अंबाला व हरियाणा का नाम रोशन किया है। सरबजोत के कोच अभिषेक राणा शूटिंग एकेडमी फिनिक्स क्लब अंबाला छावनी के अभिषेक राणा ने बताया कि आज दोपहर हुए सिंगल मुकाबलों में सरबजोत में 580 अंक हासिल करते हुए इस प्रतियोगिता में सिल्वर मैडल हासिल किया। उन्होंने बताया कि इससे पहले



धीन निवासी सरबजोत पुत्र जितेन्द्र सिंह सांसरवाल चीन में हुई ऐशियन गेम में सर्व व रजत पदक जीते। इसके अलावा सरबजोत ने औलंपिक के लिए एशियन चैमपियनशिप में कोटा हासिल कर लिया है। उन्होंने 18 अक्तूबर से 1 नंवबर तक कोरिया में सम्पन्न हुई। ऐशियन चैमपियनशिप में मैडल व औलंपिक कोटा हासिल किया। सरबजोत पहला भारतीय एयरपिस्टल निशानेबाज है जिसने 2024 में पैरिस में होने वाली औलंपिक खेलों के लिए यह कौटा हासिल किया है।

आज सरबजोत के पदक जीतते ही एकेडमी में खिलाड़ियों ने मिठाईयां बांटी। तो वहीं कोच अभिषेक ने कहा कि सरबजोत इसी प्रकार अंबाला व हरियाणा का नाम रोशन करे। हमारी यही शुभकामनाएं है।

# ग्रेप को लागू करने के आदेश जारी

**सोनीपत: उपायुक्त** डॉ० मनोज कुमार ने बताया कि दिल्ली-एनसीआर में वायु की गुणवत्ता की मौजूदा प्रवृत्ति को ध्यान में रखने के साथ-साथ वायु गुणवत्ता में और गिरावट को रोकने के प्रयास में वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने जीआरएपी गंभीर वायु गुणवत्ता के चरण-3(ग्रेप) को लागू करने के आदेश जारी किए गए है। उन्होंने बताया कि जिला में इन आदेशों की सख्ती से पालना करवाने के लिए संबंधित विभागों की टीम गठित की गई है। उपायुक्त ने बताया कि आयोग द्वारा जारी आदेशों की पालना करवाने के लिए ये टीम लगातार दिन-रात जिला में गश्त करेंगी और इन आदेशों का पालन न करने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करेंगी।

# 25 को राजस्व व अन्य सहायक मामलों के निपटान हेतु किया जा रहा है लोक अदालत का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**मुख्य न्यायिक** दण्डाधिकारी एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव अशोक मान ने बताया कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के अध्यक्ष प्रमोद गोयल के नेतृत्व में 25 नवंबर को राजस्व व अन्य सहायक मामलों से संबंधित लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस लोक अदालत में राजस्व व अन्य सहायक मामलों का पक्षकारो की आपसी सहमति से

> **लोक अदालत**
>
> 8 लोक अदालत में राजस्व व अन्य सहायक मामलों का पक्षकारो की आपसी सहमति से मौके पर ही निपटारा होगा

मौके पर ही तुरंत निपटारा किया जाएगा। मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी ने बताया कि लोक अदालत को सफल बनाने के लिए न्यायिक परिसर सोनीपत, गन्नौर, गोहाना तथा खरखौदा में प्री लोक अदालत का भी आयोजन किया जा रहा है। इसलिए जिन व्यक्तियों के राजस्व व अन्य सहायक मामले न्यायालय में लंबित है व संबंधित न्यायालय में जाकर अपने केस को प्री लोक अदालत अथवा राजस्व व अन्य सहायक मामलों से संबंधित लोक अदालत में लगवाकर अपने केसों का निपटारा करवाएं। उन्होंने कहा कि व्यक्ति अपने केसों का जल्द निपटारा करवाने के लिए प्री लोक अदालत व लोक अदालत का फायदा जरूर उठाएं।

बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओं अभियान के तहत 06 नवंबर को किया जाएगा सेमिनार का आयोजन मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव अशोक कुमार मान ने बताया कि 06 नवंबर को दोपहर बाद 03 बजे बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओं अभियान के तहत सेमिनार का आयोजन किया जाएगा, जिसमें महिला सुरक्षा से संबंधित कानूनी सेवाओं के बारे में जागरूक किया जाएगा।

# पराली जलाने वाले किसानों से 3 लाख 17 हजार जुर्माना वसूला

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) कृषि एवं** किसान कल्याण विभाग के उपनिदेशक डा. जसविन्द्र सिंह ने बताया कि वातावरण को प्रदूषित होने से बचाने के लिए व बच्चों/बुजुर्गो पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव की रोकथाम हेतु धान की कटाई कम्बाईन से करने के बाद शेष बचे फानों को जलाने पर हरियाणा सरकार द्वारा पूर्णतय प्रतिबंध लगाया हुआ है। भारतीय संविधान की धारा 188 व प्रदूषण नियंत्रण एक्ट 1981 के अनुसार कृषि अवशेष जलाना एक दण्डनीय अपराध है। यदि कोई किसान धान के शेष बचे फानो को जलाता पाया गया तो उसे दो एकड़ तक धान के अवशेष जलाने पर 2500/-रुपए, दो से पॉच एकड़ तक धान के अवशेष जलाने पर 5000/-रुपए, पॉच एकड़ से अधिक धान के अवशेष जलाने पर-15000/-रुपए आर्थिक जुमार्ना भरना होगा। जुमार्ना न अदा करने की स्थिति में उनके खिलाफ एफ0 आई0 आर0 भी भारतीय दण्ड संहिता के प्रावधानों व पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1966 के प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जाएगी। इसी के चलते खरीफ 2022 में धान के अवशेष जलाने पर 83 किसानों के चालान किए गए थे व 2,07,500/- रुपए जुमार्ना राशि वसूल की गई थी। इस वर्ष भी अब तक धान के अवशेष जलाने वाले 126 किसानों के चालान किए जा चुके हैं व 3,17,500/- रुपए जुमार्ना राशि वसूल की जा चुकी है और 2 किसानों के खिलाफ एफ0आई0आर0 भी दर्ज करवाई जा चुकी है। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा आगजनी की घटनाओं को नियंत्रित करने में प्रयासरत है।

# 24 घंटे दिन रात के महापड़ाव में बैठे रहे सफाई कर्मचारी

## 'भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार घोर गरीब विरोधी और जन विरोधी है'

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**राज्य कमेटी** के आदेश अनुसार सोनीपत में आंदोलकारी सफाई कर्मचारियों ने आज अपना 24 घंटे का महा पड़ाव पूरा किया। पड़ाव की अध्यक्षता किसान सभा के नेता श्रद्धानंद सोलंकी ने की मंच संचालन जिला संयोजक राजेश रसोई व जिला सचिव राजेश टोकी ने किया। धरने को सीटू के जिला कोषाध्यक्ष आनंद शर्मा सीटू की राज्य सचिव सुनीता,गन्नौर ब्लॉक से प्रधान कृष्ण, राजबीर,राई ब्लॉक से उपप्रधान राजेश सफियाबाद,, जसमेर, खरखोदा से प्रधान



रोहतास, सचिव चांद। मुंडलाना ब्लॉक से यूनियन प्रधान व जिला कोषाध्यक्ष सतबीर,सचिव आजाद,आदि ने संबोधित किया।सफाई कर्मचारियो के पड़ाव को सम्बोधित करते हुए सीआईटीयू की राज्य सचिव सुनीता कहा कि भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार घोर गरीब विरोधी और जन विरोधी है। समाज का कोई भी तबका अपने हकों और माँगों को लेकर संघर्ष करते हैं तो सरकार आंदोलकारियों के साथ दुश्मनों जैसा व्यवहार करती है। तथा आंदोलन को दबाने के लिए सरकार ओछे हथकंडों का सहारा लेती है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में वैसे तो भाजपा-जजपा गठबंधन की सरकार है।लेकिन मुख्यमंत्री की तानाशाही के सामने सब मंत्री और विधायक फेल हो चुके हैं।

सीटू नेता आनंद शर्मा ने कहा कि लगातार 24 दिन से सैकड़ो ग्रामीण सफाई कर्मचारी हड़ताल करके बैठे हैं। मुख्यमंत्री और सरकार ने आंदोलनकारियों के साथ वार्ता करने की बजाय एकतरफा घोषणा 1000 रुपये की बढ़ौतरी करके घाव पर नमक

# 'जहरीले व भड़काऊ भाषण देने वाले संदीप पर हो मुकदमा दर्ज'

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

हरियाणा से एसजीपीसी मैंबर हरपाल सिंह पाली ने गत दिवस राजस्थान के जिला अलवर के सितारा हलके में आयोजित भाजपा की चुनावी रैली में दिये गए भाषण पर आपत्ति जताते हुए कहा है कि गत दिवस भाजपा नेता संदीप दायिमा ने सार्वजनिक मंच से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ सहित कई बड़े नेताओं की मौजूदगी में सिखों व गुरू घरों पर आपत्ति जनक टिप्पणी की है। उन्होनें कहा कि संदीप ने कहा की हमारे देश में गुरूद्वारे व मस्जिदें नासूर बन चुकी है।

जिसे हम बहुत जल्दी उखाड़ फैंकना होगा। पाली ने कहा कि भाजपा नेता के इस ब्यान से भाजपा का चेहरा बेनकाब हो गया है। उक्त भाजपा नेता आपसी भाईचारे को खराब करना चाहते है। ऐसे में नेता के खिलाफ कल एसपी अम्बाला को शिकायत दी जाएगी तथा चुनाव आयोग को भी पत्र लिखा जाएगा कि ऐसे भाषण देते हुए चुनाव अचार सहिंता का उल्लघंन किया जा रहा है। उन्होनें कहा कि भाजपा नेताओं को चाहिए कि वह ऐसे नेताओं को पार्टी से बाहर का रास्ता दिखा देना चाहिए।

# सड़क हादसे में हुई पिता-पुत्र की मौत के बाद ग्रामीणों ने लगाया जाम

**टीम एक्शन इंडिया/संतोष कुमारी**

**नारनौल। गांव** खातोली अहीर के पास हुए सड़क हादसे में एक डंपर की चपेट में आने से हुई पिता पुत्र की मौत के बाद आज ग्रामीणों ने गांव धोलेडा में जाम लगा दिया।

जाम लगाने के बाद ग्रामीण वहीं पर धरना देकर बैठ गए तथा सरकार और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी भी की। धरने में जिला प्रमुख राकेश कुमार के अलावा अनेक नेता भी मौजूद रहे। जानकारी मिलने के बाद पुलिस भी मौके पर पहुंची।

गत दिवस गांव खतौली अहीर के पास एक तेज रफ्तार डंपर की चपेट में आने से बाइक सवार धोलेडा निवासी 40 वर्षीय विकास तथा उसके 15 वर्षीय पुत्र ऋषभ की दर्दनाक मौत हो गई थी। इस हादसे के बाद से ही ग्रामीणों में सरकार को प्रशासन के प्रति रोष व्याप्त है। इसी के चलते आज सुबह धोलेडा गांव के लोगों ने बस स्टैंड पर धरना देकर जाम लगा दिया।

# रामपुरा गांवः सालों से विकास के लिए तरस रही हैं बघेल चौपाल








**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/महेंद्र सिंह**
**कांग्रेस** के शासनकाल में दिल्ली की मुख्यमंत्री शीला दीक्षित ने त्रीनगर विधानसभा क्षेत्र के अंतगर्त आने वाले त्रीनगर वार्ड-63 के रामपुरा गांव में साल 2008 में बघेल चौपाल का निर्माण करवाकर बघेल समाज को सौंपा था। जोकि अब सरकार व विधायक की अनदेखी के चलते विकास की बाट जोह रहा हैं।

**15 सालों से मरम्मत को तरस रही हैं चौपालः** उल्लेखनीय हैं कि जब से इस चौपाल का निर्माण हुआ हैं उसके बाद से आज तक क्षेत्रीय विधायक व दिल्ली सरकार की ओर से फंड़ की एक फूटी कौड़ी तक नहीं लगाई गई हैं।

**रामपुरा में रहता हैं बघेल समाज का बड़ा तबकाः** रामपुरा गांव में आपकी जानकारी के लिए बतादें कि रामपुरा गांव में गुजर समाज, प्रजापति समाज के अलावा काफी भारी संख्या में बघेल समाज भी रहता हैं जिसको देखते हुए दिवंगत शीला दीक्षित द्वारा बघेल चौपाल बनवाकर बघेल समाज को समर्पित की थी।



**खुशीराम बघेल (स्थानीय निवासी)** जब से चौपाल का निर्माण हुआ हैं, उसके बाद से आज तक चौपाल के लिए विधायक प्रीति तोमर द्वारा फंड का एक रूपया तक नहीं लगाया गया हैं और न ही दिल्ली सरकार की ओर से ध्यान दिया गया हैं। उन्होंने यह भी बताया कि हमनें कई बार विधायक से भी शिकायत की थी लेकिन विधायक की ओर से बस झूठा आश्वासन ही मिला हैं।



**प्रवीण बघेल (स्थानीय निवासी)** बघेल चौपाल काफी सालों से मरम्मत की बांट जोह रही हैं, जगह-जगह से दीवारों के प्लास्टर झड रहें हैं, सीवर जाम पडा हुआ हैं, जिसके चलते गटर का सारा गंदा पानी ओवर-फ्लो होकर चौपाल में भर जाता हैं। नतीजन चारों ओर बदबू फैली रहती हैं और संक्रमण का भी खतरा मंडराता रहता हैं। जिसको लेकर हमने कई बार विधायक से भी शिकायत की हैं। बावजूद इसके समस्या जस की तस बनी हुई है।



**योगेश बघेल (स्थानीय निवासी)** चौपाल की लाइटें खराब पड़ी हैं, शौचालय बंद व टूटे पडे हैं, खिड़कियों के कांच टूटे पडे हुए हैं, विधायक द्वारा एक पैसा तक नहीं लगाया गया हैं। हम कई बार विधायक के पास शिकायत करने गए थे, लेकिन हमारी कोई सुनवाई नहीं हुई। विधायक ने हमारे समाज को हमेशा ही अनदेखा किया हैं। समस्त बघेल समाज इस बार के चुनाव में विधायक प्रीति तोमर का विरोध कर उन्हें वोट नहीं देगा।




बादली विधानसभा क्षेत्र में एक कार्यक्रम के दौरान लोगों को संबोधित करते हुए सिविल लाईन जोन के पूर्व चेयरमैन सुरेन्द्र खर्ब साथ में है कई गणमान्य लोग।

## शालीमार गांव में आज होगा जागरण का आयोजन


**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**युवा** समाजसेवी राजकुमार चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि शालीमार बाग विधानसभा क्षेत्र के शालीमार गांव गली नंबर-9 में प्रथम मां भगवती जागरण का आयोजन आज किया जा रहा है।
उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में भक्त बिट्टू एवं अमरजीत, शशिकांत, विवेक कुमार, राहुल कुमार, मोहित कुमार, पिंटू कुमार, सूरज कुमार, रुपेश कुमार, सनी कुमार, अंकित कुमार चिंटू, वरिष्ठ समाजसेवी पी शर्मा, राजकुमार चौधरी, शिवम कुमार, शिवराज कुमार, पीतांबर सेवा देगें। समाजसेवी राजकुमार चौधरी ने कहा कि मैं माता रानी से प्रार्थना करता हूं मां सभी को आशीर्वाद दें सभी की मनोकामनाएं पूर्ण करें।

## महर्षि दयानंद विद्या भवन के खिलाडियों ने सीबीएसई खेलों में मचाई धूम

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**योग प्रशिक्षक** उत्तम आर्य ने बताया कि केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा तीन दिवसीय योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप का आयोजन अभिनव ग्लोबल स्कूल द्वारका में आयोजित किया गया था।
जिसमें बवाना स्थित महर्षि दयानंद विद्या भवन स्कूल के रक्षित को दूसरा स्थान प्राप्त हुआ तो वहीं आशु को चौथा स्थान मिला। अब बच्चे सीबीएसई द्वारा आयोजित नेशनल खेलों में दिल्ली का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक अरुण ठाकरान न रक्षित व आशु के साथ साथ कोच उत्तम आर्य को बधाई देते हुए नेशनल खेलों की अग्रिम शुभकामनाएं दी।







# नरेला के लामपुर में कंप्यूटर व सिलाई सेंटर का किया गया उद्घाटन







**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**जरूरतमंद** युवाओं को कंप्यूटर ट्रेनिंग व सिलाई प्रशिक्षण देने के लिए नरेला के लामपुर में सामाजिक संस्था सतगुरु समन दास समाजसेवी संगठन ने भव्य कार्यक्रम का आयोजन कर कंप्यूटर एवं सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ किया। सेंटर का उद्घाटन समाजसेवी प्रवीन लाकड़ा ने फीता काटकर किया। मंच संचालन संस्था के राष्ट्रीय महामंत्री अरुण आर्य ने किया। बाहरी दिल्ली के लामपुर एक्सटेंशन स्थित सतगुरु समन दास भवन में युवाओं व महिलाओं को स्वरोजगार के लिए प्रेरित करने की दिशा में कदम बढ़ाते हुए प्रमुख सामाजिक संस्था सतगुरु समन दास समाज सेवी संगठन ने भव्य कार्यक्रम का आयोजन कर अपने पहले कंप्यूटर एवं सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रवीन लाकड़ा व अति विशिष्ट अतिथियों का संस्था पदाअधिकारियों द्वारा पटका पहनाकर, पुष्पगुच्छ, प्रतीक चिन्ह भेटकर स्वागत अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रवीन लाकड़ा ने अपने संबोधन में कहा कि बिना कंप्यूटर ज्ञान के आज आगें बढ़ पाना संभव नहीं है। इस प्रकार के केंद्र खुल जाने से जरूरतमंद स्टूडेंट, व युवाओं को भी कंप्यूटर का ज्ञान मिलेगा और इससे उनका भविष्य उज्जवल होगा। वहीं महिला सशक्तिकरण के लिए आने वाले दिनों में संस्था का सिलाई सेंटर महिलाओं के लिए मिल का पत्थर साबित होगा। वहीं संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र सिंह ने कहा कि आर्थिक तंगी के चलते कंप्यूटर ज्ञान से वंचित स्टूडेंट व युवाओं को ट्रेंड करने के लिए ही यह सेंटर खोला गया है।
कार्यक्रम पश्चात जलपान का भी प्रबंध किया गया। कार्यक्रम में मनोनीत निगम पार्षद लक्ष्मण आर्य, पूर्व स्टैंडिंग कमेटी चेयरमैन मोहन भारद्वाज, आर्य समाज नरेला के प्रधान संजय खत्री, संस्था के संरक्षक महात्मा बृजेश दास, संयोजक एसपी जून, विवेक अग्रवाल, विजय बौद्ध, प्रीतम बोध,अरविंद बोध, देवेंद्र आशीष एडवर्ड, अजय दुग्गल, संदीप शेरावत, सोनू उजाला, कृष्ण घी वाले, भारत भूषण, राधा, गंगाधर बिस्वाल, तरुण कुमार ललित सैनी, सतीश कुमार, किरण बाला जून, बबीता, नंदिनी, दीपक कुमार, विनीता सिंह सहित सैकड़ो की संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## सुल्तानपुरीः आरडी खान को बनाया गया सुल्तानपुरी विधानसभा उपाध्यक्ष



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**आम** आदमी पार्टी ने विधानसभा स्तर पर फेयरबदल करते हुए नए पदाधिकारियों की नियुक्तियां की गई हैं। इसी कडी में सुल्तानपुर माजरा विधानसभा से विधायक प्रतिनिधी रीयाजूद्दीन खान को सुल्तानपुर माजरा विधानसभा से उपाध्यक्ष के तौर पर नियुक्त किया गया हैं। जिसके बाद पार्टी के अन्य कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाईयां दी। रीयाजूद्दीन खान ने पार्टी व विधायक मुकेश कुमार अहलावत के साथ-साथ वार्ड-42 वार्ड-43 व वार्ड-44 के तीनों निगम पार्षदों का आभार व्यक्त किया हैं। खान ने बताया कि आम आदमी पार्टी ने मुझे हमेशा ही मान सम्मान दिया हैं। उन्होंने कहा कि मैंने काफी सालों से पार्टी में इमानदारी व पूर्ण निष्ठा के साथ काम किया हैं, पार्टी द्वारा दी जा रही सहुलियतों को आम जन तक पहुंचाने में पूरा योगदान दिया हैं। नतीजन पार्टी ने विधानसभा उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया हैं। उन्होंने कहा कि जिस भरोसे के साथ पार्टी ने मुझे जिम्मेदारी सौंपी है, उस भरोसे को हमेशा कायम रखूगां व भविष्य में भी पार्टी व लोगों की सेवा करता रहूंगा। मैं अपने विधायक मुकेश अहलावत व पार्टी के तीनों निगम पार्षदों का भी आभार व्यक्त करता हूं।

## कमेटी के धर्म प्रचार विभाग द्वारा चलाई गई मुहिम 'तू सतवंति तू प्रधान' संपन्न हुई

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने माता साहिब कौर जी का प्रकाश पर्व श्रद्धा व आदरपूर्वक मनाया। मुख्य कार्यक्रम गुरुद्वारा माता सुंदरी जी में आयोजित किया गया, जहां कीर्तन दीवान सजाए गए व रागी सिंहों के जत्थों द्वारा रूहानी गुरुबाणी कीर्तन संगतों को श्रवण करवाए गए। इस मौके पर दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष सरदार हरमीत सिंह कालका और महासचिव सरदार जगदीप सिंह काहलों ने धर्म प्रचार कमेटी के चेयरमैन जसप्रीत सिंह कर्मसर की अगुवाई में समागम को संबोधित करते हुए कहा कि माता साहिब कौर जी को गुरु गोबिंद सिंह साहिब जी ने खालसा माता का सम्मान दिया है।
इस संबंध में तू सतवंती, तू परधान कार्यक्रम पिछले एक महीने से चल रहा था जिसमें दिल्ली की महिलाओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया व माता साहिब कौर जी को श्रद्धासुमन अर्पित किए।



वजीरपुर वार्ड की निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी क्षेत्र में सफाई व्यवस्था का जायजा लेते हुए।

# तिमारपुर विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस कमेटी की हुई विशेष बैठक, कई मुद्दों पर हुई चर्चा









**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**तिमारपुर विधानसभा** कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ताओं ने सभी वार्डों में अलग-अलग मीटिंग की। जिसमें मल्कागंज के अध्यक्ष नेत्रपाल, तिमारपुर के अध्यक्ष डॉक्टर वी आर चौधरी, मुखर्जी नगर के अध्यक्ष विनोद कुमार व जीटीबी नगर मुकेश पाल ने मीटिंग की। जिसकी अध्यक्षता आदेश भारद्वाज जिलाध्यक्ष करावल नगर कांग्रेस कमेटी ने की। ऑब्जर्वर उत्तरी पूर्वी लोकसभा चमन भाई व एन डी मकवाना जिला ऑब्जर्वर भी मौजूद रहे। बैठकों में उपस्थित सभी साथियों ने अपने-अपने सुझाव दिए व भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के द्वारा उदयपुर संकल्प शिविर में लिए गए निर्णयों के बारे में बताया कि हर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी में दो मंडलाध्यक्ष और सेक्टरों इंचार्ज बनाए जाएंगे ताकि हम और ज्यादा अच्छे ढंग से लोगों की मदद कर सके और लोगों के जीवन में आ रही रोजमर्रा की परेशानियों से निजात दिलाने के लिए काम कर सके। आदेश भारद्वाज ने कहा है कि आज दिल्ली सरकार की लापरवाही का आलम ये है कि दिल्ली में ना तो कोई राशन कार्ड बन रहा है, ना गरीबों की पेंशन बन रही है। महँगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार इतना बढ़ गया है जिसका कोई हिसाब नहीं, सरकार इन मुद्दों पर बात करना ही नहीं चाहती। इस मौके पर मल्का गंज से अशोक, वसीन, रजिंदर पाल, कैलाश प्रधान, छोटेलाल प्रजापति, जुगल सोनकर, देवदत्त, जेपी शर्मा, ललित शर्मा, मिस्टर आर चौधरी, राठी कौर, परवीन भडाना, सुरेंद्र कोच, नरेन्द्र चौधरी, अमित डेडा, प्रीति चंदेला, सन्नी भाई, मुखर्जी नगर से विनोद कुमार, यस कुमार, बलजीत शर्मा, विजय कुमार, सुजीत, रूबी बख्शी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।




फास्ट न्यूज

## घाटी में उमर के बने दीपों से जगमग होगा हिंदुओं का घर

**टीम एक्शन इंडिया/श्रीनगर**
दीपों का त्योहार दीवाली करीब है। इन दिनों श्रीनगर के निशात इलाके के मोहम्मद उमर (27) दीये बनाने भी व्यस्त हैं। परिवार के लोग भी दीयों पर रंग सजाने में मदद कर रहे हैं। उमर का कहना है कि इस बार वह 20 हजार मिट्टी के दीये बनाएंगे। उमर ने बताया कि वो कॉमर्स ग्रेजुएट हैं। नौकरी न मिलने पर 6 साल अधिक समय से पैतृक काम को ही पेशा बना लिया। 2021 में करीब 1200 दीये बनाए थे। 2022 में पहला बड़ा 20,000 दीये बनाने का ऑर्डर आया था। करीब 15 हजार ही दीये बना सके थे। इस बार दीवाली के लिए 20 हजार से अधिक दीये बनाएंगे। उमर का कहना है कि जम्मू के होलसेलर ने 5000 दीयों का ऑर्डर भी दिया है। दीयों की श्रीनगर के अलावा जम्मू और आसपास के इलाकों में मांग है। खुशी होती है कि हमारे बनाए दीये हिंदू भाई अपने त्योहार में इस्तेमाल करते हैं। दीवाली के लिए दीये बनाने से दिल को सुकून मिलता है। गौरतलब है कि उमर का परिवार 40 वर्षों से मिट्टी के बर्तन बनाता आ रहा है।

## बदरीनाथ धाम में बर्फबारी, यमुनोत्री में बारिश से बढ़ी ठंड

**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**
उत्तराखंड के ऊंचाई वाले इलाकों में आज शुक्रवार को मौसम ने फिर करवट बदली। दोपहर बाद बदरीनाथ धाम में बर्फबारी हुई। वहीं, यमुनोत्री धाम सहित आसपास के क्षेत्र में झमाझम बारिश हुई। यमुनोत्री धाम से मनमोहन उनियाल ने बताया कि यमुनोत्री धाम में तीन बजे से चार बजे तक बारिश हुई, जिससे धाम में ठंड बढ़ गई है। वहीं आज चार हजार मीटर से अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी होने से तापमान में गिरावट दर्ज की जाएगी।

# 'बेटियों की सुरक्षा पहली प्राथमिकता'

## बेटियों की सुरक्षा में सेंध लगाने वाले की होगी राव और जैसी दुर्गति: सीएम योगी

**टीम एक्शन इंडिया/बलिया**
**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बेटियों की सुरक्षा डबल इंजन की सरकार की पहली प्राथमिकता है। अगर बेटियों की सुरक्षा में किसी ने सेंध लगाने की कोशिश की तो उसकी दुर्गति रावण और कंस जैसी होगी। सीएम योगी ने कहा कि बेटी के प्रति अपने जवाबदही का निर्वहन करते हुए किस रूप में सरकार कार्य कर रही है मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना इसका बड़ा उदाहरण है। इस योजना के तहत अगले सत्र से हमारी सरकार 25 हजार रूपए देने जा रही है। यह पैसा छह चरणों में बेटियों के अभिभावकों को दिया जाएगा। वहीं मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत हमारी सरकार 51 हजार रुपए दे रही है। सीएम योगी ने शुक्रवार को बांसडीह में विधानसभा क्षेत्र में आयोजित नारी शक्ति वंदन सम्मेलन को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि हमारी



सरकार दीपावली में गैस का एक सिलेंडर फ्री देगी। इससे प्रदेश की माताओं और बहनों को धुएं से मुक्ति मिलेगी और उनकी आंखों की रोशनी बनी रहेगी। सीएम योगी ने कहा कि 2026 में परिसीमन के बाद लोकसभा और विधानसभा चुनावों में देश की महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण दिया जाएगा। विधानसभा और लोकसभा में महिलाओं की संख्या बढ़कर एक तिहाई हो जाएगी। इसके लिए हम सब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आभारी हैं। सीएम योगी ने कहा कि नारी की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन हमारी सरकार का लक्ष्य है। प्रदेश के पुलिस बल में 20 फीसदी महिला कार्मिकों की भर्ती को सरकार ने प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाया है। आने वाले समय में बेसिक शिक्षा परिषद के स्कूलों में भी हम ज्यादातर महिला शिक्षकों को भर्ती करने की कार्रवाई को आगे बढ़ाने जा रहे हैं। उन्होंने कार्यक्रम में

**नारी सम्मान**

**8 नारी की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन हमारी सरकार का लक्ष्य है: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ**

आई महिलाओं को आश्वस्त करते हुए कहा कि आधी आबादी की सुरक्षा और सम्मान पर किसी भी प्रकार की आंच आए बगैर उन्हें आर्थिक स्वावलंबन की ओर अग्रसर करने के लिए डबल इंजन सरकार लगातार कार्य करती रहेगी। सीएम योगी ने कहा कि आज हम सब एक नए भारत का दर्शन कर रहे हैं, जिसमें सुरक्षा, सम्मान और स्वाभिमान है। उन्होंने कहा कि आज हर गरीब को आवास, शौचालय, उज्ज्वला के तहत गैस कनेक्शन और पांच लाख रुपए का स्वास्थ्य बीमा का कवर दिया जा रहा है। सीएम योगी ने कहा कि विकास में अब किसी तरह की बाधा नहीं है। विकास की तमाम परियोजनाएं चलाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि जल मार्ग का सबसे अच्छा माध्यम उत्तर प्रदेश में बलिया जिला बनने जा रहा है क्योंकि यह से एक तरफ से गंगा और दूसरी तरफ से सरयू जी से यह जनपद घिरा हुआ है। स्वाभाविक रूप से इसका लाभ आप सभी को अवश्य प्राप्त होगा। सीएम योगी ने 129 करोड़ रुपये की 35 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास किया। साथ ही विभिन्न विकास परियोजनाओं के महिला लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किया। कार्यक्रम में परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, अल्पसंख्यक कल्याण के राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी, सांसद वीरेन्द्र सिंह, रविन्द्र कुशवाहा, नीरज शेखर, शकलदीप राजभर, विधायक केतकी सिंह, पूर्व मंत्री उपेन्द्र तिवारी समेत भारी संख्या में माताएं और बहनें उपस्थित रहीं।

## दमघोंटू: पंजाब में 300 के पार हुआ एक्यूआई



**टीम एक्शन इंडिया/पटियाला**
**पराली** जलने के मामलों में लगातार वृद्धि के चलते पंजाब का एक्यूआई बेहद खराब श्रेणी में पहुंच गया है। बठिंडा और पटियाला का एक्यूआई 300 के पार हो गया है। डॉक्टर एक्यूआई के इस स्तर को बुजुर्गों व बच्चों और पहले से ही बीमार चल रहे लोगों के लिए खतरनाक बता रहे हैं। सलाह दी जा रही है कि यह लोग इन दिनों ज्यादा बाहर निकलने से बचें, क्योंकि इससे सांस लेने में तकलीफ व आंखों में जलन की समस्या हो सकती है।

**खतरनाक स्तर**

**8 डॉक्टर एक्यूआई के स्तर को बुजुर्गों व बच्चों और पहले से ही बीमार चल रहे लोगों के लिए खतरनाक बता रहे**

गुरुवार को बठिंडा का एक्यूआई 306, पटियाला का 307, वहीं अमृतसर का 156, जालंधर का 221, खन्ना का 260, लुधियाना का 219 और मंडी गोबिंदगढ़ का 299 दर्ज किया गया।

## पदयात्रा: जिहाद से मुक्त उत्तराखंड की मांग

**टीम एक्शन इंडिया/हरिद्वार**
**देवभूमि** उत्तराखंड को जिहाद से मुक्त करने की मांग को लेकर महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी महाराज के शिष्य यति रामस्वरूपानंद महाराज ने प्रदेश के सभी जिलों में रक्तपत्र लिख कर अभियान चलाया। आज सभी रक्त लिखित पत्रों को लेकर पदयात्रा के रूप में हरकी पैड़ी से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के आवास की ओर कूच किया। पदयात्रा आरम्भ करने से पहले सभी सतों ने श्री अखंड परशुराम अखाड़े के अध्यक्ष पंडित अधीर कौशिक के साथ मां गंगा की विधिवत पूजा-अर्चना की। पंडित



अधीर कौशिश ने श्री अखंड परशुराम अखाड़े की ओर से यात्रा को समर्थन दिया और पूर्ण सहयोग का आश्वासन भी दिया। इस दौरान महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी महाराज ने हर की पौड़ी पर उपस्थित संतों और श्रद्धालुओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज जिहाद और जिहादी सम्पूर्ण मानवता का कैंसर बन चुके हैं।

आज इनसे लड़ना पड़ेगा। उन्होंने कि देवभूमि उत्तराखंड सनातन धर्म और संस्कृति की आध्यात्मिक ऊर्जा का सबसे प्रमुख स्थान है।

## कैंसर से जंग जीतीं नवजोत कौर सिद्धू

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
कांग्रेस नेता नवजोत सिद्धू की पत्नी डॉ. नवजोत कौर सिद्धू ने कैंसर को मात दे दी है। उन्होंने खुद इसकी जानकारी ट्वीट कर दी है। डॉ. सिद्धू ने ट्वीट किया- मैं बहुत खुश हूं कि मेरे पीईटी स्कैन के अनुसार मुझे कैंसर मुक्त घोषित कर दिया गया है। इससे मेरे पूरे शरीर का अंग दान संभव हो गया है। मैं सौभाग्यशाली महसूस कर रही हूं कि मैं भी अपने बाल दान कर सकी और। साथ ही लिखा आइए लकड़ी बचाने के लिए विद्युत शवदाह गृह के लिए हां कहें। सच है, लोगों

## आईआईटी बीएचयू परिसर: चारों तरफ बाउंड्री वॉल के विरोध में छात्रों का धरना

**टीम एक्शन इंडिया/वाराणसी**
**आईआईटी** बीएचयू परिसर के चारों तरफ चहारदीवारी खड़ी करने की बात को लेकर छात्रों में आक्रोश बढ़ रहा है। शुक्रवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बीएचयू इकाई के सैकड़ों छात्रों ने परिसर स्थित केन्द्रीय कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन किया। छात्रों ने दो टूक कहा कि किसी भी कीमत पर महामना के बगिया का विभाजन नहीं होने देंगे। नाराज छात्रों ने कुलपति का प्रतीक पुतला फूंक कर आक्रोश जताया।

**विरोध**

**8 छात्रों ने दो टूक कहा कि किसी भी कीमत पर महामना के बगिया का विभाजन नहीं होने देंगे**

चहारदीवारी को लेकर आइसा और अन्य छात्र संगठन भी मुखर हैं। विद्यार्थी परिषद के अभय सिंह ने कहा कि आईआईटी बीएचयू की छात्रा के साथ हुई घटना बेहद शर्मनाक है। ऐसी घटनाएं विश्वविद्यालय के अंदर हों तो प्रशासनिक लापरवाही उजागर होती है। पीड़ित छात्रा को न्याय मिलना चाहिए। अन्य छात्रों ने कहा कि विश्वविद्यालय परिसर में सुरक्षा की अनदेखी के कारण यह घटना हुई है।

परिसर में रात में बाहरी अराजक तत्वों का जमावड़ा रहता है। महामना पं. मदन मोहन मालवीय ने एक ही परिसर से सम्पूर्ण विषयों की शिक्षा की व्यवस्था बनाई थी।

## 'सियासी फायदे के लिए गहलोत कर रहे दौरे'

**टीम एक्शन इंडिया/जयपुर**
**भारतीय** जनता पार्टी के नेता लक्ष्मीकान्त भारद्वाज ने शुक्रवार को आरोप लगाया है कि बीकानेर में एक गैंगरेप पीडिता के आत्महत्या मामले में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के रुख ने एक बार फिर स्पष्ट कर दिया है कि कांग्रेस पार्टी महिलाओं की सुरक्षा की सिर्फ बातें करती है लेकिन महिलाओं को लेकर कांग्रेस नेताओं के मन में कोई सम्मान नहीं है। बीकानेर में गैंगरेप और ब्लैकमेलिंग से परेशान होकर एक युवती ने मौत को गले लगा लिया और उसके बाद गहलोत ने बीकानेर का दौरा किया लेकिन उन्हें इतना भी समय नहीं मिला कि वे पीड़ित परिवार से मिलकर सांत्वना दे देते लेकिन मुख्यमंत्री बीकानेर में अपने नेताओं के नामांकन दाखिल करवाने और जनसभाओं में व्यस्त रहे। पीड़ित परिवार की एक बार भी सुध नहीं ली। इससे इंगित होता है कि मुख्यमंत्री सहित सभी कांग्रेस नेताओं को महिलाओं के प्रति यहीं रवैया रहा है। भारद्वाज ने कहा कि यह पहली बार नहीं है जब सीएम ने इतने गंभीर मसले को हलके में लिया है। इससे पहले भी राज्य में

**चुनावी हलचल**

**8 कांग्रेस महिलाओं की सुरक्षा की सिर्फ बातें करती है और कुछ नहीं: भारद्वाज**

महिला अत्याचार के हजारों मामले सामने आए लेकिन एक बार भी मुख्यमंत्री ने ऐसे मामलों में पीड़ितों की सुध नहीं ली। सीएम गहलोत सिर्फ अपने भाषण में ही महिला सुरक्षा और उनके सम्मान की बात करते हैं लेकिन असल में राजस्थान में सबसे बड़े महिला विरोधी वे ही है। महिला सुरक्षा की बात कहने पर मुख्यमंत्री ने अपने ही मंत्री राजेन्द्र गुढा को पद से बर्खास्त कर दिया था, वहीं पूरे पांच साल उनकी ही विधायक दिव्या मदेरणा अपने आत्मसम्मान के लिए सरकार के विरोध में ही खडी रही। उन्होंने कहा कि भीलवाडा में भी एक नाबालिग को गैंगरेप के बाद जिंदा भट्टी में जला दिया गया और उसके कुछ दिनों बाद ही कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भीलवाडा में जनसभा को संबोधित किया।

